✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 73 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 8 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के कंकड़बाग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में छात्रों से संवाद करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### पटना से बक्सर तक बनने वाली सड़क का नाम बदला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना से बक्सर तक बनने वाले रास्ते को विश्वामित्र पथ नाम दिया है। इसके अलावा अन्य मुख्य सड़कों को गंगा अंबिका पथ और भगवान नारायणी पथ के नाम से जाना जाएगा। सरकार का मकसद तकनीक, पढ़ाई और अपनी संस्कृति को साथ लेकर बिहार को आगे बढ़ाना है। विश्वामित्र पथ बनने से केवल गाड़ियों की रफ्तार ही नहीं बढ़ेगी बल्कि आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

### पटना से 25 टन मखाना ऑस्ट्रेलिया रवाना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मखाना को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में शुक्रवार को बड़ी पहल की गयी। पटना जिले के बिहटा प्रखंड के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित जितवन सप्लाई चैन परिसर से 25 टन मखाना लेकर सात कंटेनर ट्रकों को कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना किया। कृषि मंत्री ने कहा कि देश के कुल मखाना उत्पादन में बिहार की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। जीआई टैग मिलने के बाद बिहार के मखाना को वैश्विक पहचान मिली है।

### कार्य में लापरवाही पर कच्ची-पक्की ओपी अध्यक्ष लाइन हाजिर

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण और कांडों के समयबद्ध निष्पादन में शिथिलता बरतने के आरोप में कच्ची-पक्की ओपी अध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद कुमार को पदमुक्त कर दिया गया है। एसएसपी द्वारा कच्ची-पक्की ओपी के कार्यों एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा के दौरान यह सख्त कार्रवाई की गई है। समीक्षा में पाया गया कि अरविंद कुमार का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं था।

### अंधविश्वास में दो सगे भाइयों की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले में अंधविश्वास के कारण दो किशोर की जान चली गई। कुदरा थाना क्षेत्र के अजगरा गांव के दो भाई धर्मवीर और धर्मराज रात में छत पर सो रहे थे तभी सांप ने दोनों को डस लिया। सर्पदंश के बाद परिवार ने तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय पास के कर्मा गांव में ओझा के पास झाड़-फूंक कराने ले गए। घंटों तक झाड़-फूंक होती रही। जब हालत और बिगड़ने लगी तो दोनों को मोहनिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल जाने के दौरान बड़े भाई धर्मवीर की मौत हो गयी। धर्मराज को सदर अस्पताल से बनारस रेफर किया गया। बनारस जाने के दौरान धर्मराज की भी मौत हो गयी।

### जोगबनी थानाध्यक्ष निलंबित, दो थानेदार लाइन हाजिर

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पूर्णिया प्रक्षेत्र के आईजी विवेकानंद ने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार की अनुशंसा पर तीन थानाध्यक्षों के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में एक थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया जबकि दो को लाइन हाजिर किया गया है। इस कार्रवाई के तहत जोगबनी थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक महादेव कामत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण विभाग एवं नाबार्ड के बीच समझौता

# सूबे के विकास के लिए बेहतर सड़क और पुल अत्यंत महत्वपूर्ण : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सड़क एवं पुल अवसंरचना के विकास हेतु 21 हजार करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल एवं नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी कृष्णन वी. ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में नाबार्ड का काफी सहयोग मिल रहा है। हमें उम्मीद है कि आगे भी इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क एवं पुल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस समझौते से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे और विकास कार्यों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि



बेहतर सड़क और पुल राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत सड़क संपर्क विकसित होने से लोगों का आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। 21 हजार करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण से सड़क एवं पुल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी कृष्णन वी. ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है। बिहार के विकास में जिस भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी, नाबार्ड सहयोग करेगा। उन्होंने राज्य में आधारभूत संरचना के विकास में नाबार्ड की सहभागिता को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'नाबार्ड इन बिहार' पुस्तक का विमोचन किया। समारोह के दौरान पारंपरिक कला एवं शिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए भोजपुर के संजीव सिन्हा को पिड़िया पेंटिंग, गया के रविंद्र नाथ गौड़ को पत्थर कट्टी तथा नालंदा की बावन बूटी कला के लिए सुरेश देव को जीआई प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण विभाग के मंत्री कुमार शैलेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल सहित नाबार्ड एवं राज्य सरकार के कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों से बातचीत के लिए सरकार तैयार : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी उम्मीदवारों का विरोध-प्रदर्शन के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने बातचीत का एक तरीका पहले ही तय कर लिया है। हम बातचीत के लिए तैयार हैं। सरकार हर छात्र की समस्याओं को समझने के लिए उत्सुक है। अब हम छात्रों की बातों को जयपाल सिंह स्टेडियम की सीमाओं से बाहर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य ऐसे ठोस और बड़े सुधार करना है जो छात्रों की उम्मीदों को उनकी जरूरतों के हिसाब से पूरा कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने छात्रों को अपनी बात रखने के लिए सभी जरूरी मंच उपलब्ध करा दिए हैं। राज्य सरकार उनकी हर समस्याओं को समझना चाहती है। सरकार का दरवाजा खुला है। सीएम ने छात्रों को सरकार को सलाह देने को कहा है। यह भी कहा कि सरकार छात्रों की उम्मीदों पर खड़ा उतरना चाहती है। हम छात्रों को आगे ले जाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उनकी जरूरतों के हिसाब से उनकी चिंताओं और उम्मीदों को पूरा करने के लिए सरकार बड़े सुधार करने की दिशा में काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि जेपीएससी-एसएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्र रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार ने उनसे बात करने के लिए मंत्रियों व अधिकारियों की समिति का गठन कर दिया है।

# पोखर में डूबने से मां और चार बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र से दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां एक पोखर में डूबने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला और उसके चार बच्चे शामिल हैं। मृत महिला की पहचान जिले के बभनौली पंचायत निवासी धर्मेन्द्र महतो की पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद अरेराज के अंचलाधिकारी और गोविंदगंज थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन और गोताखोरों की मदद से अब तक चार शवों को बरामद कर लिया है जबकि पांचवें शव की तलाश के लिए रेस्क्यू जारी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा है। घटना के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हो सकता है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि महिला अपने बच्चों के साथ पशुओं के लिए चारा काटने गई थी और उसी दौरान किसी कारणवश सभी पोखर में डूब गए। पुलिस दोनों संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच कर रही है ताकि घटना की वास्तविक वजह सामने आ सके। घटना की सूचना मिलते ही अरेराज के अंचलाधिकारी और गोविंदगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी बरामद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गोविंदगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# भूमि विवाद के निपटारे के लिए सभी प्रमंडलों में पीठासीन पदाधिकारी तैनात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। विभाग ने राज्य के सभी नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों में संचालित भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरणों के लिए नए पीठासीन पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि पटना, मुजफ्फरपुर, सारण, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया, गया और कोशी (सहरसा) प्रमंडल स्थित प्राधिकरणों में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों को पीठासीन पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण और



मुआवजा संबंधी मामलों के निस्तारण में तेजी लाना है। जारी अधिसूचना के अनुसार अली अहमद (सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायधीश) को मुजफ्फरपुर, सम्पूर्णानंद तिवारी (सेवानिवृत अध्यक्ष राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकार) को सारण, देवराज त्रिपाठी (सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायधीश) को दरभंगा, विजय आनंद तिवारी (सेवानिवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश) को भागलपुर, विनोद कुमार तिवारी (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश) को गया, राकेश मालवीय (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश) को मुंगेर, राधे श्याम शुक्ला (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश) को पूर्णिया, हसमुद्दीन अंसारी (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश) को कोसी (सहरसा) और हेमंत कुमार त्रिपाठी (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश) को पटना प्रमंडल के भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण में पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है। मंत्री ने बताया कि सभी पीठासीन पदाधिकारियों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। सभी अधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिलने के सात दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नए पीठासीन पदाधिकारियों को भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े विवादों की सुनवाई, मुआवजा संबंधी दावों का निस्तारण तथा अधिनियम के तहत संदर्भित मामलों में निर्णय लेने का अधिकार होगा। विभाग का मानना है कि इन नियुक्तियों से भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और प्रभावित लोगों को समयबद्ध न्याय मिल सकेगा।

### बिहार में एक हजार खनन सिपाहियों की होगी भर्ती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अवैध खनन और खनिजों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। खान एवं भूतत्व विभाग अपनी अलग सुरक्षा व्यवस्था तैयार करेगा। इसके तहत राज्य में एक हजार खनन सिपाहियों की भर्ती की जाएगी। साथ ही दूसरे राज्यों से बिहार आने वाले खनिज वाहनों में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। खान एवं भूतत्व मंत्री ने बताया कि उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की तर्ज पर खनन सिपाहियों की नियुक्ति की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए जल्द ही संबंधित एजेंसी को प्रस्ताव भेजा जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे अवैध खनन और खनिजों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर सकें। मंत्री ने कहा कि खनन सिपाहियों की तैनाती से छापेमारी और निगरानी की कार्रवाई अधिक प्रभावी होगी।

# सहरसा डीपीओ के चार ठिकानों पर इओयू के छापे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में एक और भ्रष्ट अधिकारी पर कार्रवाई हुई है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सहरसा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) अजीत अमर के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ईओयू ने विशेष निगरानी न्यायालय, मुजफ्फरपुर से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद एक साथ चार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की जा रही है। ईओयू की ओर से जारी जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में अजीत अमर के खिलाफ 62 लाख 20 हजार 550 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि यह उनकी ज्ञात वैध आय से करीब 72.35 प्रतिशत अधिक है। इसी आधार पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तलाशी की कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार सुबह ईओयू की अलग-अलग टीमों ने चार स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया। जांच टीम ने सीवान जिले के रैनी गांव स्थित पैतृक एवं निजी मकान, सहरसा के नया बाजार स्थित किराये के आवास, सहरसा स्थित कार्यालय कक्ष तथा छपरा की गंडक कॉलोनी स्थित सरकारी आवास समेत चार स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। सभी स्थानों पर पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें जांच में जुटी हैं। अजीत अमर करीब छह महीने पहले छपरा से स्थानांतरित होकर सहरसा आए थे। इससे पहले भी वह विवादों में रहे थे। छपरा में तैनाती के दौरान उनके और उनकी पत्नी के बैंक खातों में 32 महीने के भीतर करीब 2.51 करोड़ रुपये के लेन-देन की जानकारी सामने आने के बाद उनकी कार्यशैली पर सवाल उठे थे। उस मामले की जांच भी चर्चा में रही थी। फिलहाल ईओयू की तलाशी कार्रवाई जारी है। ईओयू ने बताया कि तलाशी अभियान अभी जारी है। कार्रवाई पूरी होने के बाद बरामद दस्तावेजों, नकदी, आभूषण और अन्य संपत्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

# बेगूसराय सदर अंचल कार्यालय का प्रभारी नाजिर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सदर अंचल कार्यालय के क्लर्क और प्रभारी नाजिर सोनू कुमार को चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि नीमा चांदपुरा निवासी दौलती देवी की बेटी की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। मुआवजे की राशि जारी करने के लिए सोनू कुमार ने आठ हजार रुपए मांगा था। नहीं देने पर मुआवजा राशि का भुगतान नहीं कर रहा था। काफी गुहार लगाए जाने के बाद भी जब उसने कुछ नहीं सुना तो परेशान होकर दौलती देवी ने निगरानी विभाग में शिकायत की। सत्यापन में मामला सही पाए जाने के बाद शुक्रवार को निगरानी विभाग के डीएसपी श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने सदर अंचल कार्यालय पहुंचकर घेराबंदी कर दिया। पीड़िता दौलती देवी ने ज्यों ही सोनू कुमार के हाथ में चार हजार रुपए दिया कि उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। निगरानी विभाग के डीएसपी श्याम बाबू प्रसाद ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद 30 जुलाई को सत्यापन करके मामला दर्ज किया गया था।




# जदयू को जेन जी से जोड़ना समय की आवश्यकता : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा जनता दल (यू) की ओर से शुक्रवार को पटना स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय के कर्पूरी सभागार में संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार सहित युवा जदयू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना, युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर संगठनात्मक रणनीति तैयार करना रहा। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने युवा कार्यकर्ताओं से कहा कि जदयू को नई पीढ़ी, खासकर जेन जी से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता कॉलेज, विश्वविद्यालय और समाज के बीच जाकर नई पीढ़ी को यह



बताएं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए पिछले दो दशकों में कौन-कौन से ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तक सरकार की उपलब्धियां प्रभावी तरीके से पहुंचनी चाहिए ताकि वे विकास की राजनीति को समझें और पार्टी से जुड़ें। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, नए युवाओं को पार्टी से जोड़ने, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने विभिन्न जिलों में संगठन की स्थिति की समीक्षा करते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भी कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव-गांव और हर युवा तक पहुंचाने का आह्वान किया। युवा जदयू के कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं।

# लंबित कंडिकाओं के त्वरित निष्पादन के लिए वित्त विभाग बनेगा नोडल विभाग

## लोक लेखा समिति की बैठक में अहम फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में लोक लेखा समिति की उच्चस्तरीय बैठक में वित्तीय अनुशासन और जवाबदेह प्रशासन को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया गया। लंबे समय से विभिन्न विभागों में लंबित कंडिकाओं और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट में दर्ज आपत्तियों के शीघ्र निष्पादन के लिए वित्त विभाग को नोडल विभाग बनाने का फैसला किया गया। मुख्य भवन स्थित वाचनालय में आयोजित बैठक में स्पष्ट किया गया कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय और नियमित समीक्षा के माध्यम से लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में शिक्षा, उच्च शिक्षा, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, परिवहन, नगर विकास एवं आवास, ग्रामीण विकास तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित लंबित कंडिकाओं और उपयोगिता प्रमाण-पत्रों पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट में उठाई गई आपत्तियों का समयबद्ध निष्पादन वित्तीय पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सुशासन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लंबित मामलों के कारणों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में तय किया गया कि वित्त विभाग सभी संबंधित विभागों और महालेखाकार कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर विभागवार समीक्षा करेगा तथा प्रभावी कार्ययोजना तैयार करेगा। लोक लेखा समिति की प्रत्येक बैठक से पहले वित्त विभाग संबंधित विभागों और महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करेगा, ताकि लंबित आपत्तियों और कंडिकाओं का परीक्षण कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही निर्णय लिया गया कि बैठक में शामिल सभी नौ विभाग इसी महीने के अंत तक वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय के साथ बैठक कर लंबित मामलों का समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्रों के संबंध में मुख्य सचिव स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकें हो रही हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि इस नई व्यवस्था से वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामलों के समाधान में तेजी आएगी तथा सरकारी धन के उपयोग में जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन और अधिक मजबूत होगा। बैठक में लोक लेखा समिति के सदस्य राणा रणधीर, उमेश सिंह कुशवाहा, मनोज कुमार, रत्नेश कुमार, विजय कुमार खेमका, डॉ. कुमार पुष्पंजय और सर्वेश कुमार, प्रधान महालेखाकार डॉ. संदीप राय, अपर मुख्य सचिव एच. आर. श्रीनिवास, प्रधान सचिव पंकज कुमार, प्रधान सचिव विनय कुमार, राज्य कर विशेष आयुक्त सत्येंद्र कुमार सिन्हा, सचिव सीमा त्रिपाठी, सचिव रचना पाटिल तथा विभिन्न विभागों और सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया खादी मॉल, पटना का भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज खादी मॉल, पटना का भ्रमण किया। इस अवसर पर बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, डॉ. विद्यानंद सिंह तथा पटना के जिलाधिकारी कुन्दन कुमार भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने खादी मॉल में प्रदर्शित बिहार के बुनकरों एवं कारीगरों द्वारा निर्मित खादी वस्त्र, हस्तशिल्प एवं ग्रामोद्योग उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया एवं स्थानीय शिल्पकारों के कार्यों की सराहना करते हुए खादी एवं हस्तकरघा उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार और उपयोग पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी और हस्तकरघा केवल वस्त्र नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आत्मनिर्भरता तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। इनके संवर्धन से स्थानीय बुनकरों, कारीगरों एवं ग्रामीण उद्यमियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा बिहार की पारंपरिक कला एवं शिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, डॉ. विद्यानंद सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस हमें अपने बुनकरों और कारीगरों के अथक परिश्रम एवं योगदान का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड राज्य के खादी एवं हस्तकरघा क्षेत्र को आधुनिक बाजार, डिजिटलीकरण एवं बेहतर विपणन सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पटना एवं मुजफ्फरपुर स्थित खादी मॉल के माध्यम से बुनकरों, कतिनों, कारीगरों तथा ग्रामोद्योग से जुड़े उद्यमियों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध हो रहा है। वहीं पूर्णिया, दरभंगा एवं झंझारपुर में निर्माणाधीन खादी मॉल के प्रारंभ होने के बाद राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बुनकरों, कतिनों एवं शिल्पकारों को भी अपने उत्पादों की बिक्री के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध होगा। इससे उन्हें बेहतर मूल्य, अधिक रोजगार के अवसर तथा आर्थिक सशक्तिकरण प्राप्त होगा। साथ ही बिहार के खादी एवं हस्तकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने खादी मॉल में उपलब्ध विभिन्न उत्पादों की जानकारी प्राप्त की तथा बोर्ड द्वारा संचालित गतिविधियों एवं योजनाओं की भी समीक्षा की।

# एसबीआई दिया ने रेलवे सैलरी पैकेज के अंतर्गत चार करोड़ 20 लाख का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस क्लेम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से रेलवे सैलरी पैकेज के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को कुल 4 करोड़ 20 लाख की क्लेम राशि प्रदान की गई। दिवंगत खाताधारकों के नामांकित सदस्यों में सुनीता देवी, टुन्नी देवी, धनेश्वरी देवी तथा नीलमती देवी को एक-एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त खाताधारक आकाश कुमार को स्थायी आंशिक विकलांगता के अंतर्गत 20 लाख का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस क्लेम प्रदान किया गया। क्लेम राशि का वितरण भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के उप महाप्रबंधक आलोक कुमार तथा पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रेलवे सैलरी पैकेज भारत सरकार के रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने हेतु एसबीआई की एक महत्वपूर्ण एवं भरोसेमंद योजना है। आकस्मिक परिस्थितियों में यह योजना प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान कर कठिन समय में सहायता उपलब्ध कराती है।

# एलआइसी की पहली तिमाही में दमदार प्रदर्शन, 22.81 प्रतिशत बढ़ा मुनाफा

## नए व्यवसाय के मूल्य में 61.32 प्रतिशत की ऐतिहासिक छलांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर देश के जीवन बीमा क्षेत्र में अपनी निर्विवाद अग्रणी स्थिति साबित की है। बढ़ते प्रतिस्पर्धी माहौल के बावजूद निगम ने कर पश्चात लाभ, नए व्यवसाय के मूल्य, प्रीमियम आय, वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य और प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां सहित लगभग सभी प्रमुख वित्तीय संकेतकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। विशेष रूप से नए व्यवसाय के मूल्य में 61.32 प्रतिशत और कर पश्चात लाभ में 22.81 प्रतिशत की वृद्धि ने निगम की विकास रणनीति को नई मजबूती प्रदान की है। एलआईसी के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। इस अवधि में निगम का कर पश्चात लाभ बढ़कर 13,492 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10,986 करोड़ रुपये था। कुल प्रीमियम आय 6.75 प्रतिशत बढ़कर 1,27,250 करोड़ रुपये पहुंच गई। व्यक्तिगत व्यवसाय की प्रीमियम आय 75,416 करोड़ रुपये तथा समूह व्यवसाय की प्रीमियम आय 51,834 करोड़ रुपये रही। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर एलआईसी ने जीवन बीमा उद्योग में 60.10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अपना नेतृत्व कायम रखा। व्यक्तिगत व्यवसाय में उसकी बाजार हिस्सेदारी 38.89 प्रतिशत तथा समूह व्यवसाय में 70.90 प्रतिशत रही। पहली तिमाही में व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत 31,02,281 पॉलिसियों का विक्रय किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.06 प्रतिशत अधिक है। वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य 8.22 प्रतिशत बढ़कर 13,692 करोड़ रुपये हो गया। इसमें व्यक्तिगत व्यवसाय का योगदान 7,532 करोड़ रुपये तथा समूह व्यवसाय का 6,160 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत नॉन-पार उत्पादों का वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य 14.24 प्रतिशत बढ़कर 2,447 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 32.49 प्रतिशत हो गई। नए व्यवसाय का मूल्य 1,944 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,136 करोड़ रुपये हो गया, जो 61.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं शुद्ध नए व्यवसाय का मार्जिन 15.4 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गया, जिसमें 750 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया। सॉल्वेंसी अनुपात भी 2.17 से बढ़कर 2.42 हो गया, जबकि प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 4.10 प्रतिशत बढ़कर 59,39,384 करोड़ रुपये पहुंच गईं। एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद निगम ने व्यक्तिगत और समूह दोनों व्यवसायों में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। उन्होंने कहा कि नए व्यवसाय के मूल्य और मार्जिन में उल्लेखनीय वृद्धि उत्पाद विविधीकरण तथा वितरण रणनीति का परिणाम है। उन्होंने ग्राहकों, वितरकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा ऑफर फॉर सेल के माध्यम से 6.5 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के विनिवेश को बाजार से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने नए और वर्तमान शेयरधारकों का स्वागत करते हुए कहा कि 1 सितंबर, 2026 को एलआईसी अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे करेगी और भविष्य में भी अभिनव उत्पादों तथा ग्राहकोन्मुखी पहलों के माध्यम से देशवासियों का विश्वास मजबूत करती रहेगी।

# बी.डी. कॉलेज में राष्ट्रीय रसायन दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के रसायन विभाग द्वारा राष्ट्रीय रसायन दिवस 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय रसायन शास्त्र के जनक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य पी.सी. राय को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात डॉ. वी.के. वर्मा (पूर्व कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय) एवं डॉ. धरमवीर प्रसाद ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने आचार्य राय के विज्ञान, शिक्षा, उद्यमिता एवं राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान को रेखांकित किया तथा रसायन विज्ञान की भूमिका को वैज्ञानिक नवाचार, सतत विकास और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने वैज्ञानिक शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए आचार्य राय की विरासत को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आचार्य राय न केवल एक महान वैज्ञानिक और दूरदर्शी शिक्षक थे, बल्कि बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स के संस्थापक के रूप में भारतीय उद्योग जगत को भी नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुजन दत्ता एवं विशाल विजय (रसायन विभाग) द्वारा किया गया। अंत में डॉ. रवि रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रसायन शिक्षा एवं अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। यह संकल्प आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के आदर्शों एवं दृष्टि से प्रेरित रहा।

# प्लैटिनम आरएक्स से 10 लाख से ज्यादा मरीजों ने उठाया फायदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बेंगलुरु की कंपनी प्लैटिनम आरएक्स भरोसेमंद ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं देकर भारतीय घरों का दवाओं का खर्च कम कर रही है। अब तक इस प्लेटफॉर्म से देशभर के दस लाख से ज्यादा मरीजों ने फायदा उठाया है और परिवारों के दवाओं के खर्च में 137 करोड़ रुपए की बचत हुई है। पटना के पियूष ने बड़ी और भरोसेमंद दवा कंपनियों से सीधे जुड़कर, बीच के लोगों को हटाकर और हर दवा के लिए सिर्फ एक भरोसेमंद विकल्प देने की सोच के साथ प्लैटिनमआरएक्स की शुरुआत की। पियूष कहते हैं हमारी शुरुआत एक सीधी सोच से हुई थी कि अच्छी दवा कोई ऐशो-आराम की चीज नहीं होनी चाहिए। तीन साल में प्लैटिनमआरएक्स करीब दस लाख परिवारों तक पहुंच गया है।

# बिहार टॉक अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह में कई हस्तियां सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** इवेंटजिक मीडिया ग्रुप की ओर से होटल मौर्य में 'बिहार टॉक सीजन-6 : अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 25 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, अति विशिष्ट के रूप में बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, जनता दल (यू) के प्रदेश महासचिव मनीष वर्मा, परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य, बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया, इवेंटजिक मीडिया ग्रुप के प्रबंध निदेशक चंदन राज, जदयू के महासचिव रंजीत झा, समाजसेवी किशोर तथा डॉ. कुमार राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार की धरती महापुरुषों की भूमि रही है और यहां के युवा बेहद प्रतिभाशाली हैं। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार सरकार रोजगार सृजन और पर्यटन विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने बिहार टॉक को युवाओं की प्रतिभा को सम्मानित करने और उन्हें प्रेरित करने का सशक्त मंच बताते हुए सम्मानित सभी प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दीं।

# चार नए अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय तैयार, 17 अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं: मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के चार नए अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में इसी शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। जमुई, नालंदा, कैमूर और मुजफ्फरपुर में विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इन विद्यालयों में 17 अगस्त से शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ कर दी जाएगी। यह जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री मो. जमा खान ने शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित विभागीय प्रेस वार्ता में दी। मंत्री ने बताया कि विभाग ने राज्य के प्रत्येक जिले में एक अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में दरभंगा, किशनगंज, पूर्णिया, मधुबनी, गया, जमुई, नालंदा, कैमूर, कटिहार, बेगूसराय, पश्चिम चंपारण (बेतिया), सुपौल, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, पटना, सहरसा, मुंगेर, सीवान, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), भागलपुर, अररिया, गोपालगंज, रोहतास एवं बक्सर सहित 24 जिलों में विद्यालय निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें दरभंगा और किशनगंज में स्थित विद्यालय पहले से संचालित हैं, जबकि जमुई, नालंदा, कैमूर और मुजफ्फरपुर में निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 17 अगस्त से पढ़ाई शुरू की जाएगी। जमुई और कैमूर में प्रारंभिक चरण में क्रमशः नालंदा एवं कैमूर कैंपस के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियां संचालित होंगी।

# होटल प्रबंधन संस्थान हाजीपुर में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हाजीपुर के सहयोग से विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी हाजीपुर की बी.के. रूबी एवं होटल प्रबंधन संस्थान के प्राचार्य पुलक मंडल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न प्रकारों तथा इसके सेवन से होने वाले नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक विकास, शिक्षा, पारिवारिक जीवन और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करती है। कार्यक्रम में ऑडियो-वीडियो माध्यम से नशे के विभिन्न रूपों और इसके दुष्परिणामों से संबंधित जागरूकता सामग्री प्रस्तुत की गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान और उससे बचाव के उपायों को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक ने 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वर्ष 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह एवं अन्य उपस्थित गणमान्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा रेल सप्ताह समारोह पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव सहित मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के कल्चर टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहा गया। आज के इस समारोह में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा वर्ष 2026 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 95 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य 56 दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया।

# विद्यार्थियों को जीवन में कठिन परिश्रम, अनुशासन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए किया प्रेरित : प्रो. रत्ना अमृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** ए.एन. कॉलेज, पटना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय रसायन दिवस का ला आयोजन किया गया जिसमें रसायन विज्ञान विभाग सहित महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 186 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष प्रो. तृप्ति गंगवार ने राष्ट्रीय रसायन दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को जीवन में कठिन परिश्रम, अनुशासन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों से प्रयोगशाला में नियमित रूप से कार्य करने तथा अपनी प्रयोगशाला को सदैव स्वच्छ, सुव्यवस्थित और कार्यशील बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर आईआईटी पटना के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्नेहाशीष दास चक्रवर्ती ने आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने बहुमूल्य विचार साझा किए तथा उनमें वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवोन्मेषी सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उनका व्याख्यान छात्र-छात्राओं को जीवित रहने के लिए रसायन विज्ञान कैसे करते हैं विषय पर आधारित था। राष्ट्रीय रसायन दिवस के अंतर्गत मॉडल प्रस्तुति, पोस्टर प्रस्तुति और टेक टॉक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# ज्ञान भवन में इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का शुभारंभ, देश-विदेश के उत्पादों से सजा व्यापार मेला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी के ज्ञान भवन में इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का भव्य शुभारंभ हुआ। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स और सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 17 अप्रैल तक चलेगा। मेले में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ कई देशों के कारोबारी और प्रदर्शक अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में थाईलैंड, मलेशिया, दुबई, अफगानिस्तान, ईरान और तुर्की सहित विभिन्न देशों की भागीदारी है। वहीं महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और गुजरात समेत कई राज्यों के प्रदर्शक भी अपने उत्पाद लेकर पहुंचे हैं।

# आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में 'नेशनल केमिस्ट्री डे' के अवसर पर रसायनशास्त्र विभाग के आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती, जो आधुनिक रसायनशास्त्र के जनक माने जाते हैं, को श्रद्धांजलि देकर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 श्यामा राय ने की। मुख्य अतिथि प्रो0 प्रमिला शर्मा थी। रसायनशास्त्र की विभागाध्यक्ष डा0 प्रीति ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र र की जीवनी एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए हमारे जीवन में रसायनशास्त्र की भूमिका से अवगत कराया। मुख्य वक्ता प्रो0 प्रमिला ने भी आचार्य प्रफुल्ल के रसायन विज्ञान के क्षेत्र में योगदानों पर प्रकाश डाला। प्रफुल्ल चन्द्र राय ने 'बंगाल केमिकल्स' की नींव डाली जो स्वदेशी उद्योग के रूप में मील का पत्थर साबित हुआ। डा0 बिधु बाला, कुलानुशासक एवं भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा0 तथागत अवतार तुलसी ने भी अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम को प्राचार्या प्रो0 (डा0) श्यामा राय ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए रसायनशास्त्र की विशेषता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन अर्थशास्त्र विभाग की डा0 अनिता श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# आईजी विकास वैभव के समर्थन में उतरे विधिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता व जदयू नेता

## बोले-निष्पक्ष जांच से ही सामने आएगी सच्चाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आईजी विकास वैभव पर लगाए जा रहे आरोपों तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार हत्याकांड की जांच को लेकर डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, बंदी अधिकार आंदोलन के संतोष उपाध्याय तथा जदयू के वरिष्ठ नेता एवं चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने अलग-अलग बयान जारी कर निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बल दिया है। तीनों ने कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी अधिकारी या व्यक्ति के बारे में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा आईजी विकास वैभव पर लगाए गए आरोपों में कोई तथ्यात्मक आधार दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि रोहतास-कैमूर एवं झारखंड सीमा क्षेत्र में उग्रवाद पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विकास वैभव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने निष्पक्षता, कड़ी मेहनत और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से कानून-व्यवस्था को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या के बाद विकास वैभव के निर्देश पर तत्काल विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। किसी अधिकारी की त्वरित कार्रवाई पर बिना पर्याप्त आधार के सवाल उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। उन्होंने 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान की भी सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से लाखों लोग



जुड़े हैं और यह अभियान शिक्षा, युवा विकास तथा बिहार के गौरवशाली इतिहास को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का कार्य कर रहा है। वहीं बंदी अधिकार आंदोलन के संतोष उपाध्याय ने कहा कि विमल कुमार हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा जांच अभी जारी है। उन्होंने कहा कि अंतिम निष्कर्ष चार्जशीट और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही सामने आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा यदि हत्या के पीछे कोई साजिश है तो उसका भी पर्दाफाश किया जाना चाहिए। दोषी चाहे कोई भी हो, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इधर जदयू के वरिष्ठ नेता एवं शाहाबाद क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि आईजी विकास वैभव कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और प्रभावी नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है तथा 'गार्गी पाठशाला' के माध्यम से राज्य के 19 जिलों में 37 निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। डॉ. कुशवाहा ने गया स्थित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई और विभिन्न थानों में आयोजित 'लोक संवाद गोष्ठी' की सराहना करते हुए कहा कि इससे पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास एवं संवाद मजबूत हो रहा है। उन्होंने रोहतास में पुलिस अधीक्षक के रूप में विकास वैभव के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने, रोहतास किला पर तिरंगा फहराने, सोन महोत्सव के आयोजन तथा भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व के उदाहरण हैं। तीनों वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि विमल कुमार हत्याकांड सहित सभी मामलों की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। जांच पूरी होने से पहले किसी भी व्यक्ति या अधिकारी के बारे में पूर्वाग्रहपूर्ण निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। न्यायिक प्रक्रिया और जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से अपना कार्य करने दिया जाना चाहिए।

## वर्षा कम होने से धान की खेती करने में किसानों को हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिले में वर्षा कम होने के कारण धान की खेती करने में किसानों को परेशानी हो रही है। जिले के कुर्था, करपी और बंसी प्रखंड में किसानों को रोपे गए धान के फसल सुख रहे हैं। सोन नहर और सेनाने नहर में पर्याप्त पानी नहीं रहने के कारण किसानों को पटवन करने के लिए सिंचाई के अन्य साधन का उपयोग करना पड़ रहा है। जिले के अनेक प्रखंडों में भू जलस्तर नीचे चले जाने के कारण बोरिंग पंप सेट से पानी कम निकल रही है जिसके कारण भी धान के पटवन करने में किसानों को दिक्कत हो रही है। सरकारी नलकूप भी अनेक खराब पड़े हैं।

# सर्पदंश से दो सगे भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के अजगरा गांव में विषैला सर्प काटने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। सर्प काटने के बाद परिजन इलाज के लिए समय पर अस्पताल में ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ गए। मृतक अजगरा गांव निवासी सत्येंद्र बैठा के 15 वर्षीय पुत्र धर्मवीर कुमार तथा 12 वर्षीय पुत्र धर्मराज कुमार बताया जाता है। दोनों बेटों मरने के बाद सत्येंद्र के घर का चिराग बुझ गया। युवकों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि गुरुवार की रात दोनों भाई खाना खाने के बाद घर की छत पर बिस्तर लगाकर सो गए। देर रात किसी समय एक विषैले सर्प ने दोनों को डस लिया। सुबह नींद खुलने पर दोनों बच्चों ने अपनी मां को बताया कि रात में उन्हें सांप ने काट लिया है यह सुनते ही घर-परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ गए जब दोनों बच्चों की स्थिति अधिक बिगड़ने लगी तो घर वाले उन्हें लेकर मोहनियां अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिए जबकि दूसरे को सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिए। भभुआ से वाराणसी ले जाने के दौरान दूसरे भाई ने भी दम तोड़ दिया। परिवार के दो बेटों की एक ही दिन मौत होने से घर में मातम का माहौल है।

# मानी पंचायत के स्कूली बच्चों ने लिया पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार पृथ्वी दिवस नौ अगस्त के उपलक्ष्य में रोहतास जिले की मानी ग्राम पंचायत में मानी जैव विविधता प्रबंधन समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान पंचायत के लगभग दस सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में एक साथ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ रखने का सामूहिक संकल्प लिया। जैव विविधता बाल क्लब मानी के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ अफरीदी ने बताया कि समिति अध्यक्ष मृत्युंजय मानी की पहल पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से गांव-गांव में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने याद दिलाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2011 में बिहार पृथ्वी दिवस की शुरुआत की थी और तब से हर वर्ष नौ अगस्त को राज्यभर में कार्यक्रम होते हैं। मंगलवार तक चलने वाले इस अभियान में पौधारोपण, स्वच्छता रैली, निबंध-चित्रकला प्रतियोगिता, जल संरक्षण पर चर्चा और कचरा प्रबंधन जैसी गतिविधियां होंगी। उच्च माध्यमिक विद्यालय मानी, मध्य विद्यालय मानी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमन डिहरा, प्राथमिक विद्यालय सोनी मठिया, लक्ष्मणपुर के विद्यालय, स्वामी विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, ओसियन पब्लिक स्कूल, केशोडीह, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक अली हुसैन अंसारी, विकास कुमार, अवधेश कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, नंदकुमार, अभय कुमार, राजीव कुमार, हरेराम कुमार, सुनील कुमार, अजीत कुमार, रवि सिंह, शर्मा राम वेंकटेश कुमार ने भाग लिया। शिक्षकों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज सबसे बड़ी चुनौती है और बचपन से संवेदनशीलता विकसित कर ही धरती को बचाया जा सकता है, इसलिए यह संकल्प गांव के भविष्य के लिए ठोस कदम है।

# भारत छोड़ो आंदोलन ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत छोड़ो आंदोलन के शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का सबसे निर्णायक और ऐतिहासिक अध्याय था जिसने अंग्रेजी शासन की जड़ों को हिला दिया और देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि भारत की सामूहिक चेतना, त्याग और अदम्य साहस का प्रतीक था। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान से 'करो या मरो' का ऐतिहासिक आह्वान किया था। इसी के साथ भारत छोड़ो आंदोलन का शुभारंभ हुआ जिसे इतिहास में 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन के दौरान पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध अभूतपूर्व जनआंदोलन खड़ा हुआ और स्वतंत्रता की निर्णायक नींव रखी गई। उन्होंने कहा कि इस व्यापक जनजागरण ने



औपनिवेशिक शासन की वैधता को गंभीर चुनौती दी और यह स्पष्ट कर दिया कि भारत पर अंग्रेजों का शासन अब अधिक समय तक कायम नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू सहित अनेक शीर्ष नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। ऐसे कठिन समय में अरुणा आसफ अली, राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन का नेतृत्व संभालते हुए अदम्य साहस और संगठन क्षमता का परिचय दिया।

# धान की फसल को कीटों से सुरक्षित रखें किसान : डॉ. आदित्य पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** धान बिहार की प्रमुख खाद्यान्न फसल होने के साथ राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य के लगभग सभी जिलों में इसकी खेती की जाती है। वहीं रोहतास जिले में धान की अधिक पैदावार होने के कारण इसे 'धान का कटोरा' भी कहा जाता है। धान की फसल को विभिन्न कीटों के प्रकोप से काफी नुकसान होता है। समय पर कीटों की पहचान और नियंत्रण नहीं होने पर उपज में 20 से 40 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के कीट विज्ञान विभाग के सहायक प्राचार्य डॉ. आदित्य पटेल ने धान में लगने वाले प्रमुख कीटों की पहचान एवं उनके प्रबंधन के संबंध में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी है। डॉ. पटेल के अनुसार धान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कीटों में तना छेदक शामिल है। यह कीट



धान के तने में सुरंग बनाकर उसे अंदर से खोखला कर देता है। फसल की प्रारंभिक अवस्था में इसके प्रकोप से 'डेड हार्ट' तथा दाना बनने के समय 'व्हाइट हेड' की समस्या दिखाई देती है। इसी तरह पत्ती लपेटक की सुंडियां धान की पत्तियों को लपेटकर अंदर से खाती हैं। इससे पत्तियां सूखने लगती हैं और प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि रस चूसने वाले कीटों में गंधी कीट, भूरा तना फुदका एवं गंधक फुदका प्रमुख हैं। भूरा तना फुदका पौधों के तनों से रस चूसकर उन्हें कमजोर कर देता है। अधिक प्रकोप होने पर पूरा खेत झुलसा हुआ दिखाई दे सकता है। वहीं गंधी कीट धान में दूधिया दाने बनने के समय प्रकोप करता है। यह दानों का रस चूसता है जिससे दाने अधपके और सफेद हो सकते हैं तथा खेत से दुर्गंध भी आने लगती है। डॉ. पटेल ने बताया कि इन कीटों से बचाव के लिए समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) पद्धति अपनाना सबसे प्रभावी उपाय है। किसानों को समय पर धान की बुआई करने और कीट-प्रतिरोधी किस्मों का चयन करने की सलाह दी गई है। उचित दूरी पर रोपाई करने से खेत में हवा का आवागमन बेहतर रहता है और कीटों के प्रकोप को कम करने में मदद मिलती है। खेत में खरपतवार नहीं पनपने देना चाहिए।

# डिहरी की बेटी डॉ. रीना सिंह ने स्टेम सेल शोध में रचा इतिहास

## मधुमेह व जन्मजात हृदय रोग के इलाज की जगी नई उम्मीद

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के स्थानीय जेएलएन कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर सिंह की पुत्री डॉ. रीना सिंह ने स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके शोध ने टाइप-1 डायबिटीज और नवजात शिशुओं में होने वाले जन्मजात हृदय रोगों के उपचार की दिशा में नई उम्मीद जगाई है। डॉ. रीना सिंह की प्रारंभिक शिक्षा डिहरी के सरस्वती विद्या मंदिर एवं मॉडल स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने बीएचयू, वाराणसी से रसायन विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स) तथा मद्रास कामराज विश्वविद्यालय से बायोटेक्नोलॉजी में एमएससी की डिग्री प्राप्त की। अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर उन्हें जर्मनी के प्रतिष्ठित हनोवर मेडिकल स्कूल के मल्टीमॉड्यूलर



मेडिसिन एमडी-पीएचडी कार्यक्रम में बेसिक स्तर पर चौथी रैंक प्राप्त हुई। वहां उन्होंने डेवलपमेंटल बायोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल करते हुए हृदय के विकास और जन्मजात विकृतियों पर शोध किया तथा इस विषय पर तीन महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रकाशित किए। पीएचडी पूरी करने के बाद डॉ. रीना ने जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में पोस्टडॉक्टोरल शोध किया तथा सिडनी विश्वविद्यालय में लेक्चरर के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। टाइप-1 डायबिटीज पर उनके उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार ने उन्हें 'राइजिंग स्टार' और 'फ्यूचर लीडर' सम्मान से सम्मानित किया। वर्तमान में वह बेंगलुरु स्थित जैव प्रौद्योगिकी विभाग में रीडर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. रीना सिंह का कहना है कि यदि स्टेम सेल तकनीक के माध्यम से मधुमेह का स्थायी इलाज संभव हो जाता है तो दुनिया भर के लाखों मरीजों को नया जीवन मिल सकेगा। उन्होंने कहा इस मिट्टी ने मुझे गढ़ा है और इसका कर्ज मुझ पर है। अपने देश और समाज के लिए काम करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि उनके पति डालमियानगर के सिखोली निवासी डॉ. शशिकांत सिंह सिडनी यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र, शोधकर्ता एवं हेल्थ पॉलिसी विशेषज्ञ हैं। वह वर्तमान में डिहरी ऑन सोन में एक रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थान स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

## संत रविदास सामाजिक न्याय और समरसता की सबसे बड़ी प्रेरणा : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर बिहारवासियों और देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत रविदास की वाणी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का अमर संदेश है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपने विचारों और आचरण से प्रेम, करुणा, सामाजिक न्याय, श्रम की गरिमा और मानव-मानव की एकता का ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया, जो आज भी समाज को नई दिशा देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संत रविदास का जीवन इस बात का प्रमाण है कि महानता जन्म या सामाजिक स्थिति से नहीं, बल्कि पवित्र विचार, श्रेष्ठ कर्म और मानव सेवा से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास की प्रसिद्ध वाणी 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आंतरिक शुचिता और निर्मल मन के महत्व को रेखांकित करती है जबकि 'ऐसा चाहूं राज में, जहां मिलै सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसै, रविदास रहै प्रसन्न' समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की कल्पना प्रस्तुत करता है।

# तिलौथू के कुमार उत्सव का सर्वोच्च न्यायालय में चयन, न्यायमूर्ति ए. एस. चंदूरकर के लॉ क्लर्क बने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड के लिए गर्व का क्षण है। तिलौथू निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक देवनाथ चौरसिया के पुत्र कुमार उत्सव का चयन भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति ए. एस. चंदूरकर के लॉ क्लर्क-सह-रिसर्च असिस्टेंट के रूप में हुआ है। इस चयन के साथ अब वे सर्वोच्च न्यायालय में सीधे न्यायाधीश के साथ न्यायिक एवं विधिक शोध कार्यों में अपनी सेवाएं देंगे। कुमार उत्सव इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग के न्यायिक अनुभाग में कानूनी शोधकर्ता के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कानून, संवैधानिक कानून एवं अन्य महत्वपूर्ण कानूनी मामलों में शोध एवं विश्लेषण से जुड़ी



महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे रोहतास जिले के लिए गौरव का विषय है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे जिले के पहले ऐसे विधि स्नातक हैं जिन्हें सीधे सर्वोच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय में केवल 38 न्यायाधीश कार्यरत हैं तथा प्रत्येक वर्ष देशभर से लगभग 200 प्रतिभाशाली विधि स्नातकों का चयन लॉ क्लर्क-सह-रिसर्च असिस्टेंट के रूप में किया जाता है। यह चयन अत्यंत प्रतिस्पर्धी और प्रतिष्ठित माना जाता है। कुमार उत्सव की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने इसे रोहतास के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है और विश्वास जताया है कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी को न्यायिक सेवा एवं विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एफ-एमएफजी-एएमसी-182 एमएमएडब्ल्यू, दिनांक 06.08.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्युफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला: मुंगेर (बिहार), पिन-811214 निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा संख्या: एफ-एमएफजी-एएमसी-182 एमएमएडब्ल्यू** के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** खुली निविदा के जरिये 03 वर्षों के लिए 182 अदद एमएमएडब्ल्यू रेक्टिफायर वेल्डिंग मशीनों (आईजीबीटी आधारित) का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य का स्थान:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 67,65,434। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,35,300। **पूरा करने की अवधि:** तीन वर्ष। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 04.09.2026 को अपराह्न 4.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तारीख और समय:** 08.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण और सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in** तथा **www.er.indianrailways.gov.in** और किसी भी कार्यदिवस को उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्युफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर का कार्यालय। बोलीदाता अपनी बोलियाँ केवल बंद होने की तारीख और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और ऐसा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव मिलने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान के तरीकों जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान की अनुमति नहीं है।

(MISC-136/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## उप विकास आयुक्त ने व्यापक जन जागरूकता एवं शत-प्रतिशत ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पीयूष की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड कम्युनिटी मोबिलाइजरों को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर कार्यरत सभी ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर अपने आवासों पर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्र अधिष्ठापित कर अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने। साथ ही सभी एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को भी योजना से जोड़ते हुए उनके आवासों पर सोलर संयंत्र की स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा अन्य सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभुकों के ऋण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए बैंकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करें तथा लाभुकों को हर संभव सहयोग प्रदान करें। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर प्रतिदिन प्रधानमंत्री सूर्यघर पोर्टल पर अधिकाधिक ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करेंगे तथा प्रत्येक आवेदन का विवरण उसी दिन निर्धारित गूगल शीट में अद्यतन करेंगे।

# तिलोखर पैक्स मतदाता सूची में सुधार और वंचित किसानों के नाम जोड़ने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत तिलोखर ग्राम पंचायत की पैक्स मतदाता सूची में व्यापक त्रुटियों का आरोप लगाते हुए किसान प्रतिनिधि राम गोविन्दधर दूबे ने बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव को आवेदन भेजकर मतदाता सूची में सुधार कराने और पात्र किसानों के नाम जोड़ने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि वर्तमान पैक्स मतदाता सूची में कई प्रकार की अनियमितताएं हैं। इनमें एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज होना, मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहना, पंचायत से असंबंधित लोगों के नाम शामिल होना, दो अलग-अलग पंचायतों में एक ही व्यक्ति का नाम होना, वर्षों पहले गांव छोड़कर अन्य प्रदेश में स्थायी रूप से बस चुके लोगों के नाम सूची में होना, नाबालिगों का नाम दर्ज होना तथा एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम शामिल होने जैसी शिकायतें शामिल हैं। राम गोविन्दधर दूबे ने कहा कि यदि मतदाता सूची ही त्रुटिपूर्ण होगी तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि सूची की गहन जांच कर सभी त्रुटियों को दूर किया जाए तथा पात्र एवं वंचित किसानों के नाम जोड़कर उन्हें सहकारिता व्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आवेदन के माध्यम से उन्होंने सहकारिता विभाग से तिलोखर पंचायत की पैक्स मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने और योग्य किसानों को मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बन सकेगी।

# बकस बाबा मंदिर में पुख्ता इंतजाम में जुटे कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट नगर पंचायत स्थित प्रसिद्ध गोडारी बकस बाबा मंदिर में नाग पंचमी को लेकर पूजा समिति पूरी तरह सक्रिय हो गई है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नाग पंचमी के अवसर पर लगने वाले मेले में हर वर्ष आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु बाबा के दर्शन और नाग देवता की पूजा के लिए पहुंचते हैं जिससे यहां भारी भीड़ जुटती है। भीड़ को देखते हुए समिति ने बैठक कर पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और स्वयंसेवकों की तैनाती सहित सभी नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में अतिरिक्त पानी के टैंकर लगाए जाएंगे और विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को पीने के पानी की दिक्कत न हो। मंदिर और मेला क्षेत्र में रात में भी दर्शन व खरीदारी सुचारू रहे इसके लिए अतिरिक्त लाइटें लगाए जाने की व्यवस्था पर विचार किया गया।

# नारायण मेडिकल कॉलेज में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम

## विशेषज्ञों ने मां के दूध को बताया शिशुओं के लिए सर्वोत्तम आहार, स्तनपान के महत्व पर दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार, सासाराम के शिशु रोग विभाग के तत्वावधान में विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने नवजात शिशुओं के लिए केवल मां का दूध पिलाने के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मणिकांत कुमार, प्रो. डॉ. ओपी सिंह एवं डॉ. मोनिका सिंह ने स्तनपान के महत्व पर अपने विचार रखे। इस



वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम 'जो काम कर रहा है, उसे मजबूत करें' रखी गई है। वक्ताओं ने इसी विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्तनपान बच्चों के जीवित रहने की दर और उनके स्वस्थ एवं टिकाऊ विकास को बेहतर बनाने वाला प्रभावी और किफायती सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय है। उन्होंने विशेष रूप से केवल स्तनपान, माताओं को उचित परामर्श तथा कार्यस्थल पर मातृत्व सुरक्षा जैसे उपायों को व्यापक स्तर पर लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। चिकित्सकों ने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। इससे शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ मां के स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। नवजात शिशु के शुरुआती विकास और स्वस्थ जीवन की नींव रखने में स्तनपान का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की और स्तनपान के महत्व से संबंधित जागरूकता गतिविधियों में हिस्सा लिया। एमबीबीएस स्नातक सत्र 2023-24 के छात्र-छात्राओं अखौरी आर्यन सिंह, हर्षराज, दीपक कुमारी, शांभवी, अभिरुचि मिश्रा, सलोनी आर्यन, मनीषा, संतोष सिंह, आनंद राज एवं रितिका रंजन सहित अन्य विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं आम लोगों के बीच स्तनपान के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाना और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं विकास के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/10 दिनांक- 07.08.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**
**BCECE (LE)–2026 [BLE (Para Medical) / BLE (Pharmacy) Degree Course]**
**के परीक्षाफल के आधार पर Offline Counselling कार्यक्रम सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/05 दिनांक- 24.06.2026 के क्रम में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)[बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]-2026 के अंतर्गत बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Para Medical]-2026 एवं बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.) [Pharmacy]-2026 में सम्मिलित पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई)[Para Medical]-2026 एवं बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Pharmacy]-2026 की प्रथम Offline कॉउन्सेलिंग दिनांक **10.08.2026** को पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस.संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के नजदीक, पटना-14 में आयोजित की जायेगी।

2. **पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम से सम्बन्धित विस्तृत विवरणी विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/09 दिनांक- 07.08.2026 के माध्यम से पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।** उक्त विज्ञापन में उल्लेखित कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर Rank Card एवं वांछित मूल प्रमाण पत्र / अभिलेखों के साथ पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के नजदीक, पटना-14 में निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उन्हें इस कॉउन्सेलिंग के लिए अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं उनके किसी भी दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3. किसी भी विवाद में परीक्षा नियंत्रक, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

परीक्षा नियंत्रक

# जनसुनवाई में आमजनों की समस्याओं का समाधान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना रोह, ग्राम बड़ैल के आनंद कुमार आर्य द्वारा पुल निर्माण, थाना पकरीबरावां, ग्राम मोहन बिगहा के सुरेंद्र चौधरी द्वारा नल-जल योजना, थाना नवादा सदर, ग्राम नवीन नगर के शशि भूषण द्वारा अतिक्रमण तथा थाना कौआकोल, ग्राम दरवां की गुड़िया कुमारी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# 'विश्व स्तनपान सप्ताह' के तहत रजौली में जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रजौली प्रखंड मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को "विश्व स्तनपान सप्ताह" का आयोजन किया गया। यह अभियान 01 अगस्त से 07 अगस्त 2026 तक चला। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने की। इस मौके पर डॉ. श्याम नंदन प्रसाद, निवेदिता नंदिनी, मैनेजर विकास कुमार एवं परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में जागरूकता रैली, बैठक और गृह भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**स्तनपान से बच्चे और मां दोनों को लाभ :-** स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जन्म के 1 घंटे के भीतर नवजात को मां का पहला गाढ़ा पीला दूध कोलोस्ट्रम पिलाना जरूरी है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। 6 महीने तक सिर्फ मां का दूध और 6 महीने बाद ऊपरी आहार के साथ 2 साल तक स्तनपान कराने की सलाह दी गई। बैठक में बताया गया कि स्तनपान से बच्चे को कुपोषण, डायरिया, निमोनिया जैसी बीमारियों से बचाव होता है। वहीं मां को स्तन और गर्भाशय के कैंसर, एनीमिया का खतरा कम होता है और डिलीवरी के बाद होने वाले रक्तस्राव में भी कमी आती है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि सभी माताएं अपने नवजात शिशुओं को 6 महीने तक केवल स्तनपान कराएं और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें।

**आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष गतिविधियां :-** अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर माता-बैठक, समूह चर्चा और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर माताओं को सही तरीके से स्तनपान कराने की जानकारी दे रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के ललन कुमार, मिथुन राम, जीएनएम नेहा, नविता, नूतन व संजू शिला समेत एएनएम छात्राएं समेत आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## एक नजर

### झंडोत्तोलन की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

**कौआकोल।** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम के समय-सारिणी, समारोह के सफल आयोजन, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि राष्ट्रीय पर्व गरिमापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक में अंचलाधिकारी चंदन चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजित कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी असलम हुसैन, एसआई अजय कुमार, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन साधना सिंह, ब्रह्मदेव रविदास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी

**नारदीगंज, नवादा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों के लिए नारदीगंज प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में 14 जुलाई से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एमओ शैलेश कुमार ने बताया कि अब तक लगभग 3,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से प्राथमिक जांच के बाद 65 पात्र लाभुकों के नए राशन कार्ड स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया विभागीय सर्वर धीमा होने के कारण ऑनलाइन एंट्री में देरी हो रही है, जिसे जल्द ठीक करने का प्रयास जारी है। एमओ ने कहा स्वीकृत होने के बाद परिवार के सभी सदस्यों को जन वितरण प्रणाली की पोस मशीन से इकेवाईसी कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन पूरा होने के बाद ही अंतिम रूप से राशन कार्ड जारी होगा और खाद्यान्न का उठाव हो सकेगा।

### सावन महोत्सव में सैकड़ों महिलाओं ने की सहभागिता



**नवादा।** आर्य समाज मंदिर परिसर में पतंजलि योग परिवार की ओर से आयोजित सावन महोत्सव एवं निःशुल्क योग शिविर में उत्साह और उमंग का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक गुब्बारों और सावन की थीम के अनुरूप सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्सवमय बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े संदेशों के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रतिभागियों ने फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। तालियों की गूंज और संगीत की धुनों के बीच पूरा सभागार उत्साह से सराबोर रहा। आयोजकों ने बताया कि सावन महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे दैनिक जीवन की व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर आनंद और उत्साह के साथ एक-दूसरे से जुड़ सकें। योग शिक्षिका रिंकी बरनवाल ने महिलाओं को नियमित योग अपनाने की अपील करते हुए कहा कि योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और सामाजिक सहभागिता भी मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं योग आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। पूरे आयोजन का माहौल सावन के उल्लास, संगीत और उत्साह से सराबोर रहा।

# पौधारोपण में इंटर विद्यालय रजौली के छात्रों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को रजौली प्रखंड अंतर्गत इंटर विद्यालय रजौली परिसर में "मां के नाम एक पौधा" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त किया। वृक्षारोपण विद्यालय परिसर और खेल मैदान में किया गया। इस दौरान महोगनी, आंवला, सागवान, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के करीब दर्जनों पौधे लगाए गए। प्रभारी प्रधानाध्यापक आशुतोष प्रधान के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी अपनी माताओं के नाम पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे सिर्फ ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण का आधार भी हैं। शिक्षकों ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# बापू इंटर विद्यालय के छात्रावास में छात्रों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** बापू इंटर विद्यालय, पाण्डेयगंगौट से सम्बद्ध नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास में वर्ग प्रथम से लेकर दसवीं तक के छात्रों के बीच स्कूल ड्रेस, जूता, मौजा, चप्पल, तौलिया सहित अन्य आवश्यक उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह छात्रावास के संचालक अजय कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार छात्रावास में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रहन-सहन की सुविधाएं भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे उन्हें पढ़ाई के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय एवं छात्रावास की सुविधाओं का सदुपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सामग्री प्राप्त कर छात्रों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने सरकार एवं विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, छात्रावास कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बूथ लेवल अधिकारियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा की अध्यक्षता में सभी बूथ लेवल अधिकारियों यानी बीएलओ की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी निर्वाचन कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चार मुख्य एजेंडों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया और सभी को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत में सबसे पहले सभी मतदान केंद्रों पर अक्षांश और देशांतर का दोबारा से अपडेशन करने का निर्देश दिया गया ताकि बूथों की लोकेशन को लेकर किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही दूसरे एजेंडे के रूप में यह निर्देश दिया गया कि बीएलओ अपने संबंधित मतदान केंद्र और विधानसभा क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी यदि किसी मतदाता की दोहरी प्रविष्टि यानी डबल एंट्री पाई जाती है, तो उसका त्वरित सत्यापन करते हुए उसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। तीसरे एजेंडे के तहत 1950 नंबर पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों यानी सिटीजन कॉल का तुरंत रिड्रेसल सुनिश्चित करने और बीएलओ द्वारा कॉल बुक किए जाने के उद्देश्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा चौथे और अंतिम एजेंडे के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा नाम हटाने के संबंध में अब तक जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन सभी आवेदनों का समय पर और निष्पक्ष निष्पादन करने की बात कही गई। इस बैठक में हालांकि किसी भी पर्यवेक्षक की उपस्थिति नहीं थी, लेकिन सभी बीएलओ ने इसमें भाग लिया और व्यवस्था को संभालने के लिए गुलाम सरवर तथा मो. जावेद जैसे प्रमुख कर्मी भी वहां मौजूद रहे।



# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही सरकारः श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** नगर निगम के वार्ड संख्या 50 स्थित मांझी टोला, कोसुक में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया। उद्घाटन के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की रही है। उनके नेतृत्व में बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मंत्री ने बताया कि राज्यभर में 203 ग्रामीण हाटों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जीविका दीदियों और महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के विपणन, भंडारण और बिक्री के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे महिलाओं की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, रजनीश कुमार, संजय प्रसाद कुशवाहा, मुन्ना मांझी, उजाला देवी, जीतन चैहान, शिवचरण कुशवाहा, रंजीत सिंह, मुन्ना पासवान, गुलशन कुशवाहा, रामजन्म रविदास, बिट्टू कुशवाहा, सोनू रविदास, सरयुग रविदास, संजय राम, प्रमोद यादव, महेंद्र प्रसाद, मंटू कुशवाहा, दिनेश साव, इंदू चैहान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चुनाव के जरिए बच्चों ने सीखा नेतृत्व और मतदान का महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** कागजी मोहल्ला स्थित सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाउस कैप्टन एवं क्लास कैप्टन चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव में कक्षा दो से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय का माहौल किसी वास्तविक चुनाव जैसा नजर आया। चुनाव प्रक्रिया के तहत 27 से 30 जुलाई तक नामांकन हुआ, जिसमें करीब 60 विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों के लिए दावेदारी पेश की। इसके बाद प्रत्याशियों ने अपने-अपने हाउस और कक्षाओं में प्रचार अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने अनुशासन, स्वच्छता, नेतृत्व, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने का वादा करते हुए साथियों से समर्थन मांगा। शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराया गया। मतदान के बाद विद्यार्थियों की उंगलियों पर अमिट स्याही लगाई गई, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के लगभग 95 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद कक्षा दो से मो. अरीब, कक्षा तीन से मो. फरहान अमजद, कक्षा चार से मरिया इमाम, कक्षा पांच से मयंक राज, कक्षा छह से पुष्पराज कुमार चैधरी, कक्षा सात से मो. आरिश रेजा, कक्षा आठ से अंजरुल्लाह, कक्षा नौ से शेजा जबीन तथा कक्षा दस से रजनीश कुमार क्लास कैप्टन निर्वाचित हुए। वहीं हाउस कैप्टन के रूप में रेड हाउस से अभिनव कुमार सिन्हा, ब्लू हाउस से रेहान खान, ग्रीन हाउस से रितिक राज तथा येलो हाउस से अल्फिया फातमा विजयी रहीं। अल्फिया फातमा ने 37 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। विद्यालय के निदेशक खालिद आलम भुट्टो ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में लोकतंत्र, मताधिकार, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। प्राचार्या रूबीना निशात ने विजयी एवं प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।

### आठ दिन बाद सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**राजगीर।** तीन सूत्री मांगों को लेकर पूरे बिहार में 30 जुलाई से चल रही निकाय कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आठ दिनों बाद समाप्त हो गई। राज्य सरकार और निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद समझौता बनने पर राजगीर नगर परिषद के सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों ने भी हड़ताल समाप्त कर अपने-अपने कार्य पर वापसी कर ली।जानकारी के अनुसार, बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा तथा विभाग के प्रधान सचिव के साथ निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों की वार्ता हुई। वार्ता में कर्मचारियों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी। सरकार द्वारा एक माह के भीतर मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिए जाने के बाद हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया।राजगीर नगर परिषद में हड़ताल समाप्ति की घोषणा बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, शाखा नगर परिषद राजगीर के अध्यक्ष बादल कुमार की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने सरकार की सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए सभी कर्मचारियों से तत्काल अपने-अपने कार्य पर लौटने की अपील की। इस अवसर पर जनशक्ति श्रमिक संघ के अध्यक्ष उमेश भगत, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुवेन्द्र राजवंशी तथा उपसभापति प्रतिनिधि श्यामदेव राजवंशी को कर्मचारियों ने बधाई दी।हड़ताल समाप्त होने के बाद जैकी राम, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटकर काम शुरू कर दिया।

### पेपरलेस जमीन निबंधन के तीसरे दिन हुआ एक बंधक निबंधन

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार द्वारा लागू की गई पेपरलेस जमीन निबंधन व्यवस्था के तीसरे दिन गुरुवार को जिला निबंधन कार्यालय में पहली सफलता मिली। जिला अवर निबंधक अजय कुमार झा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत एक व्यक्ति ने जमीन का बंधक निबंधन कराया। उन्होंने कहा कि पेपरलेस प्रणाली की शुरुआत हो चुकी है, हालांकि नई व्यवस्था को लेकर लोग अभी असमंजस की स्थिति में हैं। जल्द ही लोग प्रक्रिया को समझेंगे और निबंधन कार्य रफ्तार पकड़ लेगा।हालांकि शुक्रवार को भी जिला निबंधन कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। पेपरलेस व्यवस्था लागू होने से पहले प्रतिदिन 70 से अधिक जमीनों का निबंधन होता था, लेकिन नई प्रक्रिया के कारण फिलहाल निबंधन कार्य काफी धीमा हो गया है। इसका असर सरकारी राजस्व पर भी पड़ रहा है।गौरतलब है कि बिहारशरीफ सहित राज्य के 40 निबंधन कार्यालयों में 3 अगस्त से जमीन निबंधन की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस कर दी गई है।।जिला अवर निबंधक अजय कुमार झा ने बताया कि नई प्रक्रिया को लेकर किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए लोग जिला निबंधन कार्यालय के हेल्प डेस्क या कार्यालय के किसी भी कर्मी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से नई व्यवस्था को समझकर इसका लाभ उठाने की अपील की।

# माई भारत पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण बढ़ाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को माई भारत पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन, युवाओं के व्यापक पंजीकरण और अंतरविभागीय समन्वय को लेकर समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि माई भारत पोर्टल युवाओं को स्वयंसेवा, कौशल विकास, नेतृत्व विकास और राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने 15 से 20 वर्ष आयु वर्ग के अधिकाधिक युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में विशेष नामांकन अभियान चलाने तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को विद्यार्थियों को पंजीकरण के लिए प्रेरित करने को कहा गया। बैठक में प्रत्येक शिक्षण संस्थान में नोडल अधिकारी और कैंपस एम्बेसडर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्यूआर कोड आधारित पंजीकरण अभियान चलाने, शिक्षण संस्थानों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान संचालित करने तथा सभी राजस्व ग्रामों में युवा क्लबों को सक्रिय करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने घोषणा की कि 15 अगस्त के अवसर पर माई भारत पोर्टल पर सर्वाधिक पंजीकरण कराने वाले महाविद्यालयों को संख्या और प्रतिशत, दोनों आधारों पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# डर के साये में पढ़ाई करने को मजबूर मदनचक गांव के बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** ताजनीपुर पंचायत के मदनचक गांव के बच्चे इन दिनों डर के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में ऐसी स्थिति बनी हुई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस कारण अभिभावकों और ग्रामीणों में लगातार चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस गंभीर मामले को लेकर जिलाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि शिकायत दिए जाने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल या सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल एक टीम भेजकर मौके का निरीक्षण कराया जाए और संभावित खतरे को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया और कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### दो माह बाद बरामद हुईं अपहृत दो नाबालिग लड़कियां, दो आरोपित गिरफ्तार

इस्लामपुर। खुदागंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीब दो माह पूर्व अपहृत दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मामले में नामजद दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलौत ने बताया कि खुदागंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 2 जून को अपनी पुत्री एवं भतीजी के बहला-फुसलाकर अपहरण किए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में केवाली गांव निवासी भागीरथ मांझी के पुत्र सोहराय मांझी तथा उदय रविदास के पुत्र सोना लाल को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पटना के दानापुर रेलवे स्टेशन के समीप छापेमारी कर दोनों अपहृत नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया। मौके से दोनों नामजद आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद दोनों नाबालिगों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में हिलसा भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक सोच और नवाचार का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के रसायन विज्ञान विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवसदृ2026 उत्साह और शैक्षणिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय रसायन विज्ञान के जनक आचार्य सर प्रफुल्ल चन्द्र राय के वैज्ञानिक योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस वर्ष का विषय आणविक रूपरेखारू रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता खोजें रहा, जिसमें आधुनिक विज्ञान और समाज पर नोबेल पुरस्कार प्राप्त खोजों के प्रभाव पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने विद्यार्थियों से प्रतियोगिताओं और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के उद्देश्य बताए। मुख्य वक्ता किसान कॉलेज, सोहसराय के डॉ. पीयूष पन्नी ने सर प्रफुल्ल चन्द्र राय के जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों और उद्यमशीलता पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. आर.पी. कछवे ने राष्ट्र निर्माण और सतत विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर सेमिनार, पोस्टर, मॉडल प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

# महिला की मौत के बाद पूजा सेवा सदन अस्पताल सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर।** घनी बिगहा गांव की सुमन देवी की ऑपरेशन के दौरान कथित चिकित्सीय लापरवाही से मौत के मामले में प्रशासन ने इसलामपुर नगर के राजगीर रोड स्थित निजी अस्पताल पूजा सेवा सदन एवं प्रसव केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित जांच समिति ने 5 अगस्त को एसडीओ, एसडीपीओ और सिविल सर्जन के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया, लेकिन अस्पताल बंद मिला और कोई अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। सिविल सर्जन ने जांच में स्पष्ट किया कि अस्पताल के संचालन के लिए उनके कार्यालय से कोई वैध लाइसेंस या पंजीकरण जारी नहीं किया गया है। इसके बाद जनहित, निष्पक्ष जांच और साक्ष्यों के संरक्षण को देखते हुए अस्पताल को सील करने का निर्णय लिया गया। एसडीओ ने बीडीओ कुमार विशाल और थाना प्रभारी रणविजय कुमार को संयुक्त रूप से सीलिंग की कार्रवाई कर पंचनामा तैयार करने, दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी सुनिश्चित करने, सभी प्रवेश-निकास द्वारों पर सील व नोटिस चस्पा करने तथा पूरी प्रक्रिया की फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग कराने का निर्देश दिया। कार्रवाई के बाद विस्तृत प्रतिवेदन अनुमंडल कार्यालय को सौंपा जाएगा। प्रशासन ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गया टाउन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिहार शिक्षा परियोजना के तहत मड़नपुर स्थित चंद्रशेखर उच्च विद्यालय के नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक एवं सुविधायुक्त विद्यालय भवनों का निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि अशोक उच्च विद्यालय, खरखुरा, नव स्थापित उच्च विद्यालय, शहमीरतकया मध्य विद्यालय तथा उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय, गोदावरी के भवन निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी विद्यालयों में जी+4 मॉडल के आधुनिक भवन बनाए जा रहे हैं जिनके निर्माण पर लगभग 40-40 लाख रुपये की लागत व्यय की जा रही है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद हजारों छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अपने विधायी मद एवं मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत भी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में हरांचल उच्च विद्यालय, नूतन नगर में 14 लाख 95 हजार रुपये की लागत से भवन निर्माण योजना स्वीकृत की गई है। इसके अलावा मां बागेश्वरी मंदिर के निकट स्थित मध्य विद्यालय, लोको में दो अतिरिक्त कमरों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि उच्च विद्यालय, गोदावरी तथा नव स्थापित उच्च विद्यालय, धनिया बगीचा की चहारदीवारी निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है। वहीं बनवाली बाबा कन्या उच्च विद्यालय के शेष निर्माण कार्य एवं उच्च विद्यालय, चांद चौरा की चहारदीवारी निर्माण की स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि गया टाउन विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण मिल सके। इस अवसर पर लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रेम सागर, राजनंदन गांधी, वीरेंद्र राउत, विनोद पासवान, छोटू प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, राज कुमार, ऋषभ राज, शिवा मांझी, छोटू गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मगध विश्वविद्यालय में नवनियुक्त 204 सहायक प्राध्यापकों के दस्तावेजों का सत्यापन, कुलपति ने किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** बिहार सरकार द्वारा राज्य के 211 नवस्थापित डिग्री कॉलेजों के लिए चयनित सहायक प्राध्यापकों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को मगध विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 17 डिग्री कॉलेजों में पदस्थापित होने वाले कुल 204 नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों के शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। मगध विश्वविद्यालय के गणित विभाग स्थित रामानुजन सभागार में आयोजित इस सत्यापन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे हुआ जो संध्या 6:00 बजे तक चला। पूरे दिन विश्वविद्यालय प्रशासन की देखरेख में चयनित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों का विधिवत सत्यापन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने इंडक्शन कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार होता है। उन्होंने सभी नवचयनित शिक्षकों से अपने दायित्वों का ईमानदारी, समर्पण और अनुशासन के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही शिक्षक का सर्वोच्च दायित्व है और विश्वविद्यालय प्रशासन इस दिशा में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने अपने संबोधन में सभी चयनित सहायक प्राध्यापकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की गरिमा और शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने सभी से विश्वविद्यालय की नियमावली एवं शैक्षणिक परंपराओं का पालन करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी ने कहा कि नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था स्थापित करने में नवचयनित शिक्षकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति अपनाने की अपील की। वहीं छात्र कल्याण अध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पी.के. चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच सकारात्मक संवाद ही उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का आधार है।

# प्रतियोगिता परीक्षाओं का सेंटर जिला मुख्यालय में आयोजित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले विधार्थियों ने सरकार से अपने जिला मुख्यालय में ही परीक्षा आयोजित करने की मांग सरकार से किया है। विधार्थियों ने बताया कि परीक्षाओं का सेंटर सैकड़ों किलोमीटर दूर दूसरे जिला मुख्यालय में बना दिया जाता है। इससे विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों, बसों एवं होटलों में अप्रत्याशित भीड़ हो जाती है जिससे आम यात्रियों सहित विधार्थियों को काफी परेशानी होती है। ससमय नहीं पहुंच पाने के कारण कई परीक्षार्थियों का वर्षों की मेहनत बेकार चला जाता है। गरीब परीक्षार्थियों को पैसे के अभाव में परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचना नामुमकिन हो जाता है। काफी दूरी के कारण परीक्षार्थी अकेले नहीं जा पाते हैं और बेवजह आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। परीक्षा केन्द्रों को दूर रखने या अन्तर जिला या अन्तर प्रदेश रखने का औचित्य क्या रहा जब प्रश्न पत्र लीक ही हो जाता है। अतः सरकार से निवेदन है कि प्रतियोगिता परीक्षाओं का सेंटर परीक्षार्थियों के जिला मुख्यालय में ही बनाया जाए।

# प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में ए.एम. कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में राज्यव्यापी संयुक्त आंदोलन के आह्वान के तहत अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी चरणबद्ध आंदोलन में भाग लेंगे। महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा उच्च शिक्षा की गरिमा के प्रतिकूल है। इसी के विरोध में राज्यव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत 5 अगस्त से 8 अगस्त 2026 तक सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराएंगे। इसके उपरांत 10 अगस्त 2026 को महाविद्यालय में सामूहिक अवकाश रहेगा तथा विश्वविद्यालय मुख्यालय पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भाग लेंगे। वहीं 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से 2:00 बजे तक महाविद्यालय परिसर में विरोध सभा, नारेबाजी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सरकार से प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 को तत्काल वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता तथा लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में चल रहे राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के अंतर्गत अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय, गया के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने आज काला बिल्ला लगाकर अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। इसके उपरांत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन (प्रशासनिक ब्लॉक) के समक्ष एकत्र हुए तथा प्रस्तावित विश्वविद्यालय विधेयक के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपना शांतिपूर्ण प्रतिरोध दर्ज कराया।

# आशीर्वाद चना सत्तू प्लेन और जीरा वैरिएंट्स में लांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पारंपरिक सैंड-रोस्टिंग विधि और उच्च गुणवत्ता वाले चने से तैयार, आशीर्वाद चना सत्तू को आईटीसी के ब्रांड आशीर्वाद ने पूर्वी भारत के उपभोक्ताओं के लिए प्लेन और जीरा वैरिएंट्स में लांच किया है। पूर्वी भारत के गयाजी जैसे क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से सेवन किया जाने वाला सत्तू लंबे समय से एक ऐसे पौष्टिक आहार के रूप में जाना जाता है जो स्वाद, तृप्ति और पोषण का संतुलित मेल प्रदान करता है। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन में स्टेपल्स और एडजसेंसीज के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अनुज रुस्तगी ने कहा कि आज जब उपभोक्ता स्वस्थ जीवनशैली का समर्थन करने वाले खाद्य विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं, ऐसे में प्राकृतिक रूप से प्रोटीन और डाइटरी फाइबर से भरपूर होने के कारण सत्तू की प्रासंगिकता एक बार फिर बढ़ रही है। साथ ही इसमें आयरन, जिंक और मैग्नीशियम जैसे आवश्यक खनिज भी पाए जाते हैं जो इसे परिवारों के लिए रोजमर्रा के पोषण का एक सरल और भरोसेमंद विकल्प बनाते हैं। यह उत्पाद 47 ग्राम, 200 ग्राम, 250 ग्राम और 500 ग्राम के पैक में जनरल ट्रेड के माध्यम से उपलब्ध है।

# अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में बीएड सत्र 2026-28 के छात्र-छात्राओं का इंडक्शन मीट आयोजित

## शिक्षकों ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं को दी शुभकामनाएं, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के बीएड विभाग में सत्र 2026-28 के छात्र-छात्राओं के परिचय एवं स्वागत के लिए शुक्रवार को सत्र इंडक्शन मीट का आयोजन बीएड विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला एवं अन्य शिक्षकों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद नवागंतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि विद्यार्थियों का नामांकन अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का पद अत्यंत सम्मानित होता है। विद्यार्थियों को यहां मन लगाकर अध्ययन कर एक कुशल शिक्षक बनने और राष्ट्र की सेवा करने का प्रयास करना चाहिए। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला ने कहा कि योग्य अध्यापकों वाला देश ही उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता है। व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है और यह निर्माण गुरु के मार्गदर्शन के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ. उमाशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षक होना साधारण बात नहीं, बल्कि एक पावन दायित्व है। गुरु सच्चा सारथी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य उनके हाथों में है और उनके रुकने से ज्ञान की गति भी रुक सकती है।

पाली विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार ने विद्यार्थियों को बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात करने और शिक्षक के रूप में उनके मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। वहीं मनोविज्ञान विभाग के डॉ. मोहन सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कर्मठता और लगन के साथ अध्ययन कर कुशल शिक्षक बनने की शुभकामनाएं दीं।

# भूमि विवाद में गाली-गलौज और मारपीट, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम शीतलगढ़ में खेत में रोपनी को लेकर हुए भूमि विवाद में मारपीट और गाली-गलौज का मामला शुक्रवार को सामने आया। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने आंती थाना में लिखित आवेदन देकर 8 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाने में दिए आवेदन में शीतलगढ़ निवासी रूबी कुमारी पति सुजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम वह घर पर थीं। इसी दौरान आरोपी अचानक पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद शुक्रवार सुबह खेत में रोपा गया धान भी उखाड़कर फेंक दिया गया। रूबी कुमारी ने सुशील कुमार ग्राम बसंतपुर, लूटन कुमार, कारू यादव, मिथलेश कुमार निवासी डिहुरी थाना गोह तथा हृदय यादव, सोनमतिया देवी, शारदा कुमारी और सुमन कुमारी निवासी शीतलगढ़ थाना आंती को आरोपी बनाया है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच के बाद दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस विवाद को लेकर एक दिन पूर्व दूसरे पक्ष की सोनमतिया देवी ने भी थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। पुलिस दोनों आवेदनों की जांच कर रही है।

# मगध विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन संपन्न

## ख्यातिप्राप्त कवियों संग विद्यार्थियों ने भी बिखेरे काव्य रंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग एवं राष्ट्रीय कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शिक्षा विभाग स्थित राधाकृष्णन सभागार में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने की। सह-संरक्षक कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम तथा संयोजक राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभाकर कुमार राय उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सुश्री चांदनी एवं समूह ने 'वन्दे मातरम' तथा कुलगीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, पौधा एवं स्मृति-चिह्न से हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद कुमार सिंह ने स्वागत-वक्तव्य दिया। प्रतियोगिता से चयनित पांच विद्यार्थियों– उर्दू विभाग के नौशाद, हिन्दी विभाग की सुमित्रा कुमारी रजक एवं रीमा कुमारी, अंग्रेजी विभाग की शिप्रा कुमारी तथा शिक्षा विभाग (बी.एड.) के अंकुश राज ने मौलिक रचनाओं का पाठ किया। हिन्दी विभाग के शिक्षकों डॉ. अम्बे कुमारी एवं डॉ. अनुज कुमार तरुण ने काव्य पाठ किया। कुलसचिव प्रो. मंगलम ने मां पर आधारित निजी जीवन की मार्मिक कविता प्रस्तुत की। सावन पर आधारित मगही कविता का गायन भी किया। आमंत्रित कवियों में हाजीपुर की वर्षा ठाकुर ने समकालीन विसंगतियों पर चोट की- 'हरे बाग भी इक दिन बंजर हो सकते हैं/ कलयुग में मातम भी मंजर हो सकते हैं'। गयाजी के कुमार आर्यन ने पढ़ा-'तान छेड़ी है मुखालिफ जुल्म के/ राग दरबारी कभी गाया नहीं'। हरिद्वार के दिव्यांश दुष्यंत ने वीर रस एवं जीवन-दर्शन की रचनाएं सुनाईं-' 'बुढ़ापा खरीदने खातिर जवानी मत बेच देना'। समस्तीपुर की शेफालिका झा ने विविध विधाओं की रचनाएं प्रस्तुत कीं– 'आज पुनः इस रस्ते से गुजरी तो पड़ी नजर/ वही पुराना एकमंजिला छोटा सा इक घर'। उत्तर प्रदेश के शिव कुमार व्यास ने आह्वान किया 'वीर बलिदानियों की जुबानी लिखो/ विकसित भारत की अनुपम कहानी लिखो'। दिल्ली के रसिक गुप्ता की पंक्तियों 'जन्म भारत में मिले, हम कवि बनें हर बार ही' पर सभागार तालियों से गूंज उठा।

# गया में स्किल का नया हब शुरू, इन्फ्राटेक स्किल वर्स का शुभारंभ, बॉलीवुड सितारों ने बढ़ाया उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** शहर में युवाओं के बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई और महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है। व्हाइट हाउस, मिर्जा गालिब कॉलेज के पीछे स्थित एस.एन. बिल्डिंग में इन्फ्राटेक स्किल वर्स प्राइवेट लिमिटेड का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेता प्रेम संथालिया और 'जूनियर शाहरुख खान' ने संयुक्त रूप से फीता काटकर संस्थान का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में संस्थान के सीईओ मोहम्मद फजल रहमान, तसवीन सर, पल्लव सर, शाने अली खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने संस्थान का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी ली। बॉलीवुड अभिनेता प्रेम संथालिया ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री नहीं, बल्कि तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण ही युवाओं को बेहतर रोजगार दिला सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि गया और आसपास के युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार साबित होगा। वहीं 'जूनियर शाहरुख खान' ने कहा कि सही प्रशिक्षण और उचित मार्गदर्शन मिलने पर युवा अपने हुनर के दम पर देश और विदेश में बेहतर पहचान बना सकते हैं। उन्होंने संस्थान की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल थ्योरी तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, इंडस्ट्री एक्सपोजर, इंटरव्यू प्रिपरेशन, करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट असिस्टेंस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कक्षाएं तथा जरूरतमंद छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा भी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के कौशल विकास, सुरक्षित कार्य संस्कृति और रोजगार के बढ़ते अवसरों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित अतिथियों ने इस संस्थान को गया के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण और उपयोगी पहल बताते हुए इसकी सफलता की कामना की।

# गुरुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन माह से मरीजों को नहीं मिल रहा भोजन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को पिछले तीन माह से भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने बताया कि मरीजों को भोजन उपलब्ध कराने वाली संबंधित एनजीओ द्वारा गैस की उपलब्धता नहीं होने के कारण भोजन वितरण बंद है।


**शपथ पत्र**

मैं मनोज कुमार सिंह पिता स्व. राम जीवन सिंह, उम्र-47 वर्ष ग्राम-समहुता पोस्ट-अमौना, थाना-कछवां, जिला-रोहतास (बिहार) का निवासी हूं एवं शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरा पुत्र का नाम आधार कार्ड में गलती दर्ज हो गई है।
मेरा पुत्र का सही नाम जन्म प्रमाण पत्र में एवं अन्य विद्यालय के दस्तावेजों में मयंक कुमार पिता श्री मनोज कुमार सिंह दर्ज है।
मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में जिसका आधार संख्या-9072 9814 5796 में मैन कुमार दर्ज है जो कि गलत है।
मेरे पुत्र का सही नाम मयंक कुमार आधार में सुधार करना है। उपरोक्त बातें मेरे जानकारी वो विश्वास में सही वो सत्य है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 1639 दिनांक 07.8.26

शपथकर्ता
मनोज कुमार सिंह



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 03/2026-27/RWD/GARHWA    दिनांक – 06.08.2026

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/01/2025-26 (2nd Call) | एन0एच0–343 ओबरा से जरगढ़ तक पथ निर्माण कार्य। (6.75 कि0मी0) | 777.606 | सात करोड़ सतहत्तर लाख साठ हजार छः सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.08.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.08.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 386865 Rural Work Department(26-27).D



**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

पत्रांक ................../    **आम सूचना**    दिनांक ...................

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के समस्त नागरिकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों, दुकानदारों तथा अन्य सभी कचरा उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुसार स्रोत पर ही कचरे का चार श्रेणियों में पृथक्करण अनिवार्य है। इस हेतु नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा डोर–टू–डोर (घर–घर) ठोस अपशिष्ट संग्रहण प्रणाली में अब कचरे का उठाव केवल स्रोत पर 04 श्रेणियों में पृथक्कृत (अलग–अलग) रुप में किया जाएगा।

सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने घर एवं प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में रखकर ही नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों को सौंपें:–

1. गीला अपशिष्ट (Wet Waste) – हरा डस्टबिन (Green bin) विवरणः रसोई का कचरा, फल, सब्जियों के अवशेष, बचा हुआ भोजन, फूल–पत्ते तथा अन्य सड़नशील पदार्थ।
2. सूखा अपशिष्ट (Dry Waste) – नीला डस्टबिन (Blue bin) विवरण : कागज, गत्ता, प्लास्टिक, धातु, काँच, कपड़ा, पैकेजिंग सामग्री एवं अन्य पुनः चक्रण योग्य सामग्री।
3. सैनैटरी अपशिष्ट (Sanitary Waste) – लाल डस्टबिन (Red bin) विवरण : सैनैटरी पैड, डायपर, काटन, बैण्डेज, टिश्यू, मास्क, दस्ताने एवं अन्य स्वच्छता संबंधी अपशिष्ट।
4. विशेष देखभाल अपशिष्ट (Special Care Waste) – काला/ग्रे डस्टबिन (Black/Grey bin) विवरण : एक्सपायरी दवाई, बैटरी, बल्ब, ट्यूबलाइट, ई–वेस्ट, पेंट के डिब्बे, कीटनाशक के कन्टेनर, टूटा काँच तथा अन्य घरेलू खतरनाक अपशिष्ट।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 386886 District(26-27)#D


# चुनाव के बाद फिर विवादों में चेरकी पैक्स, 35.96 लाख के धान गबन मामले में अध्यक्ष-प्रबंधक पर एफआईआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** कई वर्षों तक डिफाल्टर रहने के कारण बंद पड़े चेरकी पैक्स में चुनाव के बाद धान खरीद का कार्य दोबारा शुरू हुआ था, लेकिन अब यह फिर गंभीर विवादों में घिर गया है। सरकारी धान के कथित गबन के मामले में पैक्स अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार यादव एवं प्रबंधक के विरुद्ध शेरघाटी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। करीब 35.96 लाख रुपये मूल्य के 150.219 मीट्रिक टन धान के समतुल्य सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) जमा नहीं करने के आरोप में शेरघाटी थाना कांड संख्या 375/26 दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया के निर्देश पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी तुषार अनल चन्द्र द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर की गई है। आवेदन के अनुसार विपणन वर्ष 2025-26 में चेरकी पैक्स ने 362.188 मीट्रिक टन धान की खरीद की थी। इसमें से 211.969 मीट्रिक टन धान के समतुल्य सीएमआर बिहार राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को जमा कराया गया जबकि शेष 150.219 मीट्रिक टन का सीएमआर अब तक जमा नहीं कराया गया। विभागीय जांच के दौरान सरकारी गोदाम बंद पाया गया तथा पैक्स अध्यक्ष से संपर्क भी नहीं हो सका। विभाग का आरोप है कि कई बार नोटिस और पत्र भेजे जाने के बावजूद न तो सीएमआर जमा कराया गया।

# श्रावणी मेले का बीडीओ व सीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार एवं अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मेले में लगे ब्रेक डांस, विभिन्न झूलों और अन्य मनोरंजन उपकरणों की फिटनेस व सुरक्षा मानकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेला समिति के अध्यक्ष एवं आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना सुरक्षा मानकों के किसी भी झूले या मनोरंजन उपकरण का संचालन नहीं किया जाए।

संपादकीय

## हार की जांच पर भी सवाल

दतिया उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी की करारी हार के बाद पार्टी एक्शन मोड में है। लेकिन इस हार की जांच की जिम्मेदारी जिन लोगों को सौंपी गई है, उस पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रदेश में लगातार दूसरा उपचुनाव हारने के बाद भाजपा में चिंता की लहर है। इसके पूर्व नवंबर 2024 में पार्टी विजयपुर उपचुनाव हारी थी, लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 29 सीटें जीतने के कुछ समय बाद ही हुआ था और पार्टी प्रत्याशी और कांग्रेस से भाजपा में आए रामनिवास रावत कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से साढ़े 7 हजार वोटों से हार गए थे। अब पार्टी दतिया भी हार गई है तो संगठन से सख्त कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसके तहत जिला कार्यकारिणी समेत दतिया के सभी मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रकल्प और विभागों की इकाइयों को भंग कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने ये एक्शन हार की समीक्षा के लिए बनाई गई विशेष समिति की रिपोर्ट पर लिया है।

चुनाव के दौरान वायरल सोशल मीडिया पोस्ट और पत्रों की भी समीक्षा की जाएगी। ऐसे पोस्ट-लेटर साझा करने वालों की लिस्ट बनाकर उनके राजनीतिक संबंध जांचे जाएंगे। इससे पहले चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए मंगलवार को सीएम हाउस में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बताया जाता है कि इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, चुनाव प्रभारी भारत सिंह कुशवाह, सह प्रभारी राहुल कोठारी, पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा आदि नेता मौजूद थे। गौरतलब है कि भाजपा ने उपचुनाव के लिए पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को टिकट दिया था। जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने तीखे विरोध प्रदर्शन किए। कई कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किए गए थे। इसके बाद नरोत्तम मिश्रा को खुद सामने आकर समर्थकों से तिवारी का समर्थन करने की अपील करनी पड़ी थी। दतिया में नरोत्तम मिश्रा को टिकट न दिए जाने से नाराज भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर शरण कुशवाह समेत कई पार्टी पदाधिकारियों ने इस्तीफे दे दिए थे। इस पर संगठन ने कहा था कि कोई भी इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन अब उपचुनाव हारने के बाद जिले की पूरी टीम को हटा दिया गया है। शक की सुई नरोत्तम मिश्रा एंड कंपनी पर ही घूम रही है। हालांकि पार्टी की हार के कई कारण हैं। उपचुनाव में गलत प्रत्याशी चयन के साथ-साथ जनता की नाराजी और जातीय समीकरणों को न साध पाना भी प्रमुख कारण रहा है। इस बीच पूर्व सीएम उमा भारती की बहू उमिता राहुल सिंह की एक फेसबुक पोस्ट भी चर्चा का विषय बनी। जिसमें उन्होंने कहा कि 'जब कार्यकर्ता की जगह अधिकारी ये बोलने लगे कि हमारी पहुंच ऊपर तक है, तब-तब परिणाम विपरीत ही आएंगे।' बहरहाल पार्टी नेतृत्व ने हार की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई है, जिसमें प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे और वरिष्ठ नेता अंबादास कराड़ा को शामिल किया गया है। कमेटी की जांच रिपोर्ट को आलाकमान के पास भेजा जाएगा। अब सवाल इस कमेटी के औचित्य पर ही उठ रहे हैं। क्योंकि गौरव रणदिवे खुद आज तक कोई चुनाव नहीं लड़े हैं और न ही चुनाव प्रबंधन का उन्हें कोई अनुभव रहा है। वो संगठन में जरूर काम करते रहे हैं। उसी तरह अंबादास कराड़ा भी विवादों में घिरे रहे हैं। वो संघ पृष्ठभूमि से हैं और 2018 में पार्टी ने जिन 10 संगठन मंत्रियों को पद से हटाया था, उनमें वो भी शामिल थे। जाहिर है कि दोनों को चुनाव लड़ने अथवा लड़वाने का कोई विशेष अनुभव नहीं है। ऐसे में हार के कारणों का वो क्या तथा कैसा विश्लेषण करेंगे, समझा जा सकता है।

# बिहार: हार से हासिल बड़ी राजनीतिक पूंजी

**बिहार विधानसभा चुनाव के बाद 'जन सुराज' की स्थिति अत्यंत निराशाजनक थी। बड़ी संख्या में उम्मीदवार मैदान में उतरे, लेकिन अधिकांश अपनी जमानत तक नहीं बचा सके। परिणाम आने के तुरंत बाद यह धारणा बनने लगी कि प्रशांत किशोर का राजनीतिक प्रयोग विफल हो चुका है। यह भी कहा गया कि चुनावी रणनीतिकार के रूप में सफल रहे व्यक्ति की राजनीति में प्रत्यक्ष भूमिका निभाने की क्षमता सीमित है। लेकिन, प्रशांत किशोर ने इस आलोचना का जवाब बयानबाजी से नहीं, बल्कि संगठन और रणनीति में बदलाव के जरिए देने का रास्ता चुना।**

हेमंत पाल

भारतीय राजनीति में हार के बाद नेताओं को चुनाव आयोग, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, संगठन या सहयोगियों को दोष देना आम बात रही है। इसके विपरीत प्रशांत किशोर ने सार्वजनिक रूप से पराजय स्वीकार की और आत्ममंथन का रास्ता अपनाया। यही उनकी राजनीति का पहला महत्वपूर्ण मोड़ माना जा सकता है। किसी भी राजनीतिक दल के लिए हार के बाद सबसे बड़ा सवाल यह होता है, कि वह अपनी कमियों को स्वीकार करता है या नहीं। जन सुराज ने इस मामले में अपेक्षाकृत अलग रवैया अपनाया।

चुनाव के बाद प्रशांत किशोर ने जिस प्रकार सार्वजनिक गतिविधियों से कुछ समय की दूरी बनाकर आत्मचिंतन का संदेश दिया, उसका राजनीतिक महत्व भी था। यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं था, बल्कि कार्यकर्ताओं और समर्थकों को यह संकेत भी था कि पार्टी हार के कारणों को समझे बिना आगे नहीं बढ़ेगी। इसके बाद संगठनात्मक ढांचे में जो परिवर्तन हुए, उन्होंने 'जन सुराज' की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबसे बड़ा परिवर्तन पार्टी की कार्यशैली में दिखाई दिया। विधानसभा चुनाव के दौरान 'जन सुराज' में बड़ी संख्या में ऐसे लोग सक्रिय थे, जिनकी पहचान पेशेवर चुनाव प्रबंधन से जुड़ी थी। सोशल मीडिया, डिजिटल प्रचार और चुनावी ब्रांडिंग पर विशेष जोर दिया गया था। लेकिन, बिहार जैसे राज्य में केवल डिजिटल मौजूदगी चुनावी सफलता की गारंटी नहीं बन सकती। यहां बूथ स्तर का संगठन, जातीय समीकरण, स्थानीय नेतृत्व और लगातार जनसंपर्क कहीं अधिक प्रभावी साबित होते हैं। चुनाव परिणामों ने इस वास्तविकता को स्पष्ट कर दिया।

इस अनुभव से सीखते हुए प्रशांत किशोर ने संगठन की प्राथमिकताओं को बदला। पेशेवर चुनावी मॉडल की जगह समर्पित कार्यकर्ताओं पर भरोसा बढ़ाया। बूथ स्तर पर संगठन तैयार करने, स्थानीय इकाइयों को सक्रिय करने और अलग-अलग सामाजिक समूहों तक नियमित पहुंच बनाने की रणनीति अपनाई गई। बड़ी जनसभाओं और सोशल मीडिया अभियानों



की तुलना में छोटे समूहों के संवाद, मोहल्ला बैठकों और घर-घर संपर्क पर अधिक ध्यान दिया गया। यह बदलाव केवलरणनीति का नहीं, बल्कि राजनीतिक सोच का परिवर्तन था। राजनीति में आर्थिक पारदर्शिता और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता भी कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित करती है। प्रशांत किशोर ने अपनी आय और संपत्ति का बड़ा हिस्सा पार्टी को समर्पित करने की घोषणा कर यह संदेश देने का प्रयास किया कि 'जन सुराज' केवल चुनावी मंच नहीं, बल्कि दीर्घकालिक राजनीतिक परियोजना है। साथ ही उन्होंने पार्टी से जुड़े लोगों से आर्थिक सहयोग की अपेक्षा रखकर यह संकेत भी दिया कि संगठन बाहरी संसाधनों पर निर्भर रहने के बजाय अपने समर्थकों की भागीदारी से आगे बढ़ेगा। इस मॉडल का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में स्वामित्व की भावना पैदा करना था।

बांकीपुर उपचुनाव इसी बदली हुई रणनीति की पहली बड़ी परीक्षा बना। यह सीट लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ रही है। ऐसे क्षेत्र में चुनाव लड़ना स्वयं में जोखिम भरा निर्णय था। यदि यहां भी पराजय होती, तो 'जन सुराज' की राजनीतिक विश्वसनीयता पर और गंभीर प्रश्न उठते। लेकिन, प्रशांत किशोर ने इसी चुनौती को अवसर में बदलने का प्रयास किया। इस चुनाव में उन्होंने राज्यस्तरीय बड़े राजनीतिक विमर्श की बजाय स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी। जलभराव, यातायात, रोजगार और शहरी अव्यवस्था जैसे विषय लगातार जनता के बीच उठाए गए। इससे चुनाव राष्ट्रीय राजनीतिक बहस से हटकर स्थानीय असंतोष के इर्द-गिर्द केंद्रित होने लगा। यह रणनीति इसलिए भी प्रभावी रही, क्योंकि स्थानीय चुनावों में मतदाता अक्सर अपने दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों पर अधिक प्रतिक्रिया देते हैं। प्रशांत किशोर की एक और महत्वपूर्ण रणनीति यह रही कि उन्होंने स्वयं को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन दोनों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। बिहार में लंबे समय से राजनीति दो प्रमुख ध्रुवों के बीच घूमती रही है। ऐसे में उन मतदाताओं को आकर्षित करना, जो दोनों पक्षों से असंतुष्ट थे, 'जन सुराज' के लिए स्वाभाविक राजनीतिक अवसर था। यदि कोई तीसरा दल केवल विरोध की राजनीति करता तो उसकी स्वीकार्यता सीमित रहती है, लेकिन यदि वह व्यवहारिक विकल्प प्रस्तुत करता है। तो उसके लिए राजनीतिक जमीन बन सकती है।

इस पूरे अभियान में एक और राजनीतिक पहलू महत्वपूर्ण रहा। भरत तिवारी एनकाउंटर का मुद्दा लगातार चर्चा में बना रहा। इस विषय को प्रशांत किशोर ने निरंतर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाए रखा। माना गया कि इस मुद्दे ने विशेष रूप से उन मतदाताओं के बीच प्रभाव डाला, जो परंपरागत रूप से भाजपा के समर्थक माने जाते रहे हैं। दूसरी ओर मुख्य विपक्षी दल इस मुद्दे को उतनी प्रभावशीलता से राजनीतिक समर्थन में परिवर्तित नहीं कर सके। इससे 'जन सुराज' को उन वर्गों तक पहुंच बनाने का अवसर मिला, जहां पहले उसकी मौजूदगी सीमित थी। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं के कुछ आत्मविश्वास से भरे बयानों ने भी राजनीतिक माहौल को प्रभावित किया। जब किसी दल को अपनी जीत पूरी तरह सुनिश्चित मानने का संदेश जाता है, तो कई बार मतदाता इसके विपरीत प्रतिक्रिया भी देते हैं। बांकीपुर के परिणामों ने यह संकेत दिया कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र को केवल परंपरागत राजनीतिक गढ़ मानकर नहीं चला जा सकता। मतदाता समय-समय पर अपने फैसलों से स्थापित धारणाओं को बदलने की क्षमता रखते हैं।

हालांकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि बांकीपुर की जीत को पूरे बिहार की राजनीतिक तस्वीर का अंतिम निष्कर्ष नहीं माना जा सकता। उपचुनाव और विधानसभा चुनाव की प्रकृति अलग होती है। उपचुनाव स्थानीय परिस्थितियों, उम्मीदवार की छवि और तत्कालीन राजनीतिक वातावरण से अधिक प्रभावित होते हैं, जबकि विधानसभा चुनाव में व्यापक संगठन, संसाधन, गठबंधन और राज्यव्यापी समीकरण निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए जन सुराज के सामने अभी भी अपनी नई रणनीति को पूरे राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने की चुनौती बनी हुई है। फिर भी यह स्वीकारना होगा कि प्रशांत किशोर ने एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश दिया है। उन्होंने यह दिखाया कि हार के बाद केवल बयान बदलने से नहीं, बल्कि संगठन, रणनीति और कार्यशैली बदलने से राजनीतिक वापसी संभव होती है। बिहार की राजनीति में उनकी यह वापसी केवल एक सीट की जीत नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि लगातार सीखने और परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने वाला नेतृत्व लंबे समय तक प्रासंगिक बना रह सकता है। आने वाले वर्षों में यह देखना दिलचस्प होगा कि बांकीपुर की सफलता एक अपवाद साबित होती है या बिहार की राजनीति में किसी नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत।

अध्यात्म

## जिसका भी मनोबल जागा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्य नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता कि देखते ही देखते शत्रु के पाँव उखड जाते।

समय गुजरता गया, और एक समय ऐसा भी आया, जब वह वृद्ध दिखने लगा। अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। अब उसपर कोई ध्यान नहीं देता था।

एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। उस हाथी ने बहुत कोशिश की, लेकिन वह उस कीचड़ से स्वयं को नहीं निकाल पाया। उसकी चिंघाड़ने की आवाज से लोगों को यह पता चल गया कि वह हाथी संकट में है।

हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला..

तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया कि आप हमें इस विकट परिस्थिति में मार्गदर्शन करें गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया।

और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्य की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्य में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया।

गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी। जिसका मनोबल जाग जाता है वो असहाय और अशक्त होने के बावजूद भी असंभव काम कर जाता है।

# 'युवा' राष्ट्र की शक्ति है, इसे सहेजना होगा

**युवा पीढ़ी किसी भी तरह का दायित्व उठाने में समर्थ है। अब तक विज्ञान और टेक्नोलॉजी, मेडिकल और इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार में जो व्यापक बदलाव हुए, उनके पीछे युवाओं का ही पराक्रम था। आजकल पुरानी पीढ़ी युवाओं को दायित्व सौंपने से कतराती है। उसे लगता है कि सब दायित्व युवाओं को सौंप दें, तो वह पूरी तरह असुरक्षित हो जायेगी। यही वह कारण है उस युवा-आक्रोश का, जो तरह-तरह से व्यक्त होता रहता है। आक्रोश, आक्रोश है, वह सौम्य-सरल और विनम्र नहीं हो सकता। हम उन युवाओं से कैसे चुपचाप बैठे रहने की अपेक्षा कर सकते हैं, जो पढ़े-लिखे होकर बेरोजगार भटक रहे हैं।**

डॉ. मुरलीधर चाँदनीवाला

एक वैदिक प्रार्थना है-'सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्'। हमारे राष्ट्र के युवा सभ्य और वीर हों। युवा-जीवन के मूल्य को आँकने का यही पैमाना है हमारे पास। जब भी राष्ट्र में कोई रचनात्मक बदलाव आया है, तब वह सभ्य और वीर युवाओं की ओर से ही आया है। भारत को जो स्वाधीनता मिली, वह इन्हीं युवाओं के कारण। अरविन्द घोष, खुदीराम बोस, सुभाषचंद्र बोस, भगतसिंह, सुखदेव थापर, शिवराम राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त, अशफाक उल्ला खाँ,चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल और भी चाहे जितने देशभक्तों केनाम हैं, उन सभी ने अपने युवा रहते ही अंग्रेजों से लोहा लेने की कसम खाई। युवा संन्यासी विवेकानंद ने पूरे भारत के युवा-मानस को आन्दोलित किया। ये सभी सचमुच सभ्य और वीर युवा थे। ये ही राष्ट्र के नायक थे।

युवा ही राष्ट्र का भविष्य है। जो भविष्य में छलाँग भरते हुए पूरे राष्ट्र को सफलतापूर्वक भविष्य में ले जा सके, सच्चा युवा तो वही है। युवाओं में राष्ट्र-निर्माण की जो अपार क्षमताएँ होती हैं, उनकी बराबरी नहीं हो सकती। युवा पीढ़ी किसी भी तरह का दायित्व उठाने में समर्थ है। अब तक विज्ञान और टेक्नोलॉजी, मेडिकल और इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार में जो व्यापक बदलाव हुए, उनके पीछे युवाओं का ही पराक्रम था। आजकल पुरानी पीढ़ी युवाओं को दायित्व सौंपने से कतराती है। उसे लगता है कि सब दायित्व युवाओं को सौंप दें, तो वह पूरी तरह असुरक्षित हो जायेगी। यही वह कारण है उस युवा-आक्रोश का, जो तरह-तरह से व्यक्त होता रहता है। आक्रोश, आक्रोश है, वह सौम्य-सरल और विनम्र नहीं हो सकता। हम उन युवाओं से कैसे चुपचाप बैठे रहने की अपेक्षा कर सकते हैं, जो पढ़े-लिखे होकर बेरोजगार भटक रहे हैं। तब तो और भी नहीं, जब उनसे गिने-चुने अवसर भी छीने जा रहे हों।

जो शिक्षा व्यवस्था है, वह युवाओं के लिये रोजगार जुटाने में असफल रही है। यह हो सकता है कि आन्दोलनकारियों की जो भीड़ उमड़ती है, उसमें कुछ उपद्रवी तत्व मिलकर आन्दोलन का रूप बिगाड़ देते हों। लेकिन पूरी युवा-शक्ति को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। भारतीय युवाओं के पास पर्याप्त समझ है, रचनात्मक बदलाव लाने की पूरी सामर्थ्य है। वे कोई राजनीतिक पद नहीं मांगते, अपनी योग्यता का मूल्य मांगते हैं। यदि हम उन्हें यह नहीं दे सके, तो युवाओं को होने वाली हानि राष्ट्र की बड़ी हानि साबित होना तय है।

युवा पीढ़ी को लगातार अनदेखा करने से राष्ट्र की शक्ति क्षीण होती चली जाती है। एक भी युवा को निष्क्रियता में धकेलने से जो हानि होती है,



वह केवल एक व्यक्ति या उसके परिवार की नहीं, पूरे समाज की है, अंततः राष्ट्र की ही है। युवा अपनी सरकार से कोई वरदान नहीं माँगते, वे तो वरदान देने के लिये हैं। उनकी भुजाओं में ही ताकत नहीं, उनके संकल्प में भी असाधारण शक्ति देखी गई है। संकल्प पूरा करने के लिये वे प्राणोत्सर्ग तक का जज्बा रखते हैं।

युवाओं के हाथ में बागडोर सौंपने या न सौंपने को लेकर कई बार मंथन तो हुआ, लेकिन युवाओं के पक्ष में कभी एकमत नहीं बना। अनुभव की कमी बता कर उसे दूसरे और कभी-कभी तीसरे दर्जे पर ही रखा गया। यहाँ तक भी ठीक, युवा-प्रतिभा का पर्याप्त आकलन भी नहीं किया गया। परिणामस्वरूप प्रतिभा-पलायन का दौर वर्षों से जारी है। जातिगत आरक्षण ने भी युवा-प्रतिभा को कोई कम आघात नहीं दिये। कई विलक्षण युवा-प्रतिभाएँ इन दिनों गहरी हताशा में हैं। जिनके पास पारम्परिक व्यवसाय है, या जिनके पास पर्याप्त संसाधन हैं, उन्हें एक तरफ रखकर देखें, तो युवा वर्ग के पास संतोष करने लायक कुछ भी नहीं है।

युवाओं में नशे की लत क्यों है? युवा लगातार उग्र क्यों होते जा रहे हैं? युवाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति क्यों पनप रही है? वे अपने माता-पिता और रिश्तेदारों से दूरी बनाये रखने के लिये क्यों विवश हैं? युवा अपने बंद कमरे से बाहर क्यों नहीं आना चाहते? उनके मन में शिक्षकों के प्रति सम्मान क्यों घटता जा रहा है? उनके असंतोष और असमंजस का मुख्य कारण क्या है? इन तमाम प्रश्नों का उत्तर खोज पाना कठिन है, क्योंकि सरकार, समाज और बुद्धिजीवियों ने कभी खुले मन से इस पर विचार ही नहीं किया। अपने हित के लिये युवा-ऊर्जा का दोहन करते रहने से ये प्रश्न और उलझ गये हैं।

भारत के युवा अपने सभ्य और वीर होने का परिचय देना चाहते हैं, उनके लिये अवसर बनाइए। भारत के युवा कठिन से कठिन दायित्व अपने हाथों में लेने के लिये तत्पर हैं, उन्हें दायित्व सौंपकर देखिए। वे लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, कला-संस्कृति-विज्ञान-शिक्षा-कौशल-खेल-तकनीक-उद्योग-समाजसेवा-नवनिर्माण-राष्ट्रीय नीति सहित सभी क्षेत्रों में काम करने के लिये मुस्तैदी से तैयार खड़े हैं, और मौके का इंतजार कर रहे हैं। वे पार्टियों के झंडे उठाते रहने, तोड़-फोड़ के केन्द्र में बने रहने और पुलिस के द्वारा खदेड़े जाने के लिये हरगिज नहीं है। युवा हमारे राष्ट्र की महान् शक्ति है। यह शक्ति नव-निर्माण के लिये है। इस शक्ति को मिल-जुल कर सहेजना होगा। इसी में राष्ट्र की भलाई है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
महँगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। सर्वाइकल और गर्दन में दर्द उभरने की आशंका है। रहन-सहन में दिखावा न करें।

**वृषभ**
अटके हुये काम को दोबारा शुरू करने में सफलता मिलेगी। उदार चित के कारण लोगों की सहायता के लिये तत्पर रहेंगे। विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है।

**मिथुन**
नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे। संकीर्ण विचारों के कारण लोगों के निशाने पर आ सकते हैं। धन के मामले में किसी पर भी अधिक विश्वास न करें।

**कर्क**
नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती हैं। घर के लोगों को समय अवश्य दें। व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपके काम की निन्दा हो सकती है। पुरुष जातकों को महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिये। वैवाहिक सम्बन्ध को लेकर कुछ समस्या होगी।

**कन्या**
नया काम आज आरम्भ कर सकते हैं। आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा।

**तुला**
अपने कार्यों को लेकर अत्यधिक सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से सहायता मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिन्ता रहेगी। नये कार्यों की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद दूर होंगे। प्रेमीजन को वचन दे सकते हैं। आपकी बौद्धिक क्षमता में विस्तार होगा। छात्रों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**धनु**
आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। आपसी सूझबूझ से विवादों का समाधान कर लें तो बेहतर होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी जागरूकता रखें।

**मकर**
आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही शानदार रहेगा। आप लोगों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रियजनों का घर में आगमन हो सकता है।

**कुंभ**
भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आयात-निर्यात सम्बन्धी व्यवसाय से उत्तम धन लाभ होगा। काम के प्रति उत्साह भाव बढ़ेगा। यात्रा काफी मनोरञ्जक रहेगी।

**मीन**
लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाने के योग बन रहे हैं। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियाँ काफी अच्छी रहने वाली हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### देवर ने भाभी और सास से की मारपीट, थाने में केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के अशरफगंज गांव में पारिवारिक विवाद में देवर द्वारा भाभी और सास से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।अशरफगंज निवासी इशरत बानो, पति- अख्तर अंसारी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके पति राजस्थान में रहकर काम करते हैं। रात में घर में घुसकर उनका देवर रहमत अंसारी, पिता- बिस्मिल्लाह अंसारी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।आरोप है कि देवर ने हाथ-बांह पकड़कर लात-घूंसे से मारा, बेल्ट से भी पीटा और गला दबाने का प्रयास किया। साथ ही बायां हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। बीच-बचाव करने आई सास असगरी खातून को भी धक्का-मुक्की कर गाली-गलौज की गई।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उनके दोनों छोटे बच्चों को जान से मारने और उठा ले जाने की धमकी दी। साथ ही कहा कि सिलेंडर गैस खोलकर घर में आग लगा देंगे।इशरत बानो ने आवेदन में देवर की दबंगई और घर में असुरक्षा का हवाला देते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। धनरूआ पुलिस ने आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खगौल के द्वारा चलाया गया अतिक्रमण अभियान

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद खगौल के द्वारा जाम से निजात दिलाने के लिए शुक्रवार को खगौल नप प्रशासन ने थाना रोड होते हुए चक्रदाहा मोर तक अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाते हुए सड़क किनारे अवैध दुकान व झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया। खगौल नप प्रशासन के नगर कार्यपालक व्यवस्था



पदाधिकारी के देखरेख में नगर परिषद कार्यालय से मोती चौक तक सड़क किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये अतिक्रमणकारियों को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा कई अवैध दुकानों के बांस बल्ला व चाली सामान को नप वाहन पर उठा ले गए।नगर व्यवस्था पदाधिकारी मीनाक्षी कुमारी ने बताया कि खगौल नगर परिषद कार्यालय से मोती चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। लोगों से तीन हजार जुमार्ना भी वसूला गया। इस मौके पर सफाई निरीक्षक मुकेश कुमार मंडल, रवि रंजन कुमार, सुनील कुमार,अतिक्रमण कराने में मौजूद रहे।

### पति से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बहरामपुर ओपी अंतर्गत ओलीपुर गांव में गुरुवार को एक 28 वर्षीय महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान संजू देवी, उम्र 28 वर्ष, पति मुन्ना कुमार, एवं मृतका संजू के पिता मनोज प्रसाद,निवासी ओलीपुर के रूप में हुई है। मृतक के पिता मनोज प्रसाद बुलाकी बीघा ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है ।पुलिस को मिली सूचना के अनुसार संजू देवी के साथ उसके पति मुन्ना कुमार द्वारा मारपीट की गई थी। आरोप है कि मारपीट से आहत होकर महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है। एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन के लिए सूचित किया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### सकसोहरा में हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा पुलिस ने अंदोली गांव में छापेमारी कर हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मनीष कुमार के घर में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी । उसके घर से देसी कट्टा बरामद किया गया है ।उसके मोबाइल में कई हथियार के साथ फोटो मिले हैं ।मनीष पर पूर्व से शराबबंदी कानून का केस दर्ज है ।उसके बयान के आधार पर संजीव कुमार और गुलशन कुमार को पकड़ा गया है। मनीष को गुलशन ने हथियार दिया था ।इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### विवि की स्वायत्तता के समर्थन में विरोध प्रदर्शन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में FUTAB के आह्वान पर अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय, बाढ़ के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। यह विरोध किसी व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, शिक्षकों के सम्मान और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का इजहार है। उम्मीद है कि शिक्षा से जुड़े हर अहम फैसले में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की आवाज को भी उचित महत्व दिया जाएगा।

### पंचायत में गड़बड़ी की शिकायत की जांच बीडीओ को सौंपा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के धनामा मुबारक पूर्व पंचायत के कई योजनाओं में गड़बड़ी की लिखित शिकायत पंचायत के ही विवेका सिंह नामक व्यक्ति ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी से की थी मामले की जांच का जिम्मेवारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी अंजू ने प्रखंड के ग्रामीण विकास पदाधिकारी अमित कुमार को सौंप दिया है मामले को लेकर शिकायत करने वाले विवेक सिंह ने बताया कि पंचायत में मुखिया गोपाल कुमार सिर्फ मुखौटा है पंचायत के विकास का कार्य दो व्यक्ति खुद को पंचायत प्रतिनिधि बताकर करते हैं हरत की बात है कि मुखिया के हस्ताक्षर का भी दुरुपयोग किया गया है मुखिया के बदले सरकारी दस्तावेज पर मुखिया प्रतिनिधि ही हस्ताक्षर कर रहे हैं जो की 420 का मामला होता है इसको लेकर भी शिकायत की गई है वहीं प्रखंड पंचायत विकास पदाधिकारी ने बताया कि मामले की पारदर्शी जांच की जाएगी और इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

### धनरूआ में पाली-मड़ही चौराहे पर लूटपाट और मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पाली-मड़ही पर चौराहा मोड़ के पास लूटपाट और मारपीट की घटना सामने आई है। बाइक सवार युवक से सोने का लॉकेट और नकदी लूटकर अपराधी फरार हो गए। मड़डी, पंचायत विजयपुरा निवासी संजीव कुमार, उम्र 29 वर्ष, पिता- स्व. सत्येन्द्र प्रसाद ने धनरूआ थाने में आवेदन देकर बताया कि 04/08/2026 की रात करीब 7:30 बजे वे पटना से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पाली-मड़ही चौराहे के पास दो बाइक पर सवार 5 लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि गौतम कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता- सुनीत प्रसाद और राजकुमार उर्फ भगत जी, उम्र 21 वर्ष, पिता- कारु प्रसाद, दोनों ग्राम मड़ही पर तथा रौशन कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता- अज्ञात, निवासी धामापुर, थाना काको, जिला जहानाबाद व 2 अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित के अनुसार राजकुमार उर्फ भगत ने कमर से देशी पिस्तौल निकालकर जान से मारने की नीयत से सिर पर बट से वार किया। बचाव में हाथ लगाने पर चोट बाएं आंख के नीचे लगी। गौतम ने लोहे के रॉड से दाहिने कंधे पर वार किया,और बाईक छीनने की कोशिश कीय,बहरहाल मारपीट में जिससे सूजन और जख्म हो गया।आरोपियों ने पिस्तौल कनपट्टी पर सटाकर डराते हुए गले से सोने का बजरंगबली लॉकेट और जेब से 4500 रुपये नकद छीन लिए। शोर सुनकर ग्रामीणों को आते देख सभी 2 पल्सर बाइक पर सवार होकर धनरूआ की ओर भाग निकले।पीड़ित ने आवेदन में बताया कि सभी आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के हैं। धनरूआ पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

### अपहरण की शिकार 2 नाबालिग लड़कियां बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र से गायब हुई दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के बाद सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों मामले अलग-अलग गांव के हैं।पहला मामला मसौढ़ी थाना कांड संख्या 672/26 से जुड़ा है। वादी पुनिता देवी, पति-विद्याकर कवि सुंदरपुर नदवां ने आवेदन में बताया था कि उनकी बेटी जो 26.07.26 को नूरा हाई स्कूल पढ़ने गई थी। आरोप है कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भाखरा गांव निवासी रवि कुमार, पिता रामाशीष चौधरी ने उसे बहला-फुसलाकर कहीं लेकर भाग गया। वहीं दूसरा मामला मसौढ़ी थाना कांड संख्या 673/26 का है। वादी पिंटू कुमार, पिता रामप्रीत प्रसाद, छोटकी मसौढ़ी ने 28.07.2026 को आवेदन दिया था कि उनकी बेटी सोनम कुमारी गांव के पश्चिम खेत में शौच करने गई थी। इसी दौरान गंगाचक मालिकाना निवासी अमितेष राज, पिता श्यामनाथ विद्यार्थी ने शादी के नियत से उसे बहला-फुसलाकर ले लिया। इसमें उसकी मां फेकनी देवी और पिता भी शामिल हैं।दोनों आवेदनों पर मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की।

# मोकामा में जल-जमाव से त्रस्त लोगों का अनोखा विरोध, सड़क पर कर दी धान की रोपनी





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 02 में जलजमाव से परेशान लोगों ने अनोखे अंदाज में विरोध जताया है। गुरुदेव टोला वार्ड नं 01 और 02 में सड़क पर घुटने भर पानी जमा होने के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर ही धान की रोपनी कर नगर परिषद और बुडको को आईना दिखाया।लगातार हो रही बारिश और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से आधी आबादी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। सड़कों और गलियों में घुटने भर पानी जमा होने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि आना-जाना पूरी तरह बंद है। कहीं भी आना-जाना हो तो पानी से होकर ही जाना पड़ता है। आवागमन के लिए लोगों ने खुद ही लकड़ी और बांस के सहारे अस्थायी चचरी पुल का निर्माण किया है।स्थानीय पप्पू कुमार ने बताया कि कई बार इस संबंध में नगर परिषद में आवेदन दे चुके हैं। नगर परिषद के सहयोग शिविर में भी आवेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जलजमाव के कारण बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है, वहीं बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भारी परेशानी हो रही है। जमा पानी में करंट, कीड़े-मकोड़े का डर बना हुआ है और मच्छरों के प्रकोप से बुखार, डायरिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।बताया जाता है कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में बुडको द्वारा लगभग 50 करोड़ की लागत से नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन हर वार्ड में निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लगभग हर वार्ड में जलजमाव की यही स्थिति बनी हुई है। सहयोग शिविर में भी हर वार्ड से इसी की शिकायत आ रही है।बुधवार को सहयोग शिविर में समाजसेवी छितेन्द्र कुमार सिंह ने भी इसकी शिकायत लिखित रूप से अधिकारियों से की थी। वहीं गुरुवार को वार्ड पार्षद हरेकृष्ण और रवि भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने जलजमाव वाली सड़क पर धान रोप कर नगर परिषद के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान पप्पू मिस्त्री समेत सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद रहे।वहीं इस संबंध में जब मोकामा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। बुडको के सहायक अभियंता ने आश्वासन दिया है कि दो-चार दिनों में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू, मसौढ़ी के हांसडीह विद्या ग्राम में होगा भव्य आयोजन



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान, मसौढ़ी में तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी पालटन सिंह ने की, जबकि संचालन समाजसेवी संतोष कुमार अनमोल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह विद्या ग्राम छात्रावास, हांसाडीह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ध्वजारोहण के लिए मुख्य अतिथि के चयन हेतु 4 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। कमेटी कुशल जनप्रतिनिधि, महादलित समुदाय, शहीद की पत्नी या स्वतंत्रता सेनानी वर्ग से मुख्य अतिथि का चयन करेगी। बाल कलाकारों, शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विद्या ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। प्रतिभावान कलाकारों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाई गई।समारोह के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थान, प्रबुद्ध नागरिकों और कलाकारों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन की जिम्मेदारी राहुल चंद्र को सौंपी गई।संपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी कार्यक्रम संयोजक डॉ. एमके मंगल को दी गई। बैठक में लालमोहन सिंह, प्रो. नरेश मोहन प्रसाद, सरोज सिंह, रंजीत कुमार सिंह, राजेश कुमार रजक, मुन्ना पासवान, सुजीत कुमार ठाकुर, मोहम्मद रफी हुसैन, पप्पू अंसारी, रणधीर रंजन, नागेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, सनी कुमार, आलोक कुमार, बिट्टू यादव, प्रमोद कुमार,मोहम्मद अफराज साहिल, सुनील कुमार सिंह, रंजीत पटेल, अजीत कुमार पांडे, आशीष कुमार, दीपक शर्मा, सिंदर सिंह बग्गा, शहजाद आलम आदी उपस्थित रहे।

### वृद्ध महिला को बेटे-बहू ने की मारपीट, गला दबाकर हत्या का किया प्रयास, थाने मे केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के कोसूत पंचायत के भोलाचक की एक वृद्ध महिला ने अपने ही पुत्र और पुत्रवधू पर मारपीट, गला दबाकर हत्या का प्रयास और पैतृक संपत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। आवेदिका सुमित्रा देवी, भोलाचक ने अपने आवेदन में बताया कि बिते शाम लगभग 6:00 बजे उनके पुत्र रविशंकर कुमार उर्फ मिठु कुमार और पुत्रवधू रिमा देवी ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की।आरोप है कि दोनों ने लात-घूंसे, लाठी-डंडा और चप्पल से मारपीट की। इसी दौरान मुंह पर वार से उनके 3 दांत टूट गए, आवेदिका का आरोप है कि आरोपियों ने उनका गला भी दबाया जिससे वह बेहोश हो गईं। होश आने पर शोर मचाने पर गांव के लोगों ने आकर उन्हें बचाया। महिला ने आवेदन में पुराना विवाद भी बताया। उन्होंने कहा कि 2018 में भी आरोपियों ने उन्हें अकेला पाकर मारपीट की थी और बंदूक दिखाकर डरा-धमकाकर 29 कठ्ठा जमीन पुत्रवधू रिमा देवी के नाम रजिस्ट्री करवा ली थी।

## पति की हत्या के जुर्म में पत्नी और प्रेमी को मिली आजीवन कारावास की सजा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध संबंध का विरोध करने पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी द्वारा पति की निर्मम हत्या करने के मामले में शुक्रवार को एडीजे वन कुमार गुंजन ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। उन्होंने प्रेमी और पत्नी को हत्या के जुर्म में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाया है। जानकारी देते हुए प्रभारी अपर लोक अभियोजक दानापुर रामकेश्वर प्रसाद ने बताया कि रेगनियाबाग, नौबतपुर के रहने वाले सुदर्शन प्रसाद ने नौबतपुर थाने में अपने पुत्र चंदन कुमार की हत्या करने के मामले में अपने पतोह अनीशा देवी एवं उसके प्रेमी पप्पू कुमार के खिलाफ अवैध संबंध के कारण हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि उनका पुत्र चंदन की शादी वर्ष 2008 में उमेर यादव की पुत्री अनीशा देवी के साथ हुआ था। शादी के बाद गांव के ही पप्पू कुमार का अनीशा के साथ अवैध संबंध था उनका पुत्र चंदन कुमार दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखा भी था जिसकी जानकारी उसने मुझे दी थी चंदन द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट किया भी जाता था कई बार दोनों परिवारों में समझौता भी हुआ लेकिन 14 जुलाई 2014 को अनीशा देवी और पप्पू कुमार साजिश के तहत उन लोगों के साथ मिलकर चंदन कुमार की मारपीट कर हत्या कर डाली और आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया। करीब 12 वर्षो तक चले इस मामले में शुक्रवार को माननीय न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है एवं 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है वही आरोपी अनिशा के पिता उमेर यादव और भीम यादव को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. डॉ. शिवचन्द्र सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संदीपा इंद्रा व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर एवं चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



**विजेताओं के नाम:**

- E-Quiz: जीवन प्रकाश, गौरव कुमार, नीलम संध्या, आरव राज, अभिलाषा
- Debate: शुभम तिलक राज, बिंदु कुमार, पल्लवी राज, मोहित राज
- Poster: रिया कुमारी

प्राचार्य डॉ. शिवचन्द्र सिंह ने कहा कि आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रॉय आधुनिक रसायन शास्त्र के पिता थे। 17वीं सदी में वाग्भट्ट ने तत्वों का वर्गीकरण कर भारत को विज्ञान की दिशा दी। उन्होंने कहा कि ज्ञान व रसायन की सदियों की परंपरा भारत में रही है। 16वीं सदी से पहले का महरौली का लौह स्तंभ, अजंता-एलोरा की पेंटिंग्स में आज तक क्षरण न होना हमारी प्राचीन मजबूत रसायन तकनीक के प्रमाण हैं। रसायन विज्ञान से ही हमें सामाजिकता, स्वास्थ्य और नए अन्वेषण के सूत्र मिलते हैं। पानी का सूत्र H2O और 'सोने पर सुहागा' जैसी कहावतें भी रसायन के महत्व को दर्शातीं हैं। डॉ. संदीपा इंद्रा ने कहा कि 'रामचरितमानस' में भी तुलसीदास ने लिखा है: "राम रसायन तुम्हरे पासा, सदा रहो रघुपति के दासा!" यह पौराणिक रसायन विज्ञान की परंपरा और प्रयोग का सुंदर मिश्रण है। कार्यक्रम में डॉ. पंकज कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तकनीकी सहयोग आलोक कुमार सिंह, राजा कुमार एवं मधुसूदन कुमार ने दिया।

### हथियार व शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने गुरुवार को एक शराब तस्कर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, दरअसल बताया जाता है कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुलरिया बिगहा और रसुलपुर जाने वाली कच्ची सड़क पर छापेमारी कर एक व्यक्ति को शराब और अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष पु०अ०नि० अमित कुमार के नेतृत्व में हुई छापेमारी में पुलिस ने शराब तस्कर राजेन्द्र यादव उम्र 51 वर्ष, पिता- स्व. तन्नु प्रसाद, साकिन-बालापर, को धर-दबोचा है। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 लीटर देशी शराब, एक देशी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद की गई। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ धनरूआ थाना कांड संख्या 536/26, दिनांक 06.08.2026 दर्ज किया है। उस पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम की धारा 30(ए) और आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए/26 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में सअनि मुन्ना सहनी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हाथों में मेहंदी के संदेश से की गई जागरुकता, 'मां का दूध अमृत है'

### मसौढ़ी सीडीपीओ कार्यालय में स्तनपान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत मसौढ़ी सीडीपीओ कार्यालय में शुक्रवार को अनोखे तरीके से जागरुकता फैलाई गई। आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और लाभार्थी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर स्तनपान करना अति आवश्यक है" का संदेश दिया।1 अगस्त से 7 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरुक करना है। इसी कड़ी में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मसौढ़ी सीडीपीओ अनीता कुमारी ने बताया कि इस सप्ताह गली-मोहल्लों में रैली निकालकर प्रसूता महिलाओं को स्तनपान के फायदे बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए अमृत के समान है। जन्म से 6 माह तक सिर्फ मां का दूध पिलाने से बच्चे बीमार नहीं पड़ते। स्तनपान सिर्फ गंभीर बीमारियों से ही नहीं बचाता बल्कि शिशु के संपूर्ण विकास में भी मदद करता है। जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरू कराने से शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। इसके लिए महिलाओं को प्रखंड और समाज स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। धनरूआ में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत की सेविकाओं, सहायिकाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में बताया गया कि जन्म के बाद 6 माह तक बच्चे को केवल स्तनपान कराना चाहिए। इसके बाद शारीरिक विकास के लिए समय पर ऊपरी आहार शुरू करें। साथ ही नियमित टीकाकरण, पौष्टिक भोजन और स्वच्छता पर भी जोर दिया गया।कार्यक्रम में सेविका, सहायिका सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका राधा कुमारी के अलावा सेविकाओं में अर्चना कुमारी, मंजू सिन्हा,सपना राज, सुजाता कुमारी,इस्मत परवीन, निर्मला कुमारी, शशि लता कुमारी,सुषमा कुमारी, अमीषा पटेल आदी शामिल रही।

## खगौल महिला कॉलेज में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित महिला महाविद्यालय, खगौल में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उषा विद्यार्थी ने की।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. उषा विद्यार्थी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि शिशु के सर्वांगीण विकास, बेहतर स्वास्थ्य एवं मातृ-शिशु के सुदृढ़ संबंधों के लिए स्तनपान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्तनपान न केवल शिशु को आवश्यक पोषण प्रदान करता है, बल्कि विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा भी देता है। समाज में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुमन कुमारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्तनपान के महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव तथा संतुलित पोषण संबंधी विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्राओं को स्तनपान के वैज्ञानिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी गई तथा उन्हें जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

## महाबलीपुर में नए पुलिस ओपी का पालीगंज एसडीपीओ पंकज शर्मा ने किया उद्घाटन

### अपराध और अवैध बालू खनन पर लगेगी लगाम



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध बालू खनन पर लगाम लगाने के लिए महाबलिपुर में नए पुलिस आउट पोस्ट (ओपी) का उद्घाटन शुक्रवार को एसडीपीओ-2 पंकज शर्मा ने किया। इस दौरान थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और ओपी प्रभारी एसआई दीपक कुमार मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद नगर पुलिस अधीक्षक पटना साकेत कुमार और पालीगंज एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह भी ओपी पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। उद्घाटन के अवसर पर ओपी प्रभारी बने एस आई दीपक कुमार ने पूजा अर्चना एवं सतनारायण स्वामी का कथा करवाया। पालीगंज थाना क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से की महाबलिपुर और सियारामपुर पंचायत को अलग कर महाबलिपुर ओपी का गठन किया गया है। ओपी को पटना-औरंगाबाद एनएच-139 पर अंकुरी गांव स्थित सामुदायिक भवन में स्थापित किया गया है। यह क्षेत्र अरवल और भोजपुर जिले की सीमा से सटा होने के साथ-साथ सोन नदी के नजदीक भी है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां अपराध नियंत्रण के साथ अवैध बालू खनन और बालू लदे भारी वाहनों के परिचालन पर निगरानी की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। एनएच-139 से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बालू लदे ट्रक एवं अन्य वाहन गुजरते हैं, जिसके कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार औरंगाबाद से पटना आने-जाने वाले वाहनों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। इससे यातायात व्यवस्था के साथ-साथ विधि-व्यवस्था भी प्रभावित होती थी। स्थायी पुलिस ओपी खुलने से क्षेत्र में पुलिस की नियमित मौजूदगी रहेगी, जिससे अपराध नियंत्रण, अवैध बालू खनन पर रोक, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और सड़क जाम की समस्या से निपटने में मदद मिलने की उम्मीद है। महाबलिपुर ओपी का प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार को बनाया गया है। उनके अलावा एएसआई रोहितेश्वर कुमार और नीरज कुमार सहित 10 सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं भारतीय संस्कृति को जीवंत रखना और आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य : प्रो. शशि प्रताप शाही



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय, बाढ़ में अखिल भारतीय शिक्षा समागम (अइरर) के तत्वावधान में 'शिक्षा समागम सह परिचर्चा : राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, भारतीय संस्कृति, भाषा और सामाजिक मूल्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शशि प्रताप शाही ने सभी अतिथियों का शॉल भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. शशि प्रताप शाही ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को जीवंत रखना और उसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, मानवीय मूल्यों, प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का सशक्त आधार है। उन्होंने हिंदी भाषा की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि लोगों को जोड़ने वाली प्रेम, संवाद और राष्ट्रीय एकता की भाषा है। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के संरक्षण में मातृभाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। साथ ही बाढ़ नगर के समग्र विकास, इसे जिला बनाने की आवश्यकता तथा महाविद्यालय के आधारभूत ढांचे के विस्तार पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि पुराने ऑडिटोरियम के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नौ मंजिला शैक्षणिक भवन के निर्माण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं तथा इसके लिए क्षेत्र के प्रबुद्ध एवं प्रतिष्ठित नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया। प्राचार्य ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा प्रो. बिमल कुमार सिंह एवं विजय कुमार को अपना मार्गदर्शक बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. अंजेश कुमार, प्रख्यात चिकित्सक, ने स्वयं को शिक्षक-पुत्र होने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा उनके संस्कारों का अभिन्न हिस्सा रही है। उन्होंने महाविद्यालय में बिताए अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंशी सिंह कॉलेज के शिवम कुमार का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह कॉलेज के राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग के पूर्व छात्र शिवम कुमार का चयन बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक (संविदा के आधार पर) के पद पर हुआ है। शिवम कुमार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा आवंटित किया गया है। शिवम कुमार, धरमपुर, सुगौली निवासी सुमेश्वर साह के पुत्र हैं। उन्होंने स्नातक सत्र 2019-2022 तथा स्नातकोत्तर सत्र 2022-2024 में राजनीति विज्ञान विभाग के नियमित छात्र के रूप में अध्ययन किया था। उन्होंने दिसंबर 2025 में यूजीसी-नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसके बाद उनका यह चयन हुआ है। यह जानकारी राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शिवम कुमार विभाग के एक मेधावी एवं नियमित छात्र रहे हैं, जिन्होंने अपनी संपूर्ण स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा इसी विभाग से पूरी की। अध्ययन के दौरान और उसके बाद भी उन्हें विभागाध्यक्ष सहित विभाग के शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा, जिसने उनकी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार, भौतिकी स्नातकोत्तर विभाग के डॉ. नरेंद्र सिंह, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय के विधि परिषद सदस्य डॉ. मयंक कपिला तथा कॉलेज के सभी शिक्षकों ने शिवम कुमार को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की।



### जनता के दरबार में 47 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 47 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता श्री विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### जिला स्तरीय रोजगार मेले में 833 युवाओं का चयन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, वैशाली द्वारा गुरुवार को अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में जिला स्तरीय एकदिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक, अवधेश सिंह एवं जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने संयुक्त रूप से किया। रोजगार मेले में युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कुल 3,331 अभ्यर्थियों ने अपना बायोडाटा जमा किया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 833 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया, जबकि 500 अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण के लिए आमंत्रित किया गया। रोजगार मेले में देश की 24 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने भाग लिया। इनमें वेयरहाउस, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, बैंकिंग, सुरक्षा सेवाएं, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, फूड सर्विस, सेल्स एवं मार्केटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। विभिन्न कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण, स्टाइपेंड एवं प्रत्यक्ष नियुक्ति की व्यवस्था भी की गई। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने इसे जिले के युवाओं के लिए एक सकारात्मक उपलब्धि बताते हुए कहा कि भविष्य में इससे भी बड़े स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।



### पार्सल वाहन के गुप्त तहखाने से 135.0 लीटर विदेशी शराब बरामद

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विदुपुर थाना क्षेत्र के रहीमापुर से एक टाटा ऐस पार्सल वाहन के गुप्त तहखाने से 135.0 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। बरामद शराब ICONIQ ब्रांड की है, जिस पर 'For Sale in Jharkhand' अंकित है। प्रथम दृष्टया यह मामला अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध शराब के परिवहन से संबंधित प्रतीत होता है। उत्पाद विभाग द्वारा बरामद शराब एवं वाहन को विधिवत जब्त कर लिया गया है तथा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिहार सरकार की शराबबंदी नीति का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। अवैध शराब के कारोबार, परिवहन अथवा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।



### मजदूरों के साथ मारपीट मामले में 11 लोगों पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर परिषद कार्यालय में काम करने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत देकर 11 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित राजकुमार मांझी, पिता - सिरथ मांझी,रेवां ने आवेदन में बताया कि वह स्टेशन रोड स्थित नगर परिषद मसौढ़ी में काम करने गया था। आरोप है कि सुबह 11:30 बजे वहां पहले से काम कर रहे कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी शिकायत में अम्बीका डोम पिता - चन्द्रिका डोम, कृष्ण डोम पिता ललिंदर डोम, कारी देवी पति - अम्बीका डोम, सुर्या डोम पिता - भुरा डोम, विक्रम डोम पिता - महेश डोम, विकास डोम पिता - विजय राम, सुनीता देवी पति - पप्पु डोम, रौशन डोम पिता - पप्पु डोम, राजू डोम पिता - बिंदा डोम, राजा डोम पिता - कमलेश डोम, इंदल डोम,एवं विरु डोम और कुछ अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष की थीम पर हर घर तिरंगा अभियान

**12 अगस्त को जिला स्तर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा का किया जाएगा आयोजन**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र के आलोक में "हर-हर तिरंगा अभियान 2026" कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के नोडल पदाधिकारी तथा स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का सफल निर्वहन करें ताकि इस कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष की थीम पर आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के घर, सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक भवन/स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति एवं राष्ट्र गौरव की भावना को प्रबल बनाना है तथा व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करना है।इस अभियान के अंतर्गत वंदे मातरम आधारित प्रदर्शनी, तिरंगा रैली / यात्रा, सेल्फी विद तिरंगा, प्रकाश सज्जा, तिरंगा रंगोली, वंदे मातरम का सामूहिक गायन सहित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया आगामी 12 अगस्त, 2026 को जिला स्तर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करने की तैयारी प्रारंभ कर दी जाए। इसके लिए उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण और नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया। 15 अगस्त को प्रेक्षा गृह में हर-घर तिरंगा थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन एवं समय निर्धारण करने हेतु एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा समाहरणालय परिसर को वंदे मातरम थीम आधारित लाइटिंग की व्यवस्था शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि तिरंगा अभियान अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन आगामी 9 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जाना है। इस आयोजन में कला संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका, पंचायती राज विभाग, सहकारिता विभाग, एनसीसी, एनएसएस एवं मेरा युवा भारत, खेल क्लब,युवा संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, नागरिक समाज, व्यापारिक संघ एवं उद्योग संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा एवं अनुश्रवण करेंगे एवं हर घर तक तिरंगा पहुंचे इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए इसे सुनिश्चित करेंगे।बैठक में जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त आशीष कुमार,उप विकास डॉ. प्रदीप कुमार, अपर समाहर्ता लोक शिकायत श्री शैलेंद्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता विभाग जांच मो. सिबगतुल्लाह, सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# पंखे से लटका मिला महिला का शव, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस



**राघोपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर में बंद कमरे में पंखा से एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग जुट गए। घटना की सूचना राघोपुर थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार को दी गई। सुचना मिलते ही थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद स्वजन शव लेकर गांव चले गए। मृतक मोहनपुर निवासी हाकीम राय की पत्नी मनीता देवी थी। मृतक के परिवार वालों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक के भाई राघोपुर थाना के मिजार्पुर निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शादी के बाद से हमारी बहन के देवर,सास गोतनी सहित अन्य लोग मारपीट एवं प्रताड़ित करते थे। पूर्व में भी कई बार पंचायती हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बुधवार की रात्रि हमारी बहन के देवर ने फोन किया कि अपनी बहन को यहां से ले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। हम बोले कि अभी रात है सुबह में आएंगे। उसके बाद सूचना मिली की बहन की हत्या कर दी गई है। हम लोग पहुंचे तो घर का दरवाजा बंद था। दरवाजा जब खोला गया तो शव पंखे से लटका हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके देवर, सास एवं गोतनी मिलकर मां के ऊपर हत्या कर दिया। महिला खुद फांसी लगाई या किसी के द्वारा जबरन फांसी लगाकर हत्या की गई। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

# जिला निबंधन कार्यालय, हाजीपुर में आयकर विभाग का आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**एसएफटी विवरण के सही एवं समयबद्ध दाखिले तथा ई-वेरिफिकेशन पर दी गई विस्तृत जानकारी**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आयकर विभाग, आसूचना एवं आपराधिक अन्वेषण, पटना के तत्वावधान में आज जिला निबंधन कार्यालय, हाजीपुर में एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निबंधन विभाग से संबंधित रिपोर्टिंग इकाइयों को निर्दिष्ट वित्तीय लेन-देन का विवरण सही, पूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में दाखिल करने, ई-वेरिफिकेशन तथा नए आयकर अधिनियम, 2025 एवं आयकर नियम, 2026 के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में आयकर विभाग, पटना के आयकर अधिकारी (आसूचना एवं आपराधिक अन्वेषण) मुन्ना राम तथा आयकर निरीक्षक श्री कृष्ण देव साहनी द्वारा जिला निबंधन पदाधिकारी हाजीपुर एवं जिले के विभिन्न निबंधन कार्यालयों के पदाधिकारियों को एसएफटी स्टेटमेंट दाखिल करने की प्रक्रिया, इसकी उपयोगिता तथा ई-वेरिफिकेशन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आयकर विभाग के पोर्टल पर रिपोर्टिंग संस्थाओं द्वारा स्वच्छ, पूर्ण, सटीक एवं त्रुटिरहित आंकड़े अपलोड किए जाएं तथा निर्दिष्ट वित्तीय लेन-देन का विवरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।कार्यक्रम के दौरान अचल संपत्ति के ऐसे क्रय-विक्रय, जो निर्धारित सीमा से अधिक राशि के हों, से संबंधित जानकारी सही तरीके से उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

## प्रशासन का बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**दो किलोमीटर तक सड़क किनारे बने पक्के निर्माण जेसीबी से ध्वस्त**

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बेन छपरा गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। एनएच-227 ए राम जानकी पथ के चंदेश्वर मोड़ से एकमा-सहाजितपुर-मशरक मुख्य पथ तक करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों किनारों पर किए गए पक्के अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया।अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में प्रशासनिक सतर्कता देखने को मिली और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सीओ राहुल कुमार की मौजूदगी में की गई। जेसीबी मशीनों की सहायता से सड़क की सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माणों को हटाना शुरू किया गया। कार्रवाई के दौरान कई स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

# नगर निगम क्षेत्र में हड़ताल के दौरान भी जनहित में प्रतिदिन सुचारू रही सफाई व्यवस्था

**महापौर प्रीति कुमारी ने निगम पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति जताया आभार**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में नगर निकायों से संबंधित हड़ताल समाप्त हो गई है। हड़ताल की अवधि के दौरान जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम मोतिहारी में प्रतिदिन सफाई कार्य को सुचारू रूप से संचालित एवं पूर्ण किया गया। इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर निगम मोतिहारी के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति महापौर प्रीति कुमारी ने हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। महापौर प्रीति कुमारी ने कहा कि हड़ताल के दौरान नगर निगम मोतिहारी की सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन नगर आयुक्त आशीष कुमार के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मार्गदर्शन एवं निरंतर मॉनिटरिंग के साथ निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने पूरी जिम्मेदारी, तत्परता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में निगम की पूरी टीम ने बेहतर आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनहित में प्रतिदिन निर्धारित सफाई कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न किया, जिससे हड़ताल के बावजूद शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित नहीं होने दिया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम मोतिहारी का यह प्रयास सराहनीय है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद आम नागरिकों की सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता देते हुए सफाई व्यवस्था को लगातार जारी रखा गया। उन्होंने कहा कि निगम के पदाधिकारियों, सफाई निरीक्षकों, जमादारों, सफाई कर्मियों एवं अन्य संबंधित कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के कारण ही यह संभव हो पाया। महापौर प्रीति कुमारी ने नगर आयुक्त आशीष कुमार सहित नगर निगम के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मोतिहारी शहर की स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के प्रति निगम की पूरी टीम की प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। हड़ताल जैसी परिस्थिति में भी जनहित में सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखना निगम की कार्यक्षमता, समन्वय और जिम्मेदारी का परिचायक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आगे भी इसी प्रकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित मोतिहारी के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। शहरवासियों से भी अपील है कि वे नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सहयोग करें, कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें तथा मोतिहारी को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# सास भी बता रही स्तनपान के फायदे, बीदूलिया गांव के स्वास्थ्य बैठक में दिखी महिलाओं की जागरूकता

**स्तनपान के मिथक टूटे, महिलाओं के खान-पान और साफ-सफाई में दिखा व्यापक सुधार**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण अंचलों में जहां अक्सर पुरानी रूढ़ियां और भ्रम हावी रहते हैं, वहीं बिदुलिया गांव से एक बेहद सुखद और सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। यहां घर की बुजुर्ग महिलाएं यानी 'सास' खुद अपनी बहुओं को स्तनपान के फायदे बता रही हैं और उन्हें इसके प्रति जागरूक कर रही हैं। बदलाव की यह शानदार बयार इन दिनों मनाए जा रहे विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 8 अगस्त) के अवसर पर आयोजित एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बैठक में देखने को मिली। बिदुलिया गाँव में सीएचओ लीड रोगी हितधारक मंच और समुदाय के विभिन्न वर्गों की मौजूदगी में आयोजित इस परिचर्चा में खुशबू कुमारी, कोमल कुमारी,प्रियंका ने स्तनपान से जुड़े मिथक, उत्तम आदतों और पोषण के अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की । बैठक में जो बातें सामने आईं, वे महिला स्वास्थ्य और जागरूकता के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि हैं।

**रूढ़ियां टूटीं, सास बनीं प्रेरकः**

इस बैठक का सबसे खास पहलू पारिवारिक सहयोग का रहा। परिचर्चा में शामिल शकुंतला देवी ने साझा किया कि अब परिवारों में सास की भूमिका पूरी तरह से बदल रही है। वे न केवल पुरानी मान्यताओं और मिथकों को पीछे छोड़ रही हैं, बल्कि स्तनपान के वैज्ञानिक फायदों को समझकर शिशु के पालन-पोषण में अपनी बहुओं का पूरा साथ दे रही हैं।इस मौके पर सीएचओ लीड रोगी हितधारक मंच के प्रतिनिधियों ने महिलाओं और उनके परिवारों की इस जागरूकता की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि स्तनपान सप्ताह का मुख्य उद्देश्य यही है कि समाज में स्तनपान को लेकर फैले भ्रम दूर हों और छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही मिले। बिदुलिया गाँव की महिलाओं और विशेषकर बुजुर्ग माताओं ने इस दिशा में एक बेहतरीन मिसाल पेश की है, जो अन्य गांवों के लिए भी अनुकरणीय है।

**साफ-सफाई और सही तरीके पर विशेष ध्यानः**

चर्चा के दौरान एएनएम पुष्पा कुमारी ने बताया कि क्षेत्र की महिलाएं अब अपने और अपने शिशु के स्वास्थ्य को लेकर काफी सजग हो गई हैं। धात्री (स्तनपान कराने वाली) महिलाएं व्यक्तिगत साफ-सफाई का पूरा ध्यान रख रही हैं। इसके साथ ही, बच्चों को दूध पिलाते समय हमेशा 'बैठकर ही स्तनपान कराने' की सही विधि का पालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बैठकर दूध पिलाना शिशु को फंदा लगने से बचाने और दूध पीने की सही पकड़ बनाने के लिए बेहद जरूरी है।

## श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया गया कॉमरेड जे.पी. साह का 39वां शहादत दिवस


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की मसौढ़ी लोकल कमेटी के तत्वावधान में पार्टी के जुझारू नेता कॉमरेड जे.पी. साह का 39वाँ शहादत दिवस गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड चंदिका शर्मा ने की। सर्वप्रथम कॉमरेड जे.पी. साह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों की उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के जिला सचिव कॉमरेड शिव कुमार विद्यार्थी ने कहा कि कॉमरेड जे.पी. साह ने अपना पूरा जीवन मेहनतकश जनता, किसानों, मजदूरों, गरीबों एवं शोषित-वंचित वर्गो के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित कर दिया। उनका जीवन त्याग, संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आज सामाजिक एवं आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, ऐसे में कॉमरेड जे.पी. साह के विचार और संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाना समय की मांग है।

## 'हर घर तिरंगा अभियान' की तैयारियां तेज, उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 09 से 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान, 12 अगस्त को निकलेगी जिला स्तरीय तिरंगा यात्राजिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस-2026 एवं 'वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के सफल क्रियान्वयन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपविकास आयुक्त कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), जिला विकास पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक, निदेशक DRDA सहित अनुश्रवण समिति के अन्य सदस्य एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक जिले में संचालित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान" को जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी तैयारियां पूर्ण करें तथा सौंपे गए दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत जिले एवं जिले के सभी प्रखंडों में तिरंगा यात्रा, बाइक एवं साइकिल रैली, वंदे मातरम् का सामूहिक गायन, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेल्फी विद तिरंगा तथा सरकारी भवनों पर त्रिवर्णीय रोशनी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराते हुए पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, पैक्स, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य स्थानीय संगठनों के सहयोग से प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

# वैशाली के 11 बच्चे जांच के लिए पटना रवाना, मेदांता में होगा मुफ्त ऑपरेशन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे वैशाली जिले के 11 बच्चों को शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य जांच के लिए पटना भेजा गया। इन बच्चों की जांच गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, पटना में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में की जाएगी।शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच और आवश्यक परीक्षण किए जाएंगे। जांच के बाद जिन बच्चों को शल्य चिकित्सा (सर्जरी) की आवश्यकता होगी, उनका पटना के जयप्रभा मेदांता अस्पताल में 'मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना' के तहत बिल्कुल मुफ्त ऑपरेशन कराया जाएगा। बच्चों को सुरक्षित पटना भेजने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से 4 एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी। मौके पर मौजूद आरबीएसके की जिला समन्वयक डॉ. शाइस्ता और आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ की देखरेख में बच्चों को पटना के लिए रवाना किया गया। वहीं, गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल में जांच के दौरान बच्चों और उनके परिजनों के सहयोग के लिए आरबीएसके फार्मासिस्ट राजीव कुमार सिंह को विशेष रूप से तैनात किया गया है। इस मौके पर सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति (वैशाली) ने कहा कि 'मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना' बच्चों को समय पर उच्चस्तरीय और मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में एक संजीवनी है। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर बीमार बच्चे को जांच से लेकर इलाज तक की पूरी सुविधा बिना किसी परेशानी के मिल सके। वहीं, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) ने बताया कि आरबीएसके के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाती है। इस दौरान गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उच्च चिकित्सा संस्थानों में मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाता है। जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी कोई भी गंभीर समस्या या लक्षण दिखाई देते हैं, तो घबराएं नहीं। वे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आरबीएसके की टीम से संपर्क करें ताकि समय रहते सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों का उचित इलाज कराया जा सके।



## छेड़छाड़ करने मामले में फरार 4 आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीपरा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवा स्थित NH-131G पर एक ढाबे में पैसा मांगने को लेकर हुए विवाद में मारपीट,छिनतई मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को पीपरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बच्चु मांझी उर्फ संतोष कुमार पिता बिजेंद्र मांझी, नन्हकि मांझी उर्फ राजगीर मांझी पिता रामसेवक मांझी, चैतू मांझी पिता छोटे मांझी चकिया मुसहरी, राजन मांझी उर्फ रविंद्र उर्फ चंद्रदेव मांझी के हैं। दरअसल इस घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया की इस मामले मे 7 नामजद और 5-6 अज्ञात लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और सोने की चेन छीनने का केस दर्ज किया गया था।आवेदिका चिन्ता देवी, पति- अयोध्या केवट, उम्र 52 वर्ष, साकिन- नेवा, ने अपने लिखित आवेदन में बताया की वह अपने ढाबा में ग्राहकों को खाना खिला रही थीं।

# विकसित भारत जी - राम जी योजना के अंतर्गत पंच सम्मेलन का किया गया आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी प्रेक्षा गृह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकसित भारत-जी राम जी योजनान्तर्गत पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, जिला परिषद् अध्यक्षा ममता राय, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार,सहायक समाहर्त्ता राज कृष्ण झा,जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जनम पासवान एवं निदेशक, एनईपी डॉ. कुंदन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में त्रि-स्तरीय पंचायत के जन-प्रतिनिधि यथा सभी जिला परिषद् सदस्य, सभी प्रखण्ड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं मुखियागण उपस्थित थे। पंच सम्मेलन में वीडियो /पीपीटी के माध्यम से विकसित भारत-जी राम जी योजनान्तर्गत नई ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था से संबंधित बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए संबंधित विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सम्मेलन में उपस्थित जनप्रतिनिधि गण को संबोधित करते हुए बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेक योजनाएं संचालित की गई है। वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू होने के साथ ही ग्रामीण परिवारों को पहली बार रोजगार प्राप्त करने का कानूनी अधिकार मिला। विगत लगभग 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन एवं आधारभूत संरचना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पलायित होकर गांव लौटे प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं उनकी आजीविका को संबल प्रदान करने में यह योजना अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण रोजगार योजना का उद्देश्य एक ओर ग्रामीण परिवारों को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराकर उनके आय में वृद्धि करना, वहीं दूसरी ओर उनके श्रम के माध्यम से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सिंचाई सुविधाओं का विकास, तालाब एवं पोखरों का जीर्णोद्धार, पौधारोपण, खेल मैदान, विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं सहित टिकाऊ एवं जनोपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। इन्हीं उददेश्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप नई ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था पूर्व की योजनाओं का पूर्णतः प्रतिस्थापन नहीं है, बल्कि उनके सफल एवं प्रभावी प्रावधानों को आगे बढाते हुए आवश्यक सुधार किये गये हैं जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के कुशल श्रमिक को व्यापक एवं सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है। नए अधिनियम में ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

CMYK

## एक नजर

### पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर ई. नरेन्द्र कुमार लोहानी ने किया जनसंपर्क

**कौआकोल।** कृषि विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक (सेवानिवृत्त) एवं तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर के सीनेट सदस्य ई. नरेन्द्र कुमार लोहानी शुक्रवार को कौआकोल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आगामी पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर स्नातक मतदाताओं से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान श्री लोहानी ने विभिन्न स्थानों पर स्नातक मतदाताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा शिक्षा, रोजगार, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और स्नातक मतदाताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि की जिम्मेदारी केवल विधान परिषद तक सीमित नहीं होती, बल्कि शिक्षित समाज की समस्याओं और अपेक्षाओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखना भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वयं को पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी के रूप में प्रस्तुत करते हुए मतदाताओं से सहयोग और समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जनसमर्थन मिलता है तो शिक्षकों, छात्रों, युवाओं और स्नातक मतदाताओं के हितों की आवाज को मजबूती से उठाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय स्नातक मतदाताओं ने भी उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा क्षेत्र के विकास, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने से जुड़े सुझाव दिए। श्री लोहानी ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उनके साथ कई समर्थक एवं स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### लगातार बारिश से फतेहपुर में मकान ढहा

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के टाल पंचायत अंतर्गत फतेहपुर गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण रामानुज पाण्डेय का कच्चा मकान ढह गया। हादसे में घर में रखा हजारों रुपये मूल्य का अनाज और घरेलू सामान मलबे में दबकर पूरी तरह बर्बाद हो गया। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पीड़ित रामानुज पाण्डेय ने हसपुरा अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देकर आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। बताया गया कि घर में पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम, समाजसेवी डॉ. देवलाल पासवान, भाजपा नेता सुरेश पाण्डेय तथा वार्ड सदस्य रोहित मिश्रा ने पीड़ित परिवार को तत्काल सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। रामजीत राम ने विशेष रूप से आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार के लिए तत्काल तिरपाल उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि परिवार को अस्थायी आश्रय मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

### नालंदा महिला कॉलेज में विज्ञान संकाय की नवप्रवेशी छात्राओं का इंडक्शन प्रोग्राम

**बिहारशरीफ।** नालंदा महिला कॉलेज, बिहारशरीफ में विज्ञान संकाय की नवप्रवेशी छात्राओं के शैक्षणिक सत्र 2026-2030 का शुभारंभ शुक्रवार को इंडक्शन प्रोग्राम के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नागमणि कुमार ने छात्राओं को विज्ञान एवं वैज्ञानिक सोच के दैनिक जीवन में महत्व की जानकारी दी। वहीं दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राकेश कुमार रंजन ने महाविद्यालय के विजन, मिशन, पिछले 50 वर्षों में महिला सशक्तिकरण में कॉलेज की भूमिका, उपलब्धियों तथा नई शिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्राचार्य प्रो. डॉ. जितेंद्र रजक के नेतृत्व में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर छात्राएं अपने विद्यार्थी जीवन को सफल बना सकती हैं।महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. रेनू कुमारी ने छात्राओं को आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नमिता सिंह ने नियमित कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करने, अनुशासन का पालन करने तथा अध्ययन के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

### स्टॉप डायरिया अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

**गिरियक।** स्टॉप डायरिया अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को पावापुरी नगर पंचायत की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत की स्वच्छता पदाधिकारी राधा कुमारी ने किया। रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर होते हुए पावापुरी चौक तक पहुंची। इस दौरान लोगों को डायरिया से बचाव, स्वच्छता और सुरक्षित खानपान के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता पदाधिकारी राधा कुमारी ने कहा कि बच्चों को भोजन से पहले और शौचालय के बाद साबुन या हैंडवॉश से हाथ धोने की आदत डालनी चाहिए। नियमित हाथ धोने से डायरिया समेत कई संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। अभियान के दौरान पर्यवेक्षक नईम खान और प्रताप कुमार ने बताया कि डायरिया के प्रमुख लक्षण बार-बार पानी जैसे दस्त, पेट दर्द, ऐंठन, उल्टी, हल्का बुखार और कमजोरी हैं। गंभीर स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि मरीज को तुरंत ओआरएस का घोल, नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ व अन्य तरल पदार्थ दिए जाएं तथा हल्का व सुपाच्य भोजन जैसे चावल, केला और दही का सेवन कराया जाए। मसालेदार भोजन, अधिक फाइबरयुक्त खाद्य पदार्थ, दूध, शराब और कैफीन से परहेज करने की सलाह दी गई। अभियान में मणि शंकर, जितेंद्र दास, संजय शंकर, विकास कुमार, नकुल कुमार राय, अल्पना कुमारी, अर्चना कुमारी सहित नगर पंचायत के कर्मी मौजूद रहे।

### मोबाइल से दूर रहने की अपील




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पटना रोड स्थित दुधेश्वर नाथ पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. एस कान्त द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के आंख की जांच की गई। निदेशक मंतोष कुमार ने कहा कि बच्चों की समस्याओं को समय रहते पहचान करना तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उचित परामर्श एवं उपचार की जानकारी प्रदान करना ही लक्ष्य है। जिससे बच्चों को शैक्षणिक कार्य में किसी प्रकार का कष्ट न हो। मन्तोष कुमार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें, नहीं तो मायोपिया, ब्लेफराइटिस, विटामिन ए की कमी के साथ अनेकों प्रकार की स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

### ग्राम कचहरी में न्याय की रफ्तार सुस्त, डेढ़ साल में 1798 मामलों में सिर्फ 868 का निपटारा

**बिहारशरीफ।** ग्रामीणों को गांव स्तर पर सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से स्थापित ग्राम कचहरियां नालंदा जिले में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही हैं। ई-ग्राम कचहरी पोर्टल के अनुसार पिछले डेढ़ वर्ष में जिले की 230 ग्राम कचहरियों में कुल 1798 मामले दर्ज हुए। इनमें 1370 दीवानी और 428 फौजदारी मामले शामिल हैं। हालांकि अब तक केवल 672 दीवानी और 196 फौजदारी मामलों समेत कुल 868 मामलों का ही निपटारा हो सका है, जबकि शेष मामले लंबित हैं।आंकड़ों से स्पष्ट है कि कई ग्राम कचहरियों में डेढ़ साल में दो से चार मामले ही दर्ज हुए हैं। करायपरसुराय प्रखंड की आठ ग्राम कचहरियों में केवल 69 मामले दर्ज हुए, जिनमें 52 दीवानी और 17 फौजदारी मामले हैं। इनमें महज 11 मामलों का ही समझौते के आधार पर निपटारा हो पाया। वहीं 20 पंचायतों में दर्ज 64 मामलों में सिर्फ 13 का निपटारा हुआ।स्थिति यह है कि ई-ग्राम कचहरी व्यवस्था लागू होने और हर वर्ष लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद पंचायत स्तर पर न्याय व्यवस्था प्रभावी नहीं बन सकी है।

# औचक निरीक्षण में एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा की सख्ती, पौथू थाना में बेहतर पुलिसिंग पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज।** औरंगाबाद जिले में अपराध नियंत्रण एवं पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न अभिलेखों, थाना दैनिकी, अपराध पंजी एवं लंबित कांडों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अनुसंधानाधीन मामलों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी लंबित मामलों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार, शिकायतों का त्वरित समाधान, नियमित गश्ती, वारंट एवं कुर्की का निष्पादन तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव और कार्यालयीन कार्यों की भी समीक्षा की। एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जवाबदेही, इमानदारी और जनविश्वास के साथ बेहतर पुलिसिंग करने का निर्देश दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष संजय कुमार के साथ पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाल विवाह, बाल तस्करी व बंधुआ मजदूरी पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** कन्या उच्च विद्यालय में शुक्रवार को छात्राओं को बाल विवाह महिला सुरक्षा, मानव तस्करी व बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिनन्दन विश्वकर्मा ने की। उन्होंने छात्राओं को बाल विवाह, बाल तस्करी की रोकथाम, इसके दुष्परिणाम तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। दीप ज्योति कल्याण संस्थान के सी एस डबल्यू ने ऑपरेशन विधि पालक युवक, पुलिस दीदी टीम का गठन के उद्देश्य की जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों व किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने की अपील की। बिन्दु कुमार ने बंधुआ मजदूरी के कारणों, इसके दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव एवं सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। शिक्षिका अंजली कुमारी ने बताया कि सोशल मीडिया से प्रभावित होकर हमारे बच्चें दिगभ्रमित हो रहे हैं। जितेन्द्र कुमार ने बच्चों को हेल्प लाइन नंबर की जानकारी एवं गुड टच, बैड टच की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। विद्यालय की छात्राएं इशरा, अंजली, निशा, सिम्पी, सुप्रिया, बुसरा, सजू, सृष्टि ने गीत के माध्यम से बाल विवाह के रोकथाम के लिए लोगों से अपील की जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में सुनील कुमार ने उक्त बातों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में शिक्षिका खुशबू कुमारी, मीना कुमारी,आरती कुमारी, सोनी कुमारी, उपमा कुमारी, शिक्षक, अनूप कुमार, राहुल कुमार, विभू कुमार, मुकेश कुमार आदि शिक्षक शामिल थे।

## बारिश ने खोली विकास की पोल, राजा बगीचा वार्ड-15 की सड़क बनी तालाब, लोग बेहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत के राजा बगीचा वार्ड संख्या-15 में हल्की बारिश ने ही जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। कुछ ही देर की बारिश के बाद सड़क पर इतना पानी जमा हो गया कि लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बरसात में यही स्थिति बन जाती है। सड़क पर जलजमाव के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। कई जगह फिसलन होने से दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। वार्डवासियों का आरोप है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क हर साल तालाब का रूप ले लेती है। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा इस समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास के दावों की असली तस्वीर बारिश के बाद सड़कों पर साफ दिखाई दे रही है। अब सभी की निगाहें नगर पंचायत प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## विकास योजनाएं जल्द होंगी शुरू, जल-जमाव को लेकर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों में हो रही देरी को लेकर पूर्व चेयरमैन सह चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि सरकारी आदेश के कारण नगर पंचायत में करीब 30 से 40 विकास योजनाओं के कार्य प्रभावित हुए हैं। अब अधिकार बहाल होने के बाद योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कराया जा रहा है और अगले एक-दो महीने में विभिन्न वार्डों में विकास कार्य शुरू होने की उम्मीद है। डॉ. गुलाम शाहिद ने बताया कि 25 जुलाई 2026 को सरकार की ओर से विभागीय स्तर पर कार्यों को लेकर आदेश जारी हुआ था, जिसके कारण नगर पंचायत की कई योजनाएं आगे नहीं बढ़ सकीं। कुछ योजनाओं के टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और उनके वर्क ऑर्डर भी जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 15 लाख



रुपये तक के कार्यों को लेकर नगर पंचायत का अधिकार पुनः बहाल कर दिया गया है। इसके बाद अब 30 से 40 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 8 स्थित दुर्गा स्थान के पास खराब सड़क को लेकर डॉ. शाहिद ने कहा कि उक्त सड़क नगर पंचायत की नहीं, बल्कि आरसीडी की है। उन्होंने बताया कि हुड्डा बंगला से कलेसर यादव तक बने सड़क मार्ग में जलजमाव की समस्या है। उनके अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान नाले का स्तर सड़क से ऊंचा रहने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त सड़क का निर्माण नगर पंचायत ने नहीं कराया है। गर्ल्स स्कूल के पीछे हाल में हुए जलजमाव को लेकर उन्होंने बताया कि घटना के समय वह पटना में थे। वार्ड पार्षद राजेश कुमार ने उन्हें जलजमाव और घरों में पानी घुसने की जानकारी दी थी। इसके बाद नगर पंचायत के कर्मचारियों से जानकारी ली गई तो पता चला कि सिटी कार्ट के पास नाले को अवरुद्ध कर रैंप बना दिया गया था। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी जिस रास्ते से होती थी, वहां मिट्टी भर दिए जाने के कारण भी समस्या उत्पन्न हुई। संबंधित जमीन मालिक से बातचीत कर तत्काल रास्ता खोलने का आग्रह किया गया, जिसके बाद पानी की निकासी कराई गई। डॉ. गुलाम शाहिद ने शहरवासियों से अपील की कि सरकारी नाले, नालियों अथवा जलनिकासी वाले सरकारी भू-भाग पर किए गए अस्थायी या स्थायी अतिक्रमण को स्वयं हटा लें, ताकि बारिश के दौरान शहर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग जलनिकासी के रास्ते को नहीं खोलेंगे, उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए नालों को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी मोहल्ले को जलजमाव के कारण डूबने नहीं दिया जाएगा। डॉ. शाहिद ने दावा किया कि वर्ष 2002 से 2026 के बीच पहली बार इस तरह पानी घरों में घुसने की स्थिति बनी है। उन्होंने इसके पीछे सिटी कार्ट के पास नाले को ढककर रैंप और प्लेटफॉर्म बनाए जाने को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस अतिक्रमण को हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि वार्ड नंबर 8 में गर्ल्स स्कूल के पीछे स्थायी जलनिकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जाएगा, ताकि भविष्य में जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

## अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मां द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका उच्च विद्यालय, कासमा द्वारा 'हरियाली माह' अभियान के अंतर्गत अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया। विद्यालय की ओर से 15 जुलाई से 15 अगस्त तक पर्यावरण संरक्षण एवं व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभियान की थीम 'एक बच्चा, एक पेड़, एक जिम्मेदारी' रखी गई है। पौधारोपण करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रशांत मणि ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में यह एक उत्कृष्ट प्रयास है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आम जनमानस में व्यापक जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी से कम-से-कम एक पौधा लगवाना और उसकी नियमित देखरेख सुनिश्चित करना है। विद्यालय, परिवार,




पंचायत तथा सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का लक्ष्य है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट पौधा संरक्षक विद्यार्थियों, सहयोगी संस्थाओं एवं अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के सुचित मिश्र, स्नेहलता, चंदन अग्रवाल, रमेश कुमार सहित महाविद्यालय के कई शिक्षक उपस्थित थे।

## पिलछी में बना नशा रोकने को प्रहरी क्लब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय पिलछी में विभागीय निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रहरी क्लब का गठन किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों सहित कक्षा छह, सात एवं आठ के बच्चों की बैठक में 25 सदस्यीय क्लब का गठन किया गया। क्लब के संयोजक शिक्षक शशि भुषण चौबे बनाए गए हैं। प्रहरी क्लब के समूह नायक की जवाबदेही विशाल कुमार एवं लक्ष्मी कुमारी को दी गयी है। प्रधानाध्यापक ने बैठक को संबोधित करते हुए



समाज में बढ़ती नशे की लत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में में इसे रोकना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसके लिए जन जागरूकता ही सबसे सटीक उपाय है। यदि इसे नहीं रोका गया तो तो आने वाले समय में इसके गंभीर दुष्परिणाम से हमसबों को दो चार होना पड़ेगा। शशि भुषण चौबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग अपने अपने घरों एवं आस पास के क्षेत्रों में नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक क्षति के बारे में बताते हुए नशा नहीं करने का आग्रह करेंगे।

## नशा मुक्त समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएंगे रोटेरियन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर के पोस्टमार्टम रोड स्थित संजीवन हॉस्पिटल में रोटरी क्लब आफ नवादा और प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार की देर शाम नशा मुक्ति महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोटरी क्लब आफ नवादा के प्रेसीडेंट नीरज कुमार लोहानी के नेतृत्व में प्रबुद्धजनों ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा ली। महाअभियान में ब्रह्माकुमारी बहन ज्योतिका ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में जागरूक नागरिकों की भूमिका के सहयोग की अपील की और कहा कि नशा मुक्ति समाज के निर्माण में रोटेरियन अग्रणी भूमिका निभाएं। ब्रह्माकुमारी बहन बबीता ने बताया कि प्रजापति ब्रह्माकुमारी



ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 30,166 जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। करीब 3.63 करोड़ नागरिकों को इन कार्यक्रमो से लाभ मिला है और करीब 3.19 करोड़ से अधिक लोगों ने नशामुक्ति की प्रतिज्ञा ली है। वर्तमान में छह से 20 अगस्त कर नशा मुक्ति महाअभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें नशा मुक्त परिवार के साथ एक नशा मुक्त समाज निर्माण पर जोर है। कार्यक्रम में क्लब के सेक्रेटरी प्रह्लाद कुमार, डा. मनोज कुमार, डा. पिंकी बरनवाल, आर पी साहू, राजेन्द्र प्रसाद, नित्यानंद प्रसाद, शंभु कुमार, डा. पुष्कर चन्द्रा, रीता कुमारी, नागेन्द्र प्रसाद 'नवीन', अविनाश चन्द्रा गुप्ता, मनोज कुमार एलआईसी, आदित्य कुमार समेत अन्य रोटेरियन उपस्थित रहे।

## बच्चों को महिला सुरक्षा, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद पुलिस एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 6 अगस्त 2026 को कासमा थाना के अन्तर्गत सरावक हाई स्कूल के बच्चों को महिला सुरक्षा, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कासमा थाना एस आई नेहा रंजन ने की उन्होंने उपस्थित बच्चों को मानव तस्करी की रोकथाम, इसके दुष्परिणाम तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के



लिए जागरूक किया,एस आई बिट्टू कुमार ने "ऑप्रेसन विधि पालक" पुलिस दीदी टिम का गठन के उद्देश्य की जानकारी देते हुए महिलाओं की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

## सावनपुरिया : रिश्तों में मधुरता घोलने वाली परंपरा, मायके से सावन में भेजा

डॉ. उपेंद्र कश्यप/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सावन मास में सावनपुरिया कई परंपरा है। यह कब से आरंभ हुआ यह अज्ञात है। मगध में इस परंपरा का प्रचलन काफी है। विशेषतः सवर्ण समाज में इसका चलन अधिक है। बाकी समाजों के सक्षम परिवारों में यह जारी है। यह लोक परम्परा रिश्तों में मधुरता घोलने वाली है। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री बताते हैं कि सनातन परंपरा में परिवार पति-पत्नी, सास-ससुर, साला-साली जैसे रिश्तों को कहा जाता है। जबकि कुटुम्ब उसे कहते है जिससे खून का सम्बन्ध होता है। यथा माता-पिता, भाई-बहन, नाना-नानी, चाचा, फुआ, बेटा-बेटी, मौसी। इन सभी से प्रेम रखने के लिए कोई न कोई व्रत है। उद्देश्य यह है कि इससे रिश्ते को सुंदर सहज स्वरूप में बनाये रखा जा सके। बाप व भाई के प्रति बहन-बेटी का आगाध प्रेम होता है। महिलायें सब कुछ सह सकती हैं, परन्तु मायका (भाई-पिता) की शिकायत सहन नहीं करती हैं। इसीलिए उनको मायके द्वारा आने वाली सावनपुरिया की प्रतिक्षा रहती है। श्री शास्त्री बताते हैं कि सावन पुरिया का अर्थ है- सावन महीना की पुरिया अर्थात सौगात पोटली जिस को मिलने से सावन पूर्ण हो जाता है। सावन शुरू होते ही सौभाग्यवती अपने पिता या भाई से कामना करती है कि वह कब सावनपुरिया लेकर आते हैं। जब भाई-बाप द्वारा सावन पुरिया प्राप्त हो जाती है, तो अपने आप को परम भाग्यशाली समझती है। इसलिए पहले के लोग बिना भाई की लड़की से अपने पुत्रों का विवाह नहीं करना चाहते थे। सावनपुरिया में हरे रंग की साड़ी सेट, सूट सेट, चूड़ी सेट, मेहंदी, सिन्दूर, श्रृंगार, और मिठाई भेजी जाती है। कुछ परिवार अपनी क्षमता के अनुसार आभूषण भी भेजते हैं। सामान नहीं रहने पर पैसे भी भेज दिये जाते हैं।

## एमडीएम में परोसे जा रहे मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने पर जमकर हंगामा

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बीडीसी की बैठक में सदस्यों ने एमडीएम में परोसे जा रहे कीड़े के सवाल पर जमकर हंगामा किया। धुसरी पंचायत की पंसस सदस्य इंदु कुमारी ने तिलौती स्कूल में बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) में कीड़े मिलने और घटिया गुणवत्ता का भोजन परोसने की शिकायत की। इस शिकायत पर एमडीएम प्रभारी रीना कुमारी ने पंसस सदस्या से पूछा, "क्या आप खाने गई थीं?" एमडीएम प्रभारी की इस प्रतिक्रिया से बीडीसी सदस्य भड़क गए और सदन में जोरदार हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के बाद बीडीओ पंकज कुमार और सीओ सुनील कुमार ने एमडीएम प्रभारी को फटकार लगाई। उन्होंने प्रभारी को भविष्य में ऐसी हरकत न करने की सख्त हिदायत भी दी। बैठक निर्धारित समय से एक घंटे देरी से शुरू हुई। सबसे पहले अधिकारियों और उपस्थित बीडीसी सदस्यों के बीच परिचय हुआ। बैठक की अध्यक्षता श्रीनिवास सिंह ने की, जबकि संचालन सीओ ने किया।

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (M)
IRRIGATION MECHANICAL DIVISION,DEHRI
Email id- eeimddehri2018@gamail.com

Short Notice Inviting Quotation No:- 03/2026-27

Quotation is being invited for submission of rates against recommendations for Hydro Mechanical Components of Sone Barrage Indrapuri as per Comprehensive Dam Safety Evaluation Report of DSRP II, SDSO, Bihar for the following work :- Non-Destructive Tests and UT scanning by ASNT Level II Technician (minimum) to determine the thickness of critical load bearing members or as per the existing condition of gate components,also include assessment of riveted or bolted joints and critical welded joints by ultrasonic or DP tested."

Details of Sone Barrage Indrapuri Gates

Total nos. of Gates - 09 nos U/S Gates- size 18.30 m x 5.01 m (Fixed Roller Vertical Type)
60 nos S/W Gates- size 18.30 m x 4.40 m (Fixed Roller Vertical Type)
18 nos H/R Gates- size 7.90 m x 2.88 m (Fixed Roller Vertical Type)
Total nos. of Stoplog Gates - 20 nos for Barrage Gates- size 18.30 m x 1.0 m
16 nos for H/R Gates- size 7.90 m x 0.7 m

Trestle Height - 5.0m equipped with Hoist Platform,Rope Drum,Counter Weight etc. necessary components as per requirement of Barrage.
Length of Barrage -1.5 km

TERMS AND CONDITIONS :-

1. Work also includes submission of detailed test report within 15 days after completion of above mentioned test.
2. Quotationer must be authorised Govt./PSU/ Private Agency.
3. Agency should have experience of similar nature of inspection work, if hiring external agency the working agency should have experience of similar nature of inspection work
4. G.S.T. Registration should be appended.
5. The rate quoted should be exclusive of GST, Labour Cess but inclusive of all other charges.
6. The submission of rates under this quotation meant for preparation of estimate only. Quotation will be accepted by registered post or on official Email id- eeimddehri2018@gamail.com or in the office of Executive Engineer (M), Irrigation Mechanical Division, Dehri from 17/08/2026 to 22/08/2026.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

Executive Engineer(M)
Irrigation Mechanical Division,Dehri

PR. No. 009509 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# आज और कल सभी बूथों पर लगेगा विशेष शिविर

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** मतदाता सूची को शुद्ध अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 8 और 9 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। यहां पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने संशोधन कराने और मतदान केंद्र बदलने की सुविधा मिलेगी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिलेवासियों से विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों और बीएलओ को शिविर में आने वाले नागरिकों को आवश्यक जानकारी देने और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करने का निर्देश दिया है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले भर सकते हैं फॉर्म-6 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले अथवा 18 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र भारतीय नागरिक जो संबंधित क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं परिवार के सदस्यों को एक बूथ पर लाने की सुविधा यदि परिवार के सदस्यों के नाम अलग अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं या वर्तमान मतदान केंद्र घर से काफी दूर है तो मतदाता फॉर्म-8 के माध्यम से नाम को सुविधाजनक एवं नजदीकी मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन मतदाता ईसीनेट एप के अलावा वोटर्स. ईसीआई.गोव.इन पोर्टल के माध्यम से भी फॉर्म-6 और फॉर्म-8 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी मतदाता सूची की जानकारी जांचें और जरूरत के अनुसार नाम जोड़ने संशोधन या स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करें।

# पुलिस ने गुम हुए 89 मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** बिहार पुलिस, मुख्यालय द्वारा आम नागरिको के चोरी, झपट्टामारी एवं गुम हो गये मोबाईल का तकनीकी / आसूचना संकलन के आधार पर बरामदगी को लेकर ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा था जिसके तहत पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर अरविन्द प्रताप सिंह के निर्देशन में अब तक समस्तीपुर पुलिस के द्वारा करीब 04 करोड़ 24 लाख रूपया मुल्य का 1820 मोबाईल बरामद कर स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। समस्तीपुर जिला अन्तर्गत इस अभियान का सफल संचालन दुर्गेश दीपक, पुलिस उपाधीक्षक (साईबर), समस्तीपुर एवं पुलिस अवर निरीक्षक धन्नजय कुमार, डीआईयू-सह-जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी कुणाल कुमार, ऑपरेशन मुस्कान, समस्तीपुर के नेतृत्व में तकनीकी/आसूचना संकलन के आधार पर चोरी, झपट्टामारी एवं गुम हुए मोबाईल की बरामदगी हेतु युवा एवं कुशल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी की अनुमंडलवार 06 मोबाईल रिकवरी टीम का गठन किया गया है। समस्तीपुर पुलिस के द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुये करीब 22 लाख रूपया मूल्य का कुल 89 मोबाईल बरामद किया गया है। शुक्रवार को मोबाईल रिकवरी टीम द्वारा तकनीकी सहयोग के आधार पर करीब 22 लाख रूपया मूल्य का कुल 89 मोबाईल बरामद कर स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। अबतक समस्तीपुर पुलिस के द्वारा करीब 04 करोड़ 46 लाख रूपया मुल्य का 1909 मोबाईल बरामद कर स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। तकनीकी शाखा के सदस्यो को इस सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य हेतु पुरस्कृत किया जायेगा। दलसिंहसराय थाना के मोबाईल रिकवरी के प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक रिचा सिंह प्रभारी के नेतृत्व में सबसे अधिक 15 मोबाईल एवं विद्यापति नगर थाना के मोबाईल रिकवरी के प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक अमृता राज के नेतृत्व में 10 मोबाईल को बरामद किया गया है, जो सराहनीय है। इनके मनोबल को उँचा बनाये रखने हेतु प्रत्येक को पुरस्कृत किया जा रहा है।

# न्यायिक दंडाधिकारी सह अतिरिक्त मुंसिफ के कार्यालय में लगी आग

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** व्यवहार न्यायालय परिषद स्थित न्यायिक दंडाधिकारी सह अतिरिक्त मुंसिफ के कार्यालय में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। इस घटना में कई संचिकाओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जलकर राख हो गयी। बाद में अग्निशमन टीम और स्थानीय कर्मचारियों ने हैंड फायर फाइटर के सहयोग से आग पर काबू पाया। कोर्ट के कर्मियों का बताना था कि सुबह करीब 08:00 बजे कोर्ट के कर्मी कार्यालय खोलने के लिए पहुंचे तो कार्यालय से धुआं निकलता हुआ लोगों ने देखा। जब लोग अंदर पहुंचे तो देखा कि कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कंप्यूटर सीसीटीवी कैमरे की वायर आदि जल रही है कुछ फाइलों में भी आग लगी हुई है जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन टीम को दी गई। सभी लोगों ने कार्यालय में उपलब्ध हैंड फायर फाइटर के सहयोग से आग पर काबू पाया। इस घटना में दर्जन भर से अधिक संचिकाएं के अलावा कंप्यूटर सीसीटीवी कैमरे की वायर आदि जलकर राख हो गया। उधर सूचना पर अग्निशमन टीम भी मौके पर पहुंची टीम के सदस्यों द्वारा बचे हुए आग पर फायर फाइटर से काबू पाया गया। अगलगी की इस इस घटना में न्यायिक दंडाधिकारी के कार्यालय से कौन-कौन सी संचिकाएं जल का रख हुई है इसके बारे में अभी पता नहीं चल सका है।

# प्रश्न पत्र लीक एवं युवाओं पर दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** जिला कांग्रेस कमिटी, समस्तीपुर (शहरी) के तत्वावधान में युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ एवं लगातार हो रही प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं के विरोध में विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिता राम ने की। यह प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय, काशीपुर से प्रारंभ होकर समाहरणालय तक निकाला गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए युवाओं के भविष्य की रक्षा की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिता राम ने कहा कि बार-बार प्रश्न पत्र लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाने वाले छात्रों एवं युवाओं पर दमनात्मक कार्रवाई लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने मांग की कि प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि युवाओं का विश्वास बहाल हो सके। इस अवसर पर एकलखुर रहमान सिद्दीकी, परमानंद मिश्रा, विश्वनाथ हजारी, सुशील कुमार राय, शिवराम ठाकुर, मोहम्मद सोहेल सिद्दीकी, अनिल कुमार तिवारी, मोहम्मद असगर अंसारी, रेशम सिंह, आशुतोष कुमार, राम नारायण शर्मा, सोनी पासवान, अब्दुल मलिक, अजय कुमार, रमेश कुमार, संजय राय आदि काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएम सम्राट चौधरी ने भोजपुरी पीड़िया पेंटिंग के लिए सर्जना न्यास को प्रदान किया प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** नेशनल हैंडलूम डे 2026 के अवसर पर बिहार की समृद्ध लोककला एवं पारंपरिक शिल्प विरासत को सम्मानित करते हुए आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हाल ही में जीआई टैग प्राप्त तीन पारंपरिक कलाओं के प्रमाणपत्र संबंधित संस्थाओं को प्रदान किए गए। सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुरी पीड़िया पेंटिंग के लिए सर्जना न्यास, नालंदा की बावनबूटी के लिए बासवान बिगहा प्राइमरी वीवर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी तथा गया की पत्थरकट्टी पाषाण कला के लिए आशीर्वाद स्टोन हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को जीआई प्रमाणपत्र प्रदान किया। भोजपुरी पीड़िया पेंटिंग भोजपुर अंचल की पारंपरिक लोक चित्रकला है, जिसका आधार भोजपुरी संस्कृति का पीड़िया पर्व है। भाई-बहन के स्नेह, मंगलकामना और दीर्घायु से जुड़े इस लोकपर्व में कुंवारी कन्याएँ दीपावली एवं गोवर्धन पूजा के बाद सवा महीने तक घरों की दीवारों पर गोबर, धान, चावल तथा प्राकृतिक रंगों से पारंपरिक चित्रांकन करती हैं। इसी लोक परंपरा से विकसित पीड़िया पेंटिंग आज भोजपुर क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इसी प्रकार नालंदा की बावनबूटी बिहार की प्राचीन हथकरघा बुनाई कला है, जिसमें सूती एवं रेशमी वस्त्रों पर हाथ से 52 प्रकार की पारंपरिक बूटियों का कलात्मक संयोजन बुना जाता है। वहीं गया की पत्थरकट्टी पाषाण कला लगभग 300 वर्ष पुरानी शिल्प परंपरा है, जो स्थानीय काले ग्रेनाइट पत्थरों पर उत्कृष्ट नक्काशी और मूर्तिकला के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा पटना के मौर्यलोक परिसर में तीन दिवसीय हैंडलूम प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ. शाजी के.वी. ने किया। प्रदर्शनी में हाल ही में जीआई टैग प्राप्त तीनों संस्थाओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनके उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए स्टॉल उपलब्ध कराए गए। प्रदर्शनी में सर्जना न्यास, बासवान बिगहा प्राइमरी वीवर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, आशीर्वाद स्टोन हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अलावा ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया, रंग शिल्पी हैंडीक्राफ्ट (दरभंगा), जय माता दी जीविका स्वयं सहायता समूह (समस्तीपुर), केजीएन सिल्क (बांका), रेपो (भागलपुर), रंतो हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (मधुबनी), मुन्ना टसर सिल्क(नवादा) तथा भोजपुरिया क्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (भोजपुर) समेत 11 संस्थाओं एवं शिल्पकारों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में लोककलाओं एवं हस्तशिल्प से जुड़े विविध उत्पाद-भोजपुरी पीड़िया पेंटिंग, बावनबूटी वस्त्र, पत्थर की कलात्मक मूर्तियाँ, मधुबनी पेंटिंग, हस्तनिर्मित खिलौने, साड़ियाँ, चादरें, दुपट्टे, बैग एवं अन्य हस्तशिल्प उत्पाद-आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बड़ी संख्या में आगंतुक स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन कर रहे हैं। नेशनल हैंडलूम डे के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम बिहार की पारंपरिक लोककलाओं, हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प को राष्ट्रीय पहचान प्रदान करने तथा स्थानीय शिल्पकारों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जीआई टैग प्राप्त इन कलाओं को प्रोत्साहन मिलने से न केवल बिहार की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों एवं बुनकरों के लिए नए बाजार और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# गिरिडीह पुलिस को मिले 32 नए वाहन, पेट्रोलिंग में होगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है शुक्रवार को उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने विभिन्न थानों के लिए आवंटित 32 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया नए वाहनों के मिलने से पुलिस की गश्ती त्वरित प्रतिक्रिया विधि-व्यवस्था संधारण और आपात स्थिति में कार्रवाई की क्षमता बढ़ेगी। इससे थाना क्षेत्रों में पुलिस की आवाजाही और पेट्रोलिंग व्यवस्था भी पहले से अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। इस मौके पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। आवश्यक संसाधन मिलने से पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा जरूरत के समय पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। वहीं एसपी डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि नए वाहनों से पुलिस की मोबिलिटी पेट्रोलिंग और रिस्पॉन्स सिस्टम मजबूत होगा।

# 50 तकनीक आधारित कृषि परियोजनाओं को हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** पूर्वी भारत के कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने की दिशा में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा ने बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय की दो दिवसीय विशेष शोध परिषद बैठक में लगभग 50 उच्च-प्रभाव वाली तकनीक आधारित कृषि शोध परियोजनाओं को विश्वविद्यालय से वित्त पोषण की मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन तकनीक और जैव-प्रबलित फसल किस्मों के विकास पर विशेष बल दिया गया है, ताकि जटिल कृषि-जलवायु चुनौतियों का समाधान किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य प्रयोगशाला में विकसित नवाचारों को सीधे किसानों के खेत तक पहुंचाना है। ये लक्षित परियोजनाएं जलवायु अनुकूलन, प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि पर केंद्रित हैं, जो दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में बोलते हुए रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के निदेशक शोध डॉ.एस के. चतुर्वेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रस्तावित वैज्ञानिक रणनीतियां मृदा स्वास्थ्य और कृषि की महत्वपूर्ण चुनौतियों को सीधे संबोधित करती हैं। आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ. शैलेंद्र राजन ने नई कृषि तकनीकों के आर्थिक लाभों को रेखांकित किया। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सचिन नंदगुड़े, प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष, मृदा एवं जल संरक्षण अभियंत्रण, एमपीकेवी रहूरी, महाराष्ट्र ने शोध परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और तकनीक आधारित शोध की प्रासंगिकता पर बल दिया।

निदेशक शोध डॉ.ए.के सिंह ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा बताते हुए कहा कि परिषद ने सटीक कृषि, उन्नत बीज प्रौद्योगिकी और जैव-प्रबलित किस्मों से संबंधित लगभग 50 परियोजनाओं का गहन मूल्यांकन कर उन्हें स्वीकृति दी है। इनमें से अधिकांश अभिनव परियोजनाओं के ठोस परिणाम अगले दो से तीन वर्षों में खेतों पर देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक स्कूल आफ़ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट डॉ रामदत्त, डीन फिशरीज डॉ पी पी श्रीवास्तव, सह निदेशक शोध डॉ संतोष ठाकुर एवं डॉ मुकेश कुमार, पीआरओ डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**चुरचू (हजारीबाग) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चुरचू प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत के ग्राम कजरी स्थित बुनकर भवन में शुक्रवार को 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग जिला मुखिया संघ के उपाध्यक्ष, चुरचू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं सम्मानित अतिथि के रूप में अजय मुर्मू (वार्ड प्रतिनिधि, कजरी) एवं रणदीप दुबे (पत्रकार, दैनिक भास्कर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवकी महतो ने कहा कि ''यह हमारे पंचायत और आसपास के क्षेत्रों के लिए गर्व की बात है कि बुनकर भवन हमारे ही पंचायत में स्थापित है। इससे क्षेत्र के कई लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। ऐसे संस्थानों से स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिल रहा है।' उन्होंने बुनकरों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हथकरघा उद्योग देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और इसके संरक्षण एवं विकास के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में बुनकर भवन के संचालक सुरेश मुर्मू, वार्ड सदस्य सबीना हेंब्रम, पत्रकार संजय मुर्मू, पत्रकार कामाख्या सिंह, प्रशिक्षक मनीषा प्रीति, बुनकर भवन के सभी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं बुनकर उपस्थित रहे।



# डीएम ने मटिहानी प्रखंड का किया निरीक्षण

## पीएचसी और आदर्श विद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को मटिहानी प्रखंड का भ्रमण कर विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मटिहानी तथा आदर्श विद्यालय मटिहानी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों का जायजा लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मटिहानी के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकीय व्यवस्था, दवा की उपलब्धता, साफ-सफाई, स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने आदर्श विद्यालय, मटिहानी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था, कक्षाओं के संचालन तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय से संबंधित विषयों की जानकारी ली।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों की कक्षा में जाकर स्वयं ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया तथा उनसे विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अध्ययन करने, अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। जिला पदाधिकारी का विद्यार्थियों के साथ यह संवादपूर्ण एवं सहज व्यवहार कक्षा में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

# एमडीएम की हाजिरी सुबह 11 बजे तक अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मध्याह्न भोजन योजना के तहत विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति एवं भोजन ग्रहण करने वाले छात्रों की संख्या अब प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 11 बजे तक अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय ने इस संबंध में सभी जिलों को नया निर्देश जारी करते हुए समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्र ने 5 अगस्त को सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को भेजे गए पत्र में निर्देश दिया है कि पर प्रत्येक कार्य दिवस पूर्वाह्न 11 बजे तक छात्रों की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन से लाभान्वित बच्चों की संख्या अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। निर्देश के अनुसार उपस्थिति दर्ज करने के लिए के वर्सन 3.6.0 का उपयोग करना होगा। यह नया संस्करण गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध करा दिया गया है। सभी प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को अपने मोबाइल में ऐप का नवीनतम संस्करण अपडेट करना अनिवार्य होगा। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को प्रतिदिन सुबह 11 बजे तक दो जानकारियां दर्ज करनी होंगी। विद्यालय में उपस्थित छात्रों की संख्या तथा मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी विद्यालय द्वारा निर्धारित समय के बाद उपस्थिति दर्ज की जाती है तो संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एमडीएम) मो. मजहर ने ज्ञापांक 517, दिनांक 6 अगस्त के माध्यम से आदेश की प्रति सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, प्रखंड साधनसेवियों, प्रधानाध्यापकों तथा पीएम श्री विद्यालयों को भेज दी है। पत्र में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

# राजेश राय ने स्कूल भवन के लिए दान में दिया 19 कट्ठा एक धुर जमीन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम करते हुए समाजसेवी राजेश कुमार राय ने उच्च माध्यमिक विद्यालय, महेशपुर के भवन निर्माण के लिए 19 कट्ठा 1 धुर जमीन दान में दे दी है। उनके इस पुनीत कार्य की पंचायत भर में सराहना हो रही है। बेगूसराय समाहर्ता के निर्देशानुसार विद्यालय भवन निर्माण हेतु राजेश कुमार राय ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित अक्षय मिश्रा को विधिवत जमीन सौंपी। जमीन राज्यपाल के नाम से दान की गई है। भूमि दान के अवसर पर राजेश कुमार राय ने श्रीमद् भागवत गीता का श्लोक उद्धृत करते हुए कहा कि दातव्यमिति यद्दानं दीयते नुपकारिणे। देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्विकं स्मृतम। अर्थात - त्जो दान कर्तव्य समझकर, बिना किसी बदले की भावना के, सही स्थान, सही समय और योग्य पात्र को दिया जाता है, वही उत्तम दान है।उन्होंने कहा कि इस भूमि दान से समाज का कल्याण होगा और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के साथ उत्कृष्ट योगदान मिलेगा। इसी भावना के साथ मैं यह भूमि दान कर रहा हूं। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित अक्षय मिश्रा ने राजेश राय के इस कदम को सराहते हुए कहा कि यह पूरे राज्य के लोगों के लिए प्रेरणा है। आने वाले समय में ऐसे महानदाता व्यक्तित्व को लोग हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुकेश मास्टर, शिवदत्त पंडित, 20 सूत्री अध्यक्ष हेमंत चौधरी, वेदाचार्य चंदन कुमार तिवारी, संजीव कुमार सिन्हा, अमितेश कुमार गोपाल यादव सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।विद्यालय परिवार की ओर से अंचलाधिकारी रानू कुमार, भूमि उपसमाहर्ता मनकेश कुमार, तेघड़ा अनुमंडल के पूर्व एसडीएम राकेश कुमार, एडीएम बेगूसराय ब्रिज किशोर चौधरी और जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री का आभार व्यक्त किया गया। अंत में शिक्षक संजीव कुमार सिंह और चंदन कुमार तिवारी ने भूमि दाता राजेश कुमार राय और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर और माला पहनाकर सम्मानित किया।

## परिचारी के निधन पर शोकसभा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन के सभा कक्ष में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा कार्यालय परिचारी पंकज कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। पंकज कुमार प्रखंड कार्यालय, डंडारी में पदस्थापित थे तथा जिला जनगणना कोषांग, बेगूसराय में प्रतिनियुक्त थे। शोक सभा में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री सहित समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन धारण कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया।

# विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र की रजाकपुर पंचायत के चक्का गांव में गुरुवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान चक्का गांव निवासी दिवंगत कृपाल पासवान के पुत्र रूपेश कुमार पासवान की 25 वर्षीया पत्नी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले गढ़पुरा थाना क्षेत्र के खखरुआ गांव से चक्का पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए सोनी को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं, ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि सोनी कुमारी ने आत्महत्या की है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों और बयानों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। मृतका के भाई सतीश कुमार ने बताया कि सोनी की शादी वर्ष 2019 में रूपेश कुमार पासवान के साथ हुई थी। शादी के समय मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर सोनी को प्रताड़ित करते थे। उसके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट किए जाने की शिकायत भी वह मायके वालों से करती थी। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। सोनी की दो पुत्रियां हैं। मृतका के भाई ने बताया कि घटना के दिन सोनी ने फोन कर कहा था कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। उसने यह भी आशंका जताई थी कि ससुराल वाले उसकी हत्या कर सकते हैं। भाई के अनुसार, फोन के कुछ ही देर बाद परिजनों को सोनी की मौत की सूचना मिली। मायके वाले जब चक्का पहुंचे तो उन्होंने सोनी के गले पर निशान देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मो. फिरदौस, एसआई पूनम कुमारी साहु सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जानकारी जुटाई। मायके पक्ष के लोग शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने का विरोध कर रहे थे। पुलिस द्वारा काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच करने के साथ ही मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की। विवाहिता की मौत हत्या है या आत्महत्या, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर छानबीन कर रही है।

## संगठन को सशक्त बनाना उद्देश्य

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय लोकमंच पार्टी पटना महानगर इकाई की साप्ताहिक बैठक पटना के गायघाट पटना सिटी स्थित एक निजी विद्यालय में पटना महानगर संयोजक शम्भू नाथ उर्फ शम्भू मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को वार्ड स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पटना महानगर इकाई के विस्तार पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में पिंकी कुमारी को पटना महानगर महासचिव सह पटना सिटी अंचल प्रभारी, पूनम देवी को वार्ड संख्या 57 की संयोजक, शिवम कुमार सिन्हा को वार्ड संख्या 63 का संयोजक तथा संतोष कुमार को वार्ड संख्या 70 का संयोजक मनोनीत किया गया।

# भीष्म गर्मी में भी अट्टू आस्था के साथ महादेव की जयकारे लगाकर आगे बढ़ रहे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटोरिया ( बांका)।** विश्व श्रावणी मेला के नौवां दिन शुक्रवार को श्रद्धालु भीष्म गर्मी में भी अटूट आस्था के साथ सुलतानगंज से जल भरकर हर हर महादेव की जयकारे लगाकर आगे बढ़ रहे थे। चारो ओर भक्ति भावना चरम पर थी। वही इस बार जिला प्रशासन की व्यवस्था पर श्रद्धालु संतुष्ट नजर आये। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की पुरी टीम मुस्तैद थी। जगह जगह पुलिसकर्मी ट्राइफिक व्यवस्था को संभाल रही थी। ताकि जाम न लगे ओर किसी प्रकार से श्रद्धालु परेशान न हो। साथ ही पुलिसकर्मी घोड़े पर सवार होकर गस्ती करते नजर आ रहे थे। कई जगह अस्थायी थाने भी बनाये गये थे।उच्च अधिकारी सीसीटीवी फुटेज की मदद से हर विंदू पर नजर बनाये हुए थे। वही स्वास्थ्य सुविधा को लेकर जगह जगह मेडिकल टीम तैनात थी। बताते चले कि सावन के पावन महीनें में बिहार के भागलपुर बांका मुंगेर सहित झारखंड के देवघर ओर दुमका तक विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का आयोजन होता है। इस मेले की खास बात ये है कि ये सबसे बड़े मेले के रूप में जाना जाता है। इसे अभ्दत ओर अनोखा बाबा भक्त कांवरिये ओर इन्हीं के जत्थे में शामिल डाक बम बनाते है। कांवर यात्रा या डाक बम की दौड़ देखते ही बनती है। नंगे पांव जमीन पर लेटकर ओर दौड़ते हुए बाबा धाम जाकर बाबा बैधनाथ को जलाभिषेक करना, एक बड़ी ख्याति प्राप्त मान्यता है। इस अलौकिक कांवर यात्रा की शुरूआत गंगा तट सुलतानगंज से होती है। बताते चले कि सावन के पावन महीनें में बिहार के भागलपुर बांका मुंगेर सहित झारखंड के देवघर ओर दुमका तक विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का आयोजन होता है। इस मेले की खास बात ये है कि ये सबसे बड़े मेले के रूप में जाना जाता है। इसे अभ्दत ओर अनोखा बाबा भक्त कांवरिये ओर इन्हीं के जत्थे में शामिल डाक बम बनाते है। कांवर यात्रा या डाक बम की दौड़ देखते ही बनती है। नंगे पांव जमीन पर लेटकर ओर दौड़ते हुए बाबा धाम जाकर बाबा बैधनाथ को जलाभिषेक करना, एक बड़ी ख्याति प्राप्त मान्यता है। श्रावणी मेले और इस भक्तिभाव से परिपूर्ण यात्रा की शुरूआत का बड़ा भाग करीब सौ किलोमीटर बिहार में पड़ता है। इसके बाद 15 किलोमीटर का सफर झारखंड जिले में किया जाता है। परंपरा के अनुसार, महादेव के भक्त सुल्तानगंज के पावन गंगा नदी घाटों पर स्नान करते हैं, उसके बाद यहीं से जल भरते हैं। यहीं बाबा अजगैबीनाथ का मंदिर भी है। वहां श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ बाबा के दर्शन कर अपनी यात्रा को आगे बढ़ाते हैं। माने अजगैबीनाथ की पूजा कर यात्रा का संकल्प लेते है। बिहार का लंबा सफर पार करते हुए गंगाजल को दो पात्रों में लेकर बहंगी में रखते हैं। इस बहंगी को ही कांवर कहा जाता है। इसे लेकर बाबा धाम तक जा रहे भक्तों को ही कांवरिया कहते हैं। इन्हीं में एक जत्था होता है डाक बम का। डाक बम संकल्प लेने के साथ ही सुल्तानगंज से दौड़ लगाना शुरू करते हैं। वे 24 घंटे के अंतराल में लगातार बिना रुके चलते और दौड़ते हैं और सीधे बाबा धाम पर जाकर रुकते हैं।

# स्कूल-कॉलेजों में बहेगी देशभक्ति की बयार

## 'हर घर तिरंगा' को लेकर शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** आजादी के पर्व को देशभक्ति के रंग में रंगने के लिए इस वर्ष भी 'हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के निर्देश के आलोक में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अभियान के तहत सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली और प्रभात फ़ेरी निकाली जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों के बीच तिरंगा राखी एवं तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। सभी से तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे हर घर तिरंगा अभियान की वेबसाइट पर अपलोड करने को भी कहा गया है। शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद विद्यालयों में अभियान को लेकर तैयारियां शुरू होने की उम्मीद है। तिरंगा यात्रा, रैली और प्रभात फ़ेरी के जरिए आजादी के उत्सव को जनभागीदारी से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

# सम्मान : विजेता टीमों और स्वर्ण पदक विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** सहजानंद ब्रह्मर्षि (एसबी) कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में अंतर महाविद्यालय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी ने की। इस अवसर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और महिला कबड्डी की विजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीन खिलाड़ियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी ने कहा कि एसबी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। कॉलेज विद्यार्थियों को खेल सहित अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में महाविद्यालय के शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (पीटीआई) अनिल कुमार राय को खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षकों के समर्पण और खिलाड़ियों की मेहनत के कारण ही एसबी कॉलेज लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार राम ने किया। इस मौके पर डॉ. राधिका रमण सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार गिरी, डॉ. बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ. आदित्य कुमार आनंद, डॉ. धनंजय प्रसाद राय, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, डॉ. राकेश कुमार, रमेश कुमार राय, सुमिर शर्मा, अमित मिश्रा सहित

# डीएम ने सुलतानगंज अस्पताल का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने आज सुलतानगंज रेफ़रल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, दवा उपलब्धता, आपातकालीन सेवाओं तथा कांवड़ियों के लिए की गई विशेष स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। श्रीमति पांडेय ने अस्पताल में उपचाररत एवं स्वास्थ्य परामर्श के लिए आए कई कांवरियों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कांवरियों से फीडबैक लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी श्रद्धालु को उपचार या अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने रेफ़रल अस्पताल परिसर में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, ऑक्सीजन, आवश्यक दवाओं तथा अन्य जीवनरक्षक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रावणी मेला की अवधि में सभी स्वास्थ्यकर्मी पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा प्रत्येक मरीज को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। श्रीमति पांडेय ने विशेष रूप से इमीडिएट रिस्पॉन्स टीम को पूरी तरह सक्रिय एवं सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में बिना विलंब त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। एंबुलेंस, चिकित्सकीय उपकरणों तथा आवश्यक मानव संसाधन को हर समय तैयार रखने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक कांवड़िया एवं श्रद्धालु को बेहतर, त्वरित एवं मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीएम विकास कुमार, वरीय उपसमाहर्ता अंकिता चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर दिए गए निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम सुविधाएं मुहैय्या कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे ने आज मेला क्षेत्र का का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य स्थल नमामि गंगा घाट, जहाज घाट, सीढ़ी घाट सहित वहां के जीविका दीदी रसोई का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रीमति पांडेय ने घाटों पर श्रद्धालुओं के आवागमन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। अपर समाहर्ता दिनेश राम, सीनियर डिप्टी मेयर अंकिता चौधरी एवं अन्य अधिकारियों की टीम के साथ चल रही जिलाधिकारी ने जीविका दीदी के रसोईघर के निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं संचालन व्यवस्था की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि भोजन वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री उपलब्ध रहे। घाटों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि घाटों पर तैनात सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि साफ-सफाई की व्यवस्था लगातार बनी रहे, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। श्रीमति पांडेय ने कहा कि श्रावणी मेला के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करे।


बिहार सरकार

कार्यालयः—नगर पंचायत कोचस (रोहतास)

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

अल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सुचना

(ई—टेंडरिंग द्वारा www.eproc-2.bihar.gov.in)

निविदा संख्या – 05/2026-27

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Designation and Address of the Advertiser | EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT KOCHAS |
| 02 | Date of Issue of Notice Inviting Tender | 31.07.2026 |
| 03 | Starting and end Date & Time for Download of Tender Document and Uploading Tender Documents by Bidder | 12.08.2026 to 18.08.2026 www.eproc-2.bihar.gov.in |
| 04 | Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting | 13.08.2026 Time 02:00 PM to 03:00 PM ] Meeting Hall, Nagar Panchayat, Kochas |
| 05 | Last Date, Time and Place for Submission of Original Instrument of EMD, Cost of B.O.Q and Other Documents | On 19.08.2026 till 3:00 PM at office of EXECUTIVE - OFFICER, NAGAR PANCHAYAT KOCHAS |
| 06 | Date, Time & Place of Opening of Technical Bid & Financial Bid | On 20.08.2026 at 12:00 PM ] Financial Bid opening decision will be taken after completion of Technical Bidding Process at NAGAR PANCHAYAT KOCHAS OFFICE |
| 07 | Details of Work : | |

| Sl. No. | Type of Work | Name of Work | Bid Security | Cost of B.O.Q (in Rs.) | Bid Processing Fee (non Refundable to be paid to Beltron by Net Banking (in Rs.) | Period of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Processing and composting of Wet waste Disposal at Laid down place by ULB | Disposal and Processing of Wet Waste in three (3) Compost Pit Sites | 100000 | 5000 | As Per Eproc 2.0 | 11 Month |

निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत कोचस

PR. No. 009553 (B&C ) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ,
खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।

# साइबर सुरक्षा को दें जनांदोलन का स्वरूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ साइबर अपराध एवं डिजिटल अरेस्ट से संबंधित मामलों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, शिकायतों के त्वरित निष्पादन, साइबर ठगी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा आम नागरिकों के बीच व्यापक जागरूकता फैलाने पर विशेष बल दिया गया। औरंगाबाद जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा बैठक में सम्मिलित थे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता को जनांदोलन का स्वरूप दिया जाए। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, सरकारी कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ऑनलाइन निवेश, केवाईसी अपडेट, ओटीपी एवं बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि बिहार साइबर अपराध नियंत्रण एवं शिकायतों के निष्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य में ई-जीरो एफआईआर की सुविधा उपलब्ध है जिसके माध्यम से साइबर अपराध की शिकायतों पर त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। शिकायत निवारण तंत्र (जीआरएम) के अंतर्गत राज्य में 70 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन किया जा रहा है। वहीं सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध अवैध कंटेंट को हटाने की कार्रवाई में भी बिहार का प्रदर्शन उल्लेखनीय है। बैठक में समन्वय पोर्टल पर जिलावार प्रगति की भी समीक्षा की गई। औरंगाबाद जिले में साइबर अपराध के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक 68 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है जिनमें से 48 अभियुक्तों का विवरण समन्वय पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। शेष मामलों में भी आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि साइबर अपराधों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए साइबर पुलिस, जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करें। बैठक में प्रत्येक जिले में नियमित रूप से 'साइबर मंगलवार' आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

# हत्यारोपित को उम्रकैद, 25 हजार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के सप्तम जिला जज संतोष कुमार झा की अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी अभियुक्त नवीनगर निवासी अनमोल कुमार गुप्ता उर्फ लड्डू गुप्ता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास के साथ 25 हजार रुपये जुर्माना तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीन वर्ष की सजा और सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। एपीपी राधेश्याम सिंह ने बताया कि मामला नवीनगर थाना कांड संख्या 27/23, एसटीआर 27/25 एवं 48/26 से संबंधित है। सजा की बिंदु पर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह फैसला सुनाया। अभियुक्त 9 सितंबर 2024 से जेल में बंद है। हाईकोर्ट से भी उसे जमानत नहीं मिली थी। अभियोजन की ओर से मामले में कुल सात लोगों की गवाही कराई गई। मृतक की पत्नी पूजा देवी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार 16 जनवरी 2023 की रात करीब 8:30 बजे मंगलबाजार, नवीनगर स्थित अपने दरवाजे पर पूजा देवी खड़ी थीं। उनके पति सज्जन कुमार चौकी पर बैठकर खैनी बेच रहे थे। इसी दौरान उनका सौतेला भैंसुर अनमोल कुमार गुप्ता एक झोला लेकर वहां पहुंचा। आरोप के अनुसार ससुर के श्राद्ध में हुए खर्च और संपत्ति को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान अनमोल कुमार गुप्ता ने झोले से पिस्तौल निकालकर सज्जन कुमार पर तीन गोलियां चला दीं। गोली चलने के बाद बाजार में दहशत और अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल सज्जन कुमार बचने के लिए घर के अंदर भागे लेकिन सीढ़ी पर बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों और आसपास के लोगों की मदद से उन्हें रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में न्यायालय ने 31 जुलाई 2026 को अभियुक्त को दोषी करार दिया था। इसके बाद सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# लोगों की समस्याओं का समाधान करना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के तहत जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनी। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 22 आगंतुकों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, मारपीट, धोखाधड़ी, लंबित कांड, थाना स्तर पर कार्रवाई में देरी सहित कई तरह की शिकायतें सामने आयी। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बातों को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से थानों का चक्कर न लगाना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को सरल बनाना है ताकि वे अपनी शिकायतें सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचा सकें। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत होता है।

# मेधा प्रतियोगिता आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम : बेहेरा

## ज्ञान और प्रतिभा के उत्सव का साक्षी बना नबीनगर एनटीपीसी, क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





औरंगाबाद। जिले के बारून प्रखंड अंतर्गत अदिति नगर में स्थापित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट द्वारा मेधा प्रतियोगिता (पूर्वी क्षेत्र-1) के क्षेत्रीय स्तर का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र-1 के विभिन्न परियोजनाओं से चयनित उत्कृष्ट टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों में ज्ञान, तार्किक क्षमता, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी-1) एल. के. बेहेरा, बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. जे. राजकुमार तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन)-पूर्वी-1 मुख्यालय विल्सन अब्राहम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने सम्बोधन में एल. के. बेहेरा ने कहा कि मेधा प्रतियोगिता न केवल ज्ञान और कौशल का मंच है बल्कि विभिन्न परियोजनाओं के बीच सहयोग, संवाद और आपसी समन्वय को भी सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रोचक चरणों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से आयोजित बजर राउंड एवं पावर प्ले राउंड ने प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता के परिणामों में सीनियर किड्स वर्ग में टीम एन.एस.पी.सी.एल विजेता रही जबकि कर्मचारी वर्ग में टीम बाढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर किड्स वर्ग में भी टीम बाढ़ ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं मिडिल किड्स वर्ग में टीम कहलगांव ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओ एंड एम) अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा तथा महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं ए.डी.एम) मनोरंजन पाणिग्रही, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप कमांडेंट रफाकत खान सहित स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। एनटीपीसी नबीनगर प्रतिभा संवर्धन, ज्ञान के आदान-प्रदान तथा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों का संचालन करता रहा है।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 52 लोग गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 40 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा 40 लीटर देसी शराब, 378.18 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक कार जब्त किया गया है।

# निर्धारित समय सीमा के भीतर हो मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान -जीवन आसान पहल के तहत कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कियाइस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# जदयू की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अतिथि गृह में सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन को मजबूत बनाने और कार्यक्रमों की तैयारियों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आगामी 15 अगस्त के झंडोत्तोलन कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने की अपील की। बैठक में सदर अध्यक्ष निरंजन, औरंगाबाद नगर अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी, मदनपुर अध्यक्ष लव कुमार सिंह, रफीगंज अध्यक्ष मधुकर लाल मेहता, गोह अध्यक्ष विनय पटेल, हसपुरा अध्यक्ष अरुण पटेल, दाउदनगर अध्यक्ष दीपक पटेल, ओबरा अध्यक्ष अरविंद राम, बारून अध्यक्ष मुकेश पटेल, नवीनगर अध्यक्ष अरविंद सिंह, कुटुंबा अध्यक्ष इंदु देवी, देव अध्यक्ष ब्रजेश सिंह सहित जिला प्रवक्ता रवि सिंह राजपूत, नागेंद्र सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। नगर परिषद क्षेत्र में सफाईकर्मियों की हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रही जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित है। शुक्रवार की सुबह बड़ी संख्या में सफाईकर्मी सड़कों पर उतर आए और नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सफाईकर्मियों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और मुख्य पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मियों का कहना है कि वे लंबे समय से कम मजदूरी और अस्थायी नौकरी की समस्या झेल रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। सफाईकर्मियों ने बताया कि फिलहाल उन्हें प्रतिदिन 428 रुपये मजदूरी मिलती है, जो महंगाई के इस दौर में बेहद कम है। उनका कहना है कि इस राशि में परिवार चलाना तो दूर, खुद का गुजारा करना भी मुश्किल हो गया है। कर्मियों ने मांग रखी है कि उनका मासिक वेतन 20 से 25 हजार रुपये तय किया जाए और सभी सफाईकर्मियों की नौकरी स्थायी की जाए। उनका कहना है कि जब तक इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाएगा तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। लगातार तीसरे दिन सफाई कार्य ठप रहने से शहर के कई मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर कचरे का ढेर लग गया है। जगह-जगह फैली गंदगी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं। गंदगी बढ़ने से बीमारी फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। गौरतलब है कि बुधवार सुबह से नगर परिषद के एनजीओ के तहत काम करने वाले 300 से अधिक सफाईकर्मी अनिश्चित-कालीन हड़ताल पर हैं। अब तक प्रशासन और कर्मियों के बीच कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। औरंगाबाद शहर में रोजाना करीब 25 से 30 टन कचरा निकलता है जिसकी सफाई पूरी तरह इन कर्मियों पर निर्भर रहती है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर शहर की व्यवस्था और बिगड़ने की आशंका है। प्रदर्शन में मिथुन कुमार, संजय कुमार, सुरेश कुमार, विनय डोम, उमेश कुमार और सागर कुमार समेत बड़ी संख्या में सफाईकर्मी शामिल रहे।

# दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया जाएगा सहायक उपकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार शुक्रवार को उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए समिति द्वारा कुल 29 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत आवेदनों में 09 व्हीलचेयर, 09 वैशाखी, 08 ट्राईसाइकिल, 02 श्रवण यंत्र तथा 01 फोल्डेबल वॉकर शामिल हैं। सभी स्वीकृत सहायक उपकरण निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके।बैठक के दौरान दिव्यांगजनों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग प्रियंका कुमारी, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मानवता की सर्वोच्च सेवा है रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, औरंगाबाद के तत्वावधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जिलाधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी मरीज को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने भी रक्तदाताओं के इस मानवीय एवं प्रेरणादायी योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके समाजहित में किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे निस्वार्थ कार्य समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं अन्य स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम में शामिल होकर रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ओबरा विधायक प्रकाश चन्द्रा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शादीशुदा महिला को भगाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। शादीशुदा महिला को भगा ले जाने के आरोप में कासमा थाना की पुलिस द्वारा एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के चांद बिगहा निवासी ललन कुमार के रूप में की गई है। आरोप है कि अभियुक्त 21 जुलाई को विश्वास में लेकर महिला को भगा ले गया था। महिला कासमा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली हैं। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान पता चला कि विश्वास में लेकर महिला को आरोपी लखनऊ भगा ले गया है। इसके बाद महिला का पति अपनी पत्नी की सकुशल वापसी को लेकर आरोपी से आग्रह किया लेकिन उसने एक नहीं सुना। तत्पश्चात 28 जुलाई को आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसमें पुलिस ने कांड की गंभीरता पर महिला को लखनऊ से शुक्रवार को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि महिला और आरोपी दोनों शादीशुदा है। महिला को सकुशल बरामद कर मेडिकल के लिए भेजा गया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

# समय पर प्राथमिक सहायता से बचाई जा सकती है लोगों की जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने तथा युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राम लखन सिंह यादव कॉलेज में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च की ओर से सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक ने आईडीटीआर के यूनिट हेड जगन्नाथ यादव, एडमिन बिपिन करण, प्रशिक्षक विशाल पांडेय, अंकित भारद्वाज एवं अनिल को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान आईडीटीआर की टीम ने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व तथा दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित तरीके से सहायता प्रदान करने की जानकारी दी। टीम अपने साथ मानव डमी लेकर आई थी जिसके माध्यम से प्राथमिक उपचार, घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से संभालने, हेल्प सिग्नल देने तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी कर इन तकनीकों का अभ्यास किया। यूनिट हेड जगन्नाथ यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन एवं दुर्घटना के समय समय पर दी गई सही प्राथमिक सहायता कई लोगों का जीवन बचा सकती है। वहीं प्रशिक्षक विशाल पांडेय ने विद्यार्थियों को डमी के माध्यम से प्राथमिक उपचार एवं दुर्घटना के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, जागरूकता एवं सेवा भावना का विकास करते हैं। बरसर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी है। इस अवसर पर नैक समन्वयक डॉ. तरुण माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नरेश कुमार सिंह ने भी सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने तथा दुर्घटना की स्थिति में मानवता के नाते सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, एनसीसी एवं एनएसएस स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

